www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 5 नवम्बर, 2025 | वर्ष-18 | अंक -211 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रुपए



मकर संक्रांति को महिलाओं के खाते में भेजे जाएंगे ... 02
■ दिल्ली की सभी विधानसभाओं में किया मास्क वितरित
■ वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एमसीडी ने तेज... 03
■ दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर
■ 22 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक उपायों से वंचित : संरा 07
डेब्यू से पहले ही बॉलीवुड की सुर्खियों में छाई ... 12

## सार संक्षेप

### गुरु नानक जयंती पर मुर्मु ने दीं शुभकामनाएं




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दीं। मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों, विशेष रूप से सिख भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की जयंती हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

### 2011 मुंबई बम विस्फोट के आरोपी को जमानत



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2011 के मुंबई ट्रिपल बम ब्लास्ट मामले के एक 65 वर्षीय आरोपी कफील अहमद मोहम्मद अयूब को जमानत दे दी। इन धमाकों में 27 लोगों की मौत हुई थी और 120 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और आरआर भोसले की खंडपीठ ने अयूब को एक लाख रुपए के मुचलके पर जमानत मंजूर की।

### पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन



**वॉशिंगटन डीसी।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। परिवार ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि डिक चेनी का निधन निमोनिया और दिल से जुड़ी बीमारी की वह से हुआ। चेनी 2001 से 2009 तक राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में पद पर रहे। उन्हें अमेरिका का सबसे ताकतवर उपराष्ट्रपति कहा जाता था।

### छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। यह पदभार ग्रहण करने के बाद उनका राज्य का पहला दौरा होगा। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन नवा रायपुर और राजनांदगांव में आयोजित कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित रजत महोत्सव समारोह भी शामिल है। केरल और तमिलनाडु के दौरे के बाद उपराष्ट्रपति मंगलवार की शाम को रायपुर पहुंचेंगे।

### मंदिर की मरम्मत के दौरान मिला खजाना

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवन्नामलई जिले में इतिहास से जुड़ी एक बड़ी खोज हुई है। सोमवार को जलादी पहाड़ियों के पास स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर में मरम्मत कार्य के दौरान मजदूरों को मिट्टी के बर्तन में छिपे 103 प्राचीन सोने के सिक्के मिले। यह मंदिर कोविलूर गांव में स्थित है और इसकी पहचान चोल वंश के काल से जुड़ी मानी जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सिक्कों की बरामदगी के बाद मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# बिहार में पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

■ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत ■ 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर कल होगा मतदान

**नई दिल्ली/पटना, 4 नवम्बर (एजेंसियां)।** बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। 6 नवम्बर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। बिहार के सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी डोर टू डोर चुनाव प्रचार करेंगे। 6 नवम्बर को होने वाले मतदान में 3.75 करोड़ मतदाता 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

**3.75 करोड़ मतदाता करेंगे 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला**



#### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर दर्ज

चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है। दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया कि यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। आरजेडी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ललन सिंह गरीबों को वोट डालने से रोक रहे हैं। इस पर ईसी ने ललन सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। हालांकि, जेडीयू ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि अनंत सिंह का वीडियो एडिटेड है। वहीं ललन सिंह के बयान पर जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव आयोग वही करेगा तो एनडीए सरकार चाहेगी।

### नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को बना दिया मजदूर : राहुल गांधी



**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद जिले के पकहा और कुटुम्बा मैदान में जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को देश का मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि, जिस धरती पर कभी नालंदा जैसी विश्वविख्यात यूनिवर्सिटी थी, वहां के युवा आज रोजगार के लिए भटक रहे हैं और दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने लोगों से पूछा, कैसे हैं आप लोग। मूड कैसा है आपका। नीतीशजी को हटाने का प्लान है आपका। काम जारी है आपका। चल रहा है। 20 साल से नीतीश सरकार चला रहे हैं। वो चला रहे हैं, लेकिन चल नहीं रही है।

### चुनाव आयोग ने छह विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग का समय एक घंटे घटाया



चुनाव आयोग ने पहले चरण के छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय एक घंटे कम कर दिया है। इनमें सिमरी-बख्तियारपुर के 410, महिषी के 361, तारापुर के 412, मुंगेर के 404, जमालपुर के 492, सूर्यगढ़ा के 56 मतदान केंद्र शामिल हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों के 2135 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही मतदान होगा। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पूर्व के घटनाओं, नदी, प्रखंड मुख्यालय से दूरी, संवेदनशीलता और स्थानीय प्रशासन के आग्रह के बाद समय घटाया गया है। जबकि, 115 विस क्षेत्रों के 43,206 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। पहले फेज में शामिल 18 जिलों के 121 विस क्षेत्रों में रहने वाले 3,75,13,302 मतदाताओं के लिए 45,341 बूथ बनाया गया है।

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव का ऐलान

# तीन चरण में होंगे चुनाव



■ दो दिसम्बर को मतदान व तीन दिसम्बर को नतीजे
■ पहले चरण में 246 नगर परिषद व 42 नगर पंचायतों के लिए होंगे चुनाव

**मुंबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव का ऐलान कर दिया। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2026 से पहले स्थानीय निकाय चुनाव कराने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में राज्य में 246 नगर परिषद और 42 नगर पंचायतों के लिए चुनाव होंगे। पहले चरण में राज्य की 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव होंगे। जिसकी प्रक्रिया लगभग 21 दिनों की होगी। 2 दिसम्बर को चुनाव होंगे और 3 दिसम्बर को नतीजे आएंगे। इसके बाद जिला परिषदों और पंचायत समितियों के चुनाव कराए जाएंगे। अंतिम चरण जनवरी में कराया जाएगा। इसमें बड़े शहरों के नगर निगम (जैसे मुंबई, पुणे, ठाणे आदि) के चुनाव होंगे। एसईसी के अनुसार, राज्य की कुल 246 नगर परिषदों में से 10 नवगठित हैं, जबकि अन्य सभी 236 नगर परिषदों का कार्यकाल खत्म हो चुका है। राज्य की कुल 147 में से 42 नगर पंचायतों का चुनाव हो रहा है। इन 42 नगर पंचायतों में से 15 नवगठित हैं।

### ईवीएम के माध्यम से होंगे चुनाव

चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने स्पष्ट किया है कि चुनाव ईवीएम के माध्यम से होंगे और 10 नवम्बर से 17 नवम्बर तक नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया चलेगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। जाति प्रमाण पत्र की वैधता 6 महीने के भीतर जमा करनी होगी। वाघमारे ने बताया कि 13 हजार मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मतदान ईवीएम द्वारा होगा।

# एसआईआर का दूसरा चरण शुरू

चार दिसम्बर तक चलेगा घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम

**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)।** देश के नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार बिहार के बाद देश में एसआईआर का यह दूसरा चरण है। इन राज्यों में 51 करोड़ मतदाताओं की गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सात फरवरी 2026 को अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक होगा। साथ ही मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन नौ दिसम्बर तक होगा। दावे और आपत्तियों का समय 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक। दस्तावेजों की जांच के लिए नोटिस, सुनवाई, सत्यापन: 9 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। बताया किया कि इनमें सबसे अधिक 15.44 करोड़ मतदाता अकेले उत्तर प्रदेश में हैं।



■ दावे व आपत्तियों का समय 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक

### एसआईआर के खिलाफ सड़कों पर उतरीं ममता बनर्जी



**कोलकाता।** एसआईआर के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर के विरोध में सड़कों पर उतकर कर मोर्चा खोला। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा बंगाली प्रवासियों को बांग्लादेशी बताकर बंगाल के खिलाफ झूठी खबरें फैला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एसआईआर के जरिए बंगाल के मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोटों के दम पर नहीं, बल्कि नोटों के दम पर चुनाव जीतना चाहती है।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रेन हादसा

# आमने-सामने की टक्कर में छह की मौत

**बिलासपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई। रेलवे प्रशासन ने तुरंत बचाव दल टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रेल मार्ग पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रेल मार्ग डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई। मौके पर यात्रियों की चीख पुकार मची हुई थी। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। रेलवे और जिला प्रशासन को मामले की सूचना दी गई, इसके बाद बचाव और राहत कार्य शुरू हुआ। हादसे का कारण अज्ञात है। रेलवे की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। यह हादसा बिलासपुर के पास कटनी रेल मार्ग पर हुआ है, जो की सबसे व्यस्तम मार्ग है। जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट होगा कि इस हादसे की असली वजह क्या है।



■ हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का किया ऐलान
■ ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने से रेल यातायात बाधित

### हादसे पर मुख्यमंत्री साय ने जताया दुख



ट्रेन हादसे पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के पास ट्रेन दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है।

# मेरी बेंच से बचना चाहती है केंद्र सरकार : सीजेआई गवई

ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट से जुड़े मामले पर लगाई फटकार



**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई, क्योंकि सरकार ने अचानक यह मांग कर दी कि ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट (जिसके तहत अलग-अलग ट्रिब्यूनलों के चेयरपर्सन और मेंबर्स की सेवा शर्तें तय की जाती हैं) से जुड़ी याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ को भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी सुनने के बाद, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि के अनुरोध पर सुनवाई कुछ दिन के लिए टाल दी गई थी क्योंकि उन्हें एक इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन में हिस्सा लेना था। लेकिन जब अगली सुनवाई से ठीक पहले केंद्र ने आधी रात को यह नई अर्जी दाखिल की, तो अदालत ने नाराजगी जताई। गवई ने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि केंद्र सरकार इस तरह की रणनीति अपनाएगी और अदालत के साथ ऐसा खेल खेलेगी। यह चौंकाने वाली बात है कि याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी होने के बाद सरकार अब 5 जजों की पीठ की मांग कर रही है।' उन्होंने कहा कि हम इस अर्जी को खारिज करते हैं।

### अगली सुनवाई 7 नवम्बर तक टली

शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल की दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई 7 नवम्बर तक टाल दी। सरकार की अर्जी में कहा गया था कि यह मामला संविधान की व्याख्या से जुड़े अहम सवाल उठाता है, इसलिए इसे संविधान पीठ को भेजा जाए। साथ ही केंद्र ने यह भी सवाल उठाया कि क्या सुप्रीम कोर्ट संसद को यह निर्देश दे सकता है कि वह कोई कानून किसी खास तरीके से बनाए, क्योंकि ऐसा करना संविधान के सेपरेशन ऑफ पावर यानी शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन हो सकता है।

भारत-इजरायल बैठक में बोले जयशंकर

# आतंक पर जीरो टॉलरेंस का दृष्टिकोण अपनाए विश्व

**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)।** भारत-इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद, नवाचार, कृषि और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी का असली अर्थ है-भरोसा, सहयोग और साझा मूल्यों पर आधारित रिश्ता।



■ जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से की मुलाकात

### गाजा शांति योजना पर भारत का समर्थन

जयशंकर ने गाजा क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत 'गाजा पीस प्लान' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि यह एक स्थायी शांति समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बंधकों की रिहाई और मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी का स्वागत भी किया।

# मंगोलिया में फंसे यात्रियों को लाने भेजी राहत उड़ान

**आज सुबह यात्रियों को लेकर दिल्ली लौटेगी उड़ान**

**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगोलिया के उलान-बटोर में फंसे अपने 228 यात्रियों को लाने के लिए, मंगलवार को एक राहत उड़ान रवाना की। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया कि राहत उड़ान बुधवार सुबह यात्रियों के लेकर दिल्ली लौटेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान एआई 174 को विमान में तकनीकी खराबी के कारण सतर्कता बरतते हुए सोमवार को स्थानीय समय के अनुसार, रात 7:59 बजे उलान-बटोर में उतारा गया था। विमान ने 2 नवम्बर को सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरी थी और उसके कोलकाता होते हुए दिल्ली आना था।

तैयारी | डीजीसीए के नए नियम देंगे यात्रियों को राहत

# हवाई टिकट में गलती पर नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। नागर विमानन महानिदेशालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए रिफंड और बुकिंग सुधार नियमों का मसौदा जारी किया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद टिकट रद्द कराने या बदलाव करने की प्रक्रिया पहले से आसान होगी। साथ ही यात्रियों को तय समय के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के रिफंड भी मिलेगा।**

डीजीसीए का यह कदम हवाई यात्रा को और पारदर्शी व उपभोक्ता-हितैषी बनाने की दिशा में एक अहम बदलाव माना जा रहा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नए रिफंड व टिकट सुधार नियमों के मसौदे पर हितधारकों से 30 नवम्बर तक सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। प्रस्तावित नियमों का मकसद यात्रियों को टिकट बुकिंग, रद्दीकरण और रिफंड से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से राहत दिलाना है। इस महीने के अंत तक इस पर अंतिम फैसला आने की संभावना है। अगर यह नियम लागू हो गया तो हवाई यात्रियों के लिए यह एक बड़ा तोहफा साबित होगा। नए नियमों के लागू होने के बाद एयरलाइन कंपनियों को भी यात्रियों के प्रति अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बढ़ना होगा। डीजीसीए के नए नियमों के अनुसार, यदि टिकट एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया है, तो यात्री बुकिंग के 24 घंटे के भीतर अपने नाम में हुई गलती बिना किसी शुल्क के सुधार सकते हैं।



**48 घंटे में सुधार व 21 दिनों में रिफंड की गारंटी**

### बुकिंग के बाद मिलेगी सुधार की सुविधा

डीजीसीए के नए ड्राफ्ट के मुताबिक, यात्रियों को अब 48 घंटे का लुक-इन ऑप्शन मिलेगा। यानी फ्लाइट टिकट बुक करने के बाद यदि किसी जानकारी में गलती रह जाए, तो यात्री 48 घंटे के भीतर बिना किसी शुल्क के टिकट कैंसिल या सुधार कर सकेंगे। हालांकि यह सुविधा तभी लागू होगी जब उड़ान की तारीख घरेलू फ्लाइट के लिए कम से कम 5 दिन बाद और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के लिए 15 दिन बाद की हो। इससे यात्रियों को छोटी गलतियों के कारण होने वाले अतिरिक्त खर्च या पेनाल्टी से राहत मिलेगी।

# देश

**उवाच**

'लालू-राबड़ी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जो नेता अपने बेटा-बेटी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वे युवा, गरीबों, किसानों और जीविका दीदी की चिंता नहीं कर सकते हैं: **अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 24.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 26.0 |

### चुनाव से पहले तेजस्वी यादव ने किया वादा, बोले

# मकर संक्रांति को महिलाओं के खाते में भेजे जाएंगे 30,000 रुपए

**पटना,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में पहले चरण के मतदान से ठीक पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की मांग के आधार पर बहुत जल्द उनकी सरकार बनने जा रही है। सरकार बनने के बाद 'मां-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं के खाते में मकर संक्रांति के दिन एक ही बार में 30,000 रुपए भेजे जाएंगे। तेजस्वी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह राशि केवल एक साल के लिए नहीं, बल्कि पांच साल तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार पूरी अवधि तक चलती है तो हर महिला को 5 साल में कुल 1.5 लाख रुपए का लाभ मिलेगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार का गठन होगा, वह मकर संक्रांति के दिन महिलाओं के अकाउंट में सीधा आर्थिक लाभ देने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पर्व दही-चूड़ा और तिल से जुड़ी परंपरा का प्रतीक है और इसी शुभ अवसर पर आर्थिक मदद भी महिलाओं तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'हम आपको बताना चाहते हैं कि हमारी सरकार हमारी माताओं-बहनों की मांग पर बनने जा रही है। मकर संक्रांति के दिन, मां-बहिन मान योजना के तहत पूरे एक साल की 30,000 रुपए की राशि एक साथ महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी। महंगाई के इस समय में यह मदद उनके लिए बहुत बड़ी राहत होगी।'

उन्होंने कहा, 'पूरे एक साल में 30 हजार रुपए होते हैं। पांच साल में यह 1.5 लाख रुपए बनता है। हर महीने 2,500 रुपए का लाभ महिलाओं को मिलेगा।' राजद नेता ने पुराने वादों को याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने पहले भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम उठाने का वादा किया था। जीविका दीदियों को स्थायी करने और उन्हें 30,000 रुपए का मानदेय देने की बात पहले ही कही जा चुकी है। महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से ठीक पहले तेजस्वी यादव की इस घोषणा को महागठबंधन का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। अब देखना होगा कि एनडीए इससे कैसे निपटता है।



सरकार बनने के बाद 'मां-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं के खाते में मकर संक्रांति के दिन एक ही बार में 30,000 रुपए भेजे जाएंगे। यह राशि केवल एक साल के लिए नहीं, बल्कि पांच साल तक जारी रहेगी : **तेजस्वी यादव**

## एनडीए के लोग विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं : मुकेश सहनी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच महागठबंधन की ओर से डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी ने एनडीए के 'कट्टा' वाले बयान पर पलटवार किया है। पटना में मुकेश सहनी ने कहा कि सीएम और डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार के लिए महागठबंधन की बैठक में क्या हुआ, वे एनडीए के नेताओं को कैसे पता है। क्या, बंद कमरे में खुफिया कैमरा लगाया हुआ था। एनडीए के लोग विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं, कट्टा जैसा बयान शोभा नहीं देता है। निषाद समुदाय का मछली पकड़ना, पुश्तैनी काम मुकेश सहनी ने राहुल गांधी के मछली पकड़ने पर एनडीए नेताओं के बयानों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जब बिहार में डेढ़ करोड़ की आबादी वाला निषाद समुदाय हो और उसके पारंपरिक व्यवसाय को नीची नजर से देखा जा रहा हो, तो क्या यह चौंकाने वाली बात नहीं है? उन्होंने कहा कि भाजपा निषाद समुदाय को इस नजरिए से देखती है कि मछली पकड़ना, जो उनका पुश्तैनी काम है, उसे गलत माना जा रहा है। मछली पकड़ने और अपनी आजीविका कमाने के लिए तालाबों में उतरने पर भी उनकी आलोचना की जा रही है। राहुल को सभी वर्गों के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना पसंद उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का दृष्टिकोण बिल्कुल अलग है। वह सभी जातियों, धर्मों और समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहते हैं। यह उनकी समावेशी मानसिकता को दर्शाता है। मुकेश सहनी ने कहा कि एनडीए एक समाज के पुश्तैनी काम को इस तरह देख रहा है मानो वह अपराध हो। बताते चलें कि बेगूसराय में राहुल गांधी ने मुकेश सहनी के साथ तालाब में मछली पकड़ी थी, जिस पर बिहार की राजनीति तेज हो गई।



सीएम और डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार के लिए महागठबंधन की बैठक में क्या हुआ, वे एनडीए के नेताओं को कैसे पता है। क्या, बंद कमरे में खुफिया कैमरा लगाया हुआ था: **मुकेश सहनी**

# भारत-श्रीलंका के बीच जुड़ाव नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा : बिरला

### बिरला ने श्रीलंका के विपक्ष के नेता सजिथ प्रेमदासा का भारतीय संसद में किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जन-जन के स्तर पर जुड़ाव दोनों देशों की साझी विरासत को नई ऊंचाइयां प्रदान करता है।

श्री बिरला ने श्रीलंका के विपक्ष के नेता सजिथ प्रेमदासा का भारतीय संसद में स्वागत किया और इसे दोनों लोकतांत्रिक देशों के गहरे और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जन-जन के स्तर पर जुड़ाव दोनों देशों की साझी विरासत को नई ऊंचाइयां प्रदान करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की ' नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'सागर विजन' में श्रीलंका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है जो क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को सशक्त करती है। दोनों देशों के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्य और बहुदलीय प्रणाली लोकतांत्रिक संवाद की सशक्त आधारशिला है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूहों के गठन से दोनों संसदों के बीच रचनात्मक सहयोग और बढ़ेगा। भारत, श्रीलंका की प्रगति और आर्थिक स्थिरता का एक विश्वसनीय साझेदार है और ऊर्जा, नवाचार, संपर्क एवं फिनटेक जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने श्री प्रेमदासा के भारत दौरे को द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने वाला अवसर बताया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।



भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूहों के गठन से दोनों संसदों के बीच रचनात्मक सहयोग और बढ़ेगा। भारत, श्रीलंका की प्रगति और आर्थिक स्थिरता का एक विश्वसनीय साझेदार है : **ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

## बिरला ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर बधाई दी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा ' सिख धर्म के संस्थापक, प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं कोटि-कोटि नमन। गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सत्य के आदर्शों से विश्व को आलोकित किया। उन्होंने कहा 'उनके उपदेशों ने समाज में करुणा, सेवा और सह-अस्तित्व का भाव जागृत किया तथा धर्म को मानव कल्याण का माध्यम बनाया। उन्होंने जाति, पंथ और भेदभाव से परे रहकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का सन्देश दिया और कर्मयोग व सत्कर्म को जीवन का सार बताया। गुरु साहिब की पावन शिक्षाएं युगों-युगों तक हमें सत्य, प्रेम और निस्वार्थ सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती रहें यही प्रार्थना है।'

## सार संक्षेप

### कांग्रेस का 'मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि झारखंड में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर कुछ लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती है। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी नागरिक अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, 'मतदान का अधिकार हर भारतीय नागरिक का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है, जिसे कोई भी संस्था या एजेंसी छीन नहीं सकती।' कांग्रेस को सूचित किया गया है कि कुछ मतदाता सूची से गलत नाम काटे जा रहे हैं, जिसका कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव आयोग किसी राजनीतिक दल की एजेंसी की तरह काम करता है, तो वह सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेगी।

### 421 महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति पर हाईकोर्ट से रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के बाल कल्याण विभाग में महिला सुपरवाइजर के 421 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक बरकरार रखी है। नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने दलीलें पेश कीं। प्रार्थियों की ओर से यह तर्क दिया गया कि जेएसएससी की ओर से सुपरवाइजर के पदों पर नियुक्ति के जारी विज्ञापन में केवल महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो संविधान के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि किसी वर्ग को शत-प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

### महिला पर्यटक उत्पीड़न मामला, आरोपी टैक्सी चालकों का लाइसेंस होगा रद्द

**तिरुवनंतपुरम।** मुन्नार घुमने आई मुंबई की असिस्टेंट प्रोफेसर को परेशान करने वाले तीनों टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ केरल सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपियों के लाइसेंस को रद्द किया जा रहा है। पीड़ित महिला जान्हवी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें मुन्नार में जैसा उनके साथ व्यवहार किया गया इसका पूरा ब्योरा था। इस पोस्ट को देख लोगों ने केरल सरकार और टूरिस्ट सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को हिरासत में लिया। अब परिवहन मंत्री केबी गणेश ने तत्काल प्रभाव से लाइसेंस रद्द करने की घोषणा की है।

## मणिपुर: ऑपरेशन 'खानपी' में चार उग्रवादी ढेर, सेना का अभियान जारी

**इंफाल,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार को अचानक से दहशत फैल गई, जब खुफिया सूचना पर आधारित एक अभियान के दौरान उग्रवादियों ने भारतीय सेना और असम राइफल्स की टुकड़ी पर गोलीबारी शुरू कर दी। यह घटना खानपी गांव के पास जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में हेंगलेप उपमंडल के जंगली इलाके में हुई। बिना किसी उकसावे के की गई इस फायरिंग के जवाब में सुरक्षा बलों ने कड़ी कार्रवाई की, जिसमें यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार सशस्त्र कार्यकर्ता मारे गए। अभियान अभी भी जारी है और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब छह बजे शुरू हुई। सुरक्षा बल खानपी के जंगलों में यूकेएनए के संदिग्ध ठिकानों की घेराबंदी कर रहे थे। अचानक से उग्रवादियों ने छिपकर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में चार उग्रवादी ढेर हो गए।



**उकसावे के लिए की गई फायरिंग के जवाब में सुरक्षा बलों ने की कड़ी कार्रवाई**

रक्षा सूत्रों के मुताबिक, ये यूकेएनए के सक्रिय सदस्य थे, जो एक गैर-एसओओ (सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस) विद्रोही समूह से जुड़े हैं। इस समूह के कार्यकर्ता दक्षिणी मणिपुर के पहाड़ी जिलों में सक्रिय रहते हैं। गोलीबारी के बाद घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। यह ऑपरेशन यूकेएनए के हालिया अत्याचारों के जवाब में चलाया गया था। समूह के कार्यकर्ताओं ने चुराचांदपुर में एक ग्राम प्रधान की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसके अलावा, उन्होंने स्थानीय लोगों को बार-बार धमकाया और इलाके में शांति व स्थिरता को बाधित करने की कोशिश की।

# अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक : कांग्रेस

- भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए साबित हो सकता है बड़ा झटका
- विधेयक भारत के आईटी सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं व ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर डाल सकता है प्रभाव

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतरराष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिंग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ़ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नयी परिभाषा के रूप में पेश किया गया है। श्री रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फ़िलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जतायी जा रही है, जो पिछले 25 वर्षों से हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ रहा है। विधेयक पर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि यह कदम अमेरिका में बढ़ती उस सोच को दर्शाता है, जिसके अनुसार ब्लू-कॉलर नौकरियां चीन को 'खो' दी गयीं और अब व्हाइट-कॉलर नौकरियां भारत को नहीं सौंपनी चाहिए।



विधेयक में सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है: **जयराम रमेश, संचार विभाग प्रभारी कांग्रेस**

## शिक्षा आत्मनिर्भर बनने के साथ विनम्र रहना व देश के विकास में योगदान देना सिखाती है : द्रौपदी मुर्मु

**नैनीताल,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड के नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव है। इसलिए, शिक्षा को न केवल छात्रों की बुद्धि और कौशल का विकास करना चाहिए, बल्कि उनके नैतिक शक्ति और चरित्र को भी मजबूत करना चाहिए।

**राष्ट्रपति ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को किया सम्बोधित**

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि शिक्षा न केवल हमें आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि विनम्र रहना और समाज व देश के विकास में योगदान देना भी सिखाती है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करें। उन्होंने कहा कि यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें खुशी और संतोष देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सरकार निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कई नीतिगत पहल कर रही है। ये पहलें युवाओं के लिए अनगिनत अवसर पैदा कर रही हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों को युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि वे इन अवसरों का लाभ उठा सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के सही उपयोग के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय इसी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि हिमालय अपने जीवनदायिनी संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन की ज़िम्मेदारी सभी की है।





शिक्षा न केवल हमें आत्मनिर्भर बनाती है, छात्र अपनी शिक्षा वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करें। यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें खुशी और संतोष देगा : **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## 50 करोड़ रुपए के लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण फंड का नया ढांचा तैयार : स्टालिन

### तमिलनाडु लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण कोष (टीएनईएससीएफ) के प्रबंधन का होगा पुनर्गठन

**चेन्नई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु सरकार ने एक प्रमुख संरक्षण पहल के तहत तमिलनाडु लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण कोष (टीएनईएससीएफ) के प्रबंधन का पुनर्गठन किया है। यह कोष 50 करोड़ रुपए का है जिसका उद्देश्य राज्य भर में लुप्तप्राय प्रजातियों और उनके आवासों की रक्षा और पुनर्स्थापन करना है। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहू द्वारा जारी एक सरकारी आदेश के अनुसार, इस कोष का प्रशासन राज्य वन विकास एजेंसी (एसएफडीए) से उन्नत वन्यजीव संरक्षण संस्थान (एआईडब्ल्यूसी), वंडलूर को स्थानांतरित कर दिया गया है।



इस कदम का उद्देश्य कार्यक्रम में अधिक वैज्ञानिक दृढ़ता और संस्थागत फोकस लाना है। सरकार ने कोष के संचालन की देखरेख के लिए दो समितियों (एक शासी और एक कार्यकारी) का गठन किया है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली शासी समिति कोष की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करने के लिए हर चार महीने में एक बार बैठक करेगी। इसमें वित्त, उद्योग और पर्यावरण जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसमें रोहिणी नीलेकणी, मल्लिका श्रीनिवासन, जेके पैटरसन एडवर्ड, एस. बालचंद्रन और के. जयकुमार सहित संरक्षणवादी और परोपकारी लोग भी शामिल होंगे।

### कोयंबटूर दुष्कर्म मामला: सीएम स्टालिन का सख्त निर्देश, एक महीने के अंदर चार्जशीट दाखिल करे पुलिस

**चेन्नई।** कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास एक स्नातकोत्तर कॉलेज छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को पुलिस को एक महीने के अंदर चार्जशीट दाखिल करने और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का निर्देश दिया। सीएम स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कोयंबटूर में उस जवान लड़की के साथ जो हुआ, वह बहुत ही अमानवीय है; ऐसे बेरहम अपराधों की निंदा करने के लिए कोई भी कड़े शब्द काफी नहीं हैं।


### बिहार चुनाव | मतदाता जागरूकता बढ़ाने की अनूठी पहल

# जिला प्रशासन और रैपिडो की 'वोटनाव' पहल से मतदाताओं को मिलेगी मुफ्त राइड

**पटना, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के अग्रणी राइड- शेयरिंग प्लेटफ़ॉर्म रैपिडो ने पटना जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक अनूठी पहल की घोषणा की है। इस पहल के तहत पटना के नागरिक 6 नवंबर को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए 'वोटनाव' कूपन कोड का उपयोग कर 50 रुपए तक की मुफ्त बाइक टैक्सी राइड का लाभ उठा सकेंगे।**

रैपिडो के सह- संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने इस पहल के बारे में कहा कि, 'हमारे देश के भविष्य को तय करने में हर वोट की अहम भूमिका होती है। मतदान में भाग लेना केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। रैपिडो में हम मानते हैं कि गतिशीलता लोकतांत्रिक भागीदारी को सशक्त बना सकती है, जिससे लोगों के लिये मतदान केंद्रों तक पहुंचना आसान हो सके। हमें उम्मीद है कि यह पहल अधिक नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करेगी और भारत के लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी।'

कंपनी के अनुसार, मतदान दिवस के दौरान राजधानी पटना में 1200 से अधिक कैप्टन (राइडर्स) हर समय ऐप पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे मतदाताओं को निर्बाध सेवा मिल सके। रैपिडो वर्तमान में बिहार सहित देश के 400 से अधिक शहरों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिये प्रौद्योगिकी आधारित गतिशीलता समाधानों पर काम कर रहा है। पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने रैपिडो की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि, 'बिहार विधानसभा चुनाव को सहभागितापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रैपिडो की ओर से मतदाताओं को फ्री बाइक टैक्सी राइड की सुविधा मतदान प्रतिशत में वृद्धि में सहायक सिद्ध होगी।



- मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए 50 रुपए तक की मुफ्त बाइक टैक्सी राइड का लाभ उठा सकेंगे
- यह सुविधा केवल मतदान दिवस पर राजधानी पटना में रैपिडो बाइक टैक्सी पर मान्य होगी

## कैमूर जिले की तीन सीटों पर पूर्व सांसद के पुत्र चुनावी समर में उतरे

**पटना।** बिहार में 11 नवंबर को दूसरे चरण के 122 सीटों पर होने वाले चुनाव में कैमूर जिले की तीन सीटों रामगढ़, मोहनिया (सुरक्षित) और चैनपुर से पूर्व सांसदों के पुत्र सियासी अखाड़े में अपने प्रतिद्वंदियों से लोहा लेते नजर आयेंगे। कैमूर जिले में चार सीटें रामगढ़, मोहनिया (सुरक्षित), चैनपुर और भभुआ है। इनमें रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) , मोहनिया (सुरक्षित) और भभुआ में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और चैनपुर में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) का कब्जा है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अशोक सिंह चुनावी समर में उतरे हैं। राजद ने यहां पूर्व सांसद जगतानंद के पुत्र और बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के भाई अजीत सिंह को चुनावी दंगल में उतारा है। वर्ष 2020 के चुनाव में रामगढ़ सीट पर हुये चुनाव में राजद के सुधाकर सिंह ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार अंबिका सिंह को पराजित किया था। भाजपा प्रत्याशी अशोक सिंह तीसरे नंबर पर रहे थे।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे अब भी ऑखों के आगे काले धब्बे दिखाई दे रहे है।

डॉक्टर : क्यों ? कल तुम्हें एक चश्मा दिया था। उससे कोई फर्क नहीं पड़ा क्या ?...

मरीज : डॉक्टर साहब, फर्क तो पड़ा है। अब धब्बा और साफ दिखाई देने लगे है।

### दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने प्रदूषण के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

# दिल्ली की सभी विधानसभाओं में किया मास्क वितरित

**कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का आरोप**



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी दिल्ली में हवा में जहर घुलने के कारण खतरनाक दमघोटू प्रदूषण से लोगों को बचाने के लिए आई.टी.ओ. चौक पर मास्क वितरण करके भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार को बढ़ते प्रदूषण के प्रति जगाने का अभियान चलाया। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में मास्क वितरण अभियान चलाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी विधानसभाओं के मुख्य बाजारों, भारी प्रदूषण वाले चौराहों और मेट्रो स्टेशनों पर दिल्ली वालों को मास्क वितरण किए। मास्क वितरण करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को कम करने में फेल रही रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ दिल्ली वालों को प्रदूषण से बचाने के लिए हमने दिल्ली सभी 70 विधानसभाओं में मास्क वितरण करवाए ताकि लोग एक्यूआई के 400 पार से हुए खतरनाक प्रदूषण अपने स्वास्थ्य को बचा सकें। क्योंकि ऐसी परिस्थिति में घर से बाहर निकलते समय प्रदूषण से बचने के लिए मास्क हमें सुरक्षित रखने का एकमात्र साधन है।

**रेखा गुप्ता सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण करने का कोई स्थायी उपाय अभी तक नहीं किया है : देवेन्द्र यादव**

मास्क वितरण अभियान में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक राजेश लिलौठिया, हसन अहमद, जिला अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान, सिद्धार्थ राव, ऑब्जर्वर जितेन्द्र कुमार कोचर, एडवोकेट सुनील कुमार, लक्ष्मण रावत, तस्वीर सौलंकी, जगजीवन शर्मा, पूर्व पार्षद प्रेरणा सिंह, अशोक जैन, सोशल मीडिया चेयरमैन राहुल शर्मा, दीपक भारद्वाज, प्रमोद नरवाल, राहुल डाबला मुख्य रुप से मौजूद थे। प्रदूषण के खिलाफ अभियान में कार्यकर्ताओं ने हाथों में प्ले कार्ड लिए हुए थे जिन पर 'प्रदूषण का कहर, हवा में ज़हर' आदि नारे लिखे हुए थे।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण करने का कोई स्थायी उपाय अभी तक नही किया है।


## पिछले 7 सालों में दिल्ली का एक्यूआई सबसे बेहतर : सिरसा



**ग्रीन दीपावली मनाने के बावजूद दिल्ली ने इस बार हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखी है : मनजिंदर सिंह सिरसा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की वायु गुणवत्ता इस सर्दी के मौसम में पिछले सालों की तुलना में बेहतर हुई है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) मंगलवार को 291 रहा, जो 2024 में 381, 2023 में 415, 2022 में 447, 2021 में 382, 2020 में 343 और 2019 में 407 था। यह पिछले सात वर्षों में इस तारीख का सबसे अच्छा स्तर है। भौगोलिक चुनौतियों, पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने, निर्माण गतिविधियों, वाहनों की बढ़ी हुई संख्या और ग्रीन दीपावली मनाने के बावजूद दिल्ली ने इस बार हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखी है। यह सफलता निरंतर और वैज्ञानिक तरीकों से किए गए प्रयासों का परिणाम है।

## वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एमसीडी ने तेज किया अभियान : राजा इकबाल सिंह



**निगम जल्द ही 18 और यांत्रिक स्वीपर जोड़ने की बना रहा योजना**

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम ने वायु और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों को और तेज़ कर दिया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम दिल्ली की हवा को स्वच्छ और सड़कों को धूल-मुक्त रखने के लिए सर्दियों के दौरान कई प्रभावी कदम उठा रहा है।

एमसीडी लगभग 6,130 किलोमीटर सड़कों का रखरखाव करती है, जहां करीब 57,000 सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई करते हैं। यहां से एकत्र की गई धूल और गाद को निर्धारित स्थलों पर सुरक्षित तरीके से निपटाया जाता है। मुख्य सड़कों की सफाई के लिए एमसीडी ने 52 मेकैनिकल रोड स्वीपर तैनात किए हैं, जो लगभग 3,400 किमी सड़कों की सफाई एक दिन छोड़कर करते हैं। निगम जल्द ही 18 और यांत्रिक स्वीपर जोड़ने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, धूल कम करने के लिए 167 वॉटर स्प्रिंकलर और 28 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है। एमसीडी ने अपने लैंडफिल स्थलों और संयंत्रों पर 20 स्थायी एंटी-स्मॉग गन तथा 15 ऊंची इमारतों पर अतिरिक्त एंटी-स्मॉग गन लगाई हैं।

अप्रैल से सितम्बर 2025 की अवधि में एमसीडी ने 224 किलोमीटर सड़कों को ठीक किया है और 7,600 से अधिक गड्ढों की मरम्मत की है। धूल को कम करने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों और खुले क्षेत्रों के सुधार हेतु 591 किलोमीटर सड़कों और नालों के पुनर्निर्माण की 755 करोड़ की कार्य योजना तैयार की गई है, जिसे अगले वित्त वर्ष में लागू किया जाएगा।

निर्माण और ध्वस्तीकरण कार्यों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए एमसीडी नियमित रूप से सभी पंजीकृत स्थलों की निगरानी कर रही है। वर्तमान में 760 साइटें डीपीसीसी वेब पोर्टल पर पंजीकृत हैं और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक, एमसीडी के बिल्डिंग विभाग ने सी एंड डी स्थलों पर उल्लंघन के मामलों में 12.1 करोड़ के कुल 1,222 पर्यावरण मुआवजा नोटिस जारी किए हैं। बिल्डिंग विभाग ने 149 ऊंची इमारतों जिनमें मॉल, कार्यालय, होटल और शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं, को एंटी-स्मॉग गन लगाने के लिए भी चिन्हित किया है।

### सार संक्षेप

### फ्रिगोसिस्टम ने यूरोप से बाहर अपनी पहली फैक्ट्री स्थापित की

**नई दिल्ली।** इंडस्ट्रियल चिलर्स और थर्मल कंट्रोल सिस्टम बनाने वाली इटली की अग्रणी कंपनी फ्रिगोसिस्टम एस.आर.एल. ने चेन्नई, भारत में अपनी पहली विदेशी निर्माण इकाई के शुभारंभ की घोषणा की। कंपनी ने इस नई फैक्ट्री में 1 मिलियन यूरो का प्रारंभिक निवेश किया है, जिससे वह एशिया के तेज़ी से बढ़ते औद्योगिक बाज़ार में अपनी उपस्थिति को मज़बूत कर रही है। फ्रिगोसिस्टम भविष्य में भारत में अपने निवेश को और बढ़ाने की योजना भी बना रही है। नई इकाई, फ्रिगोसिस्टम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उत्पादन, सेवा और तकनीकी प्रशिक्षण के लिए क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगी। एलेसैंड्रो ग्रासी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फ्रिगोसिस्टम एस.आर.एल., ने कहा कि इस निवेश के ज़रिए हम इटली की नवोन्मेषी इंजीनियरिंग को भारत की औद्योगिक क्षमता के साथ जोड़ना चाहते हैं, ताकि स्थानीय निर्माण और तेज़ डिलीवरी के माध्यम से अपने ग्राहकों के लिए अधिक मूल्य सृजन कर सकें।

### फर्श बाजार में घर के बाहर चली गोली, रंगदारी की कॉल का दावा

**नई दिल्ली।** शाहदरा के फर्श बाजार इलाके में उस वक्त दहशत फैल गई, जब तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक घर के बाहर कई राउंड गोलियां चलाईं और भागते समय धमकी भरा पर्चा फेंक गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है और फिरौती की कॉल से जुड़े दावे की भी पड़ताल शुरू कर दी है। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि देर रात करीब दस बजे तीन लोग मास्क लगाए घर के गेट पर पहुंचे। उन्होंने एक के बाद एक कई गोलियां हवा में चलाईं। फायरिंग खत्म होते ही बदमाशों ने एक कागज की पर्ची गेट पर फेंकी और तेजी से भाग निकले।

## दिल्ली की आबोहवा में सुधार नहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज : सीपीसीबी

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की आबोहवा लगातार बिगड़ी हुई है। मंगलवार सुबह भी आसमान में धुंध की परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। यह स्थिति दिल्ली के लगभग 17 इलाकों में बनी हुई है।

सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, आईटीओ और उसके आसपास के इलाकों में एक्यूआई 347 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। आनंद विहार और उसके आसपास के इलाके में एक्यूआई 392 बना हुआ है। कर्तव्य पथ इलाके में एक्यूआई 278 दर्ज किया गया, जो भी 'खराब' श्रेणी में आता है।

हालांकि, दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हालात और बिगड़ गए। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार दर्ज किया गया। इस बीच, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि प्रदूषण प्रबंधन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।




**दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हालात और बिगड़ गए**

उन्होंने सोमवार को राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए अतिरिक्त टीमें नियुक्त करें, औद्योगिक इकाइयों और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि लक्ष्य केवल प्रदूषण कम करना नहीं, बल्कि उसकी बढ़ोतरी को पूरी तरह रोकना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कूड़ा जलाने की घटनाओं पर पूर्ण रोक के लिए विशेष निगरानी टीमें गठित की जा रही हैं।

## 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर दिल्ली विधानसभा होगा विशेष कार्यक्रम : विजेंद्र



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां विधानसभा में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा का अमर गीत है। दिल्ली विधानसभा इस राष्ट्रीय धरोहर के 150 वर्षों का गौरवपूर्ण उत्सव मनाने पर गर्व का अनुभव करती है। यह अवसर हमें उन आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर प्रदान करता है, जिनसे हमारे राष्ट्र का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक यात्रा में एक अमर स्थान रखता है। यह गीत राष्ट्रीय चेतना के उदय के काल में रचा गया था, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को आत्मा प्रदान की। इसने देशवासियों में गौरव, एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जगाई। इसके शब्द आज भी समय की सीमाओं को पार करते हुए हर भारतीय को हमारे देश की सुंदरता, शक्ति और आध्यात्मिक सार की याद दिलाते हैं।

## जेएनयू में छात्रों ने बदलाव के लिए किया मतदान

### अभाविप के पक्ष में उमड़ा जनसमर्थन




**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्रसंघ चुनाव में मंगलवार को मतदान संपन्न हो गया। छात्रों के इस लोकतांत्रिक महापर्व में जेएनयू के प्रत्येक स्कूल से छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पक्ष में विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मतदान किया। बता दें कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ में वामपंथी दल लंबे समय से सत्ता में रहा। इसके बावजूद जेएनयू के छात्र अकादमिक कमियों, छात्रावास सुविधाओं की अपर्याप्तता तथा खेलकूद के उपकरणों की कमी जैसी समस्याओं से प्रतिदिन जूझ रहे हैं। जर्जर छात्रावास, अकादमिक कठिनाइयों से संघर्ष करते विद्यार्थी और खेल-सामग्री की कमी इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। वामपंथी संगठनों ने वर्षों तक छात्रसंघ पर काबिज रहते हुए भी छात्रों के हित में कोई ठोस कार्य नहीं किया और जब भी उनसे प्रश्न पूछे गए तो उनका उत्तर संवाद के बजाय हिंसा रहा।

वहीं, दूसरी ओर पिछले वर्ष लंबे अंतराल के बाद जेएनयू छात्रसंघ में सह सचिव के पद पर विजय होने वाले एबीवीपी के वैभव मीणा ने अपने छोटे से कार्यकाल में ही ठोस पहल की। उन्होंने परिसर में यू-स्पेशल बसें शुरू करवाकर तथा वर्षों से बंद पड़े रेलवे आरक्षण काउंटर को खुलवाकर अभाविप की कार्यनिष्ठा और प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह दर्शाता है कि अभाविप वादों की नहीं, कार्य की राजनीति में विश्वास रखती है। इन सभी तथ्यों पर विचार करते हुए इस बार छात्रों ने वामपंथी राजनीति को नकारते हुए अभाविप के पक्ष में भारी मतदान किया है ताकि जेएनयू में ऐसा छात्रसंघ स्थापित हो जो वास्तव में छात्र हितों की आवाज बने।

## सबरंग फेस्टिवल-2025 का सफल समापन

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। सबरंग फेस्टिवल 2025 का सफल समापन नई दिल्ली के ऐतिहासिक आइवान-ए-ग़ालिब ऑडिटोरियम में हुआ। यह तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक चला, जिसमें कला, कविता, संगीत और सांस्कृतिक संवाद का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस आयोजन को निर्माता-निर्देशक फर्ज़ खान और हेल्प इंडिया फाउंडेशन के निदेशक अशोक राजपूत के रचनात्मक मार्गदर्शन में साकार किया गया। कार्यक्रम में देशभर के कलाकारों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें कविता, ग़ज़ल, लोककला और शास्त्रीय संगीत की सुंदर प्रस्तुतियां शामिल थीं। इस आयोजन का संयुक्त संचालन हेल्प आर्टिस्ट इंडिया फाउंडेशन और पीपल फाउंडेशन द्वारा किया गया। उत्सव की शुरुआत 31 अक्टूबर को अनस्क्रिप्टेड - तिग्मांशु धूलिया शीर्षक से हुई, जिसके बाद कविता सेठ ने झअपनी भावपूर्ण लाइव प्रस्तुति ओनली नज़्म दी।1 नवम्बर को दूसरे दिन कार्यक्रम में यूथ मुशायरा, बज़्म-ए-ख़्वातीन, और मशहूर शायर साहिर लुधियानवी को समर्पित एक विशेष श्रद्धांजलि सत्र आयोजित किया गया।



- **कार्यक्रम में कला, कविता, संगीत व सांस्कृतिक संवाद का रहा अनूठा संगम**
- **देशभर के कलाकारों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का किया प्रदर्शन**

मुख्य आकर्षणों में आबशार-ए-सुख़न और राइज़ ऑफ़ द स्ट्रिंग्स शीर्षक से मेहराब हुसैन का मनमोहक सितार वादन शामिल था। अंतिम दिन, 2 नवम्बर को, भारतीय प्रदर्शन कलाओं की विविधता को प्रदर्शित किया गया, जिसमें भारत के लोक नृत्यों की झलक, नॉस्टैल्जिया ऐज़ ए थेरेपी विषय पर टॉक शो, और अनस्क्रिप्टेड श्रृंखला का एक और सत्र शामिल था, जिसमें पंडित विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा और सतविक वीणा पर सम्मिलित प्रस्तुति दी।

उत्सव का समापन ग़ज़ल जर्नी शीर्षक प्रस्तुति से हुआ। जिसमें यतीश आचार्य, गायत्री असोकन, सैफ़ नईम अली, और फ़र्ज़ खान ने अपनी सुरीली ग़ज़लों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। फ़र्ज़ खान, जो इस उत्सव के निदेशक हैं, ने सभी कलाकारों, उपस्थित दर्शकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का किया निरीक्षण



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने गाज़ीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और वहां चल रहे बायोमाइनिंग एवं कूड़ा निस्तारण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त श्री लीलाधर मेघवाल, शाहदरा दक्षिणी जोन के अध्यक्ष श्री राम किशोर शर्मा, क्षेत्रीय उपायुक्त श्री बादल कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीमती शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम करने के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएं और नवीनतम तकनीक एवं आधुनिक मशीनों का प्रयोग कर बायोमाइनिंग कार्य को और तेज़ किया जाए। श्रीमती शर्मा ने बताया कि गाज़ीपुर सेनेटरी लैंडफिल साइट पर बायोमाइनिंग का कार्य दूसरे चरण में जारी है। यह चरण पूर्ण होते ही तीसरे चरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में योजना तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही इसके लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग़ाज़ीपुर लैंडफिल साइट पर एक नया वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ ऊर्जा उत्पादन भी संभव होगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में साल 2027 के अंत तक गाज़ीपुर के कूड़े के पहाड़ को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

**आरोप** *आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर लगाया डेंगू-मलेरिया के आंकड़े छिपाने का आरोप, कहा*

# मौसमी बीमारियों से मौतों का आंकड़ा दर्ज नहीं कर रही एमसीडी

**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार प्रदूषण के आंकड़े छिपाने के बाद अब डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के आंकड़े भी छिपाने लगी है। भाजपा की एमसीडी ने 6 अक्टूबर के बाद अब 3 नवंबर को मौसमी बीमारियों के आंकड़े जारी किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, डेंगू के 300, मलेरिया के 200 और चिकनगुनिया के 60 नए केस आए हैं। इसके साथ ही, एमसीडी मौसमी बीमारियों से होने वाली मौतों को छिपाने के लिए उसका आंकड़ा भी रिपोर्ट में नहीं दर्ज कर रही है। दिल्ली में बढ़ते डेंगू मलेरिया के केस को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को ये बातें कहीं।**

उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार एमटीएस कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने से रोक लेती तो डेंगू-मलेरिया के इतने केस नहीं आते। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ने तीन हफ्तों की रिपोर्ट छिपाई, जिसमें मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे थे। 6 अक्टूबर की आखिरी रिपोर्ट पेश करने के बाद अगली रिपोर्ट 3 नवंबर को जारी की गई। इस दौरान, जो एक महीने से भी कम समय है, मलेरिया के करीब 200 नए मामले, डेंगू के 300 नए मामले और चिकनगुनिया के 60 नए मामले दर्ज हो चुके हैं।

अंकुश नारंग ने एमसीडी के मल्टी-टास्किंग स्टाफ एमटीएस कर्मचारियों की हड़ताल का जिक्र करते हुए कहा कि ये कर्मचारी, जो इन बीमारियों से बचाव का मुख्य कार्य करते हैं, 29 सितंबर से 1 नवंबर तक पूरे 33 दिनों तक हड़ताल पर रहे। स्ट्राइक खत्म होने के बावजूद रिपोर्ट छिपाई गई, ताकि सरकार की नाकामी उजागर न हो। दिल्ली की जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। इस हफ्ते दो मौतें हुई हैं, जिनकी जिम्मेदारी पूरी तरह भाजपा पर है।



**अगर भाजपा सरकार एमटीएस कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने से रोक लेती तो डेंगू-मलेरिया के इतने केस नहीं आते : अंकुश नारंग**

## केजरीवाल सरकार ने डीटीसी के बेड़े के लिए एक भी बस नहीं जोड़ी : सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा सरकार लगातार डी.टी.सी. के बेड़े में बसें जोड़कर और बसों के रूटों की उपयोग समीक्षा कर दिल्ली में निवर्तमान अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा छोड़े गए बस उपलब्धता संकट को हल करने में लगी है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की मात्र 8 माह में नई भाजपा सरकार ने 600 से अधिक बसें डी.टी.सी. के बेड़े में जोड़ी हैं और 2800 नई बसों का आर्डर दिया है जो 2026 में आ जाएंगी जबकि अरविंद केजरीवाल सरकार ने 10 वर्ष की सत्ता में डी.टी.सी. के बेड़े के लिए एक बस भी नही जोड़ी थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि आज दिल्ली में जो बस कमी महसूस हो रही है उसके लिए अरविंद केजरीवाल सरकार जिसका सौरभ भारद्वाज प्रमुख चेहरा थे जो बस ना खरीदने की अपराधिक लापरवाही दोषी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सौरभ भारद्वाज एक नाटकीय नेता हैं जिनको दिल्ली वालों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। असल में वह यमुना एवं वायु प्रदूषण से लेकर बस की कमी के नाम पर विडिओ बना कर इन्हे अपने निजी यूट्यूब एवं कुछ सोशल मीडिया चैनल पर डालकर बड़ी इंटर्नेट आमदनी अर्जित कर रहे हैं।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 47 / 2025–2026, दिनांक 17.09.2025
ii) निविदा संख्या 15245170A 04.12.2025 को देय है।

1) उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 04.11.2025 से बढ़ाकर 04.12.2025 कर दी गई है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 3437/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| |
|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** दिल्ली मंडल पर एस.पी.डी. को इंडिकेटिव टाइप एस.पी.डी. में बदला जाना। |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,14,37,798.09/- |
| **धरोहर राशि :** रु. 3,07,200.00/- |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 03.11.2025/निविदा खुलने का दिनांक 25.11.2025, 15:00 बजे तक |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

सं.: 558-Sig-16-M-TENDER-1464 दिनांक: 03.11.2025 3415/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा 11406 रेनवाटर हार्वेस्टिंग जो की पांचो जोन में व्यवस्थित है, इसके अलावा लगभग 140 तालाब को व्यवस्थित करने का कार्य निगम द्वारा जारी है जिनको जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शामिल किया गया, जल संचयन जन भागीदारी में नगर निगम का उत्कृष्ट कार्य रहा, नगर निगम द्वारा शहर वासियों को भी जल संचय के लिए जागरूक किया गया : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त, गाजियाबाद नगर निगम।**

## जल संचय जन भागीदारी में गाजियाबाद नगर निगम को भारत में पांचवां व उप्र में मिला दूसरा स्थान



- **आवास व शहरी मंत्रालय भारत सरकार ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दी बधाई, किया उत्साहवर्धन**
- **जल शक्ति मंत्रालय, गाजियाबाद नगर निगम को देगा 2 करोड़ का पुरस्कार**

**गाजियाबाद,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जल संचय को बढ़ावा दिया गया है जिसके क्रम में जलकल विभाग द्वारा 11406 जल संचयन हेतु स्ट्रक्चर बनाए गए हैं जिसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के साथ-साथ तालाबों का भी जीर्णोद्धार किया गया है, जल शक्ति मंत्रालय तथा मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग अर्बन अफेयर द्वारा गाजियाबाद नगर निगम को भारत में पांचवा तथा उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान दिया है, जिसके लिए डी थारा अपर सचिव आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बधाई दी तथा उत्साह वर्धन किया जिसके लिए 2 करोड़ का पुरस्कार भी नगर निगम को मिलेगा।

जन सहभागिता से शहरवासियों को भी जल संचयन के प्रति जागरूक किया गया है, एक बार फिर गाजियाबाद का मान ऊंचाइयों पर पहुंचा है जो की सराहनीय है।

भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा पार्कों में वाटर हार्वेस्टिंग को व्यवस्थित किया गया है इसके अलावा तालाबों को भी पुनर्जीवित करते हुए जल संचयन को बढ़ाया गया है, जलकल विभाग अधिकारियों द्वारा किए गए बेहतर कार्य पर महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त द्वारा टीम को शुभकामनाएं दी गई, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि आगे भी गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत तालाबों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को और अधिक बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनाई गई है जिसे भूल गर्भ जल स्तर में सुधार होगा। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा 11406 रेनवाटर हार्वेस्टिंग जो की पांचो जोन में व्यवस्थित है, इसके अलावा लगभग 140 तालाब को व्यवस्थित करने का कार्य निगम द्वारा जारी है जिनको जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में शामिल किया गया, जल संचयन जन भागीदारी में नगर निगम का उत्कृष्ट कार्य रहा, नगर निगम द्वारा शहर वासियों को भी जल संचय के लिए जागरूक किया गया। लगातार कार्रवाई जल संचय की जारी रहेगी जिसमें पार्षदों का भी योगदान निगम को मिला, 2 करोड़ का पुरस्कार गाजियाबाद नगर निगम को मिलेगा जिसका इस्तेमाल जल संचयन की कार्यों में किया जाएगा।

# न्यू नोएडा के लिए 80 गांव की जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

- **चार लेखपाल, दो तहसीलदार के साथ खुलेगा ऑफिस**
- **क्राइटेरिया के अनुसार तय होगा मुआवजा**

**नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। न्यू नोएडा के लिए 80 गांवों को अधिसूचित किया जा चुका है। यहां निर्माण के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाएगी। सवाल ये है कि यहां किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए। अधिग्रहण के बदले किसानों को कितना प्रतिशत विकसित लैंड दी जाए इसका एक खाका तैयार किया जाएगा। जिसे शासन को भेजा जाएगा।

शासन से अप्रूवल के बाद चार लेखपाल, दो तहसीलदार और दो नायाब तहसील दारों के साथ एक टीम बनाकर ऑफिस खोला जाएगा। इनका काम किसानों के साथ बैठक करके जमीन अधिग्रहण किया जाए। अधिग्रहण की प्रक्रिया हाइब्रिड होगी। यानी किसानों से आपसी सहमति के आधार और लैंड पूल के जरिए भी। डायरेक्ट किसानों से जमीन खरीदी भी जा सकती है।

### किन आधार पर तय होगा मुआवजा

प्राधिकरण ने बताया कि न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण के लिए क्राइटेरिया तय होना बेहद जरूरी है। इसी के लिए डीएम के साथ बैठक होगी।

मसलन इन गांवों की जेवर एयरपोर्ट से कितनी दूरी है। यहां जमीन की उपयोगिता क्या है। इसके अलावा कई ऐसे गांव है जो ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के नजदीक है। बुलंदशहर के गांवों का सर्किल रेट क्या है। इन सभी को मिलाकर एक निर्णय लिया जाएगा। इन बातों का ध्यान रखकर और हाल ही में नए शहर को बसाने में किसान हितों का ध्यान रखते हुए ही मुआवजा की दर तय की जाएगी।

### गांवों के प्रधानों से की जा रही बातचीत

न्यू नोएडा करीब 209 वर्ग किमी का बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखाबाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का आस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा।

### इन चार फेज में बसेगा शहर

न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

## सार संक्षेप

### नशे में धुत स्कूटी सवार ने महिला को मारी टक्कर

**नोएडा।** सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के पास नशे में धुत स्कूटी सवार ने एक अन्य स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। इस मामले में पांच महीने बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। फेज वन थाने में दी शिकायत में दिल्ली निवासी ज्योत्सना ने बताया कि इसी साल 28 जून को वह सेक्टर तीन से स्कूटी से अपने घर जा रही थीं। जैसे ही वह सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचीं, नशे में सवार स्कूटी सवार ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी महिला स्कूटी से नीचे गिर गई। हादसे में महिला की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। मोबाइल भी टूट गया। उसे गंभीर चोट भी आई। यही नहीं हादसे के बाद स्कूटी सवार आरोपी ने गाली गलौज करते हुए महिला को थप्पड़ मारने का भी प्रयास किया। गनीमत रही कि इतने में आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। फिर आरोपी महिला को गाली देते हुए चला गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में घायल हुए युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में तिगरी गोल चक्कर के समीप सोमवार की रात दो पक्षों के बीच झगड़े में घायल हुए एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पैर में गोली लगने से घायल युवक का अस्पताल में ईलाज चल रहा है। पुलिस में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात तिगड़ी गोल चक्कर के पास लव कुमार व सचिन के मध्य किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। सचिन द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर लव कुमार के साथ मारपीट की गई, तभी लव कुमार का साथी गौरव बीच-बचाव में आ गया, जिसपर सचिन ने गौरव के ऊपर फायर कर दिया तथा गौरव पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल गौरव व लव कुमार को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां देर रात इलाज के दौरान लव कुमार ने दम तोड़ दिया, जबकि गौरव का अभी भी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपी पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने घटनास्थल से आरोपियों के तीन वाहन जब्त किए हैं। पुलिस द्वारा जल्द फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### अनहोनी की आशंका व्यक्त कर अस्पताल संचालक ने कराया मुकदमा दर्ज

**दनकौर।** दनकौर कस्बे के अस्पताल संचालक के भाई की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। संचालक ने अपने भाई की मौत के मामले में अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। इस संबंध में दनकौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। 24 अक्टूबर को यमुना एक्सप्रेस वे पर गुरदयाल अस्पताल के संचालक अजय शर्मा के भाई का शव मिला था। पुलिस ने शव बरामद कर पीड़ित की शिकायत पर पोस्टमार्टम कराया था।

## निजी स्कूल में छुट्टी के बाद माली ने की आत्महत्या

- **मौके से नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस कर रही जांच**
- **अवसाद में था मृतक**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 स्थित एक निजी स्कूल में मंगलवार दोपहर एक माली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 56 वर्षीय राकेश के रूप में हुई है, जो तुस्याना गांव में किराए पर रह रहे थे और उसी स्कूल में माली का काम करते थे। ये घटना करीब दोपहर दो बजे स्कूल की जब छुट्टी हो चुकी थी। कुछ देर बाद, लगभग 2:20 बजे, कर्मचारियों ने देखा कि राकेश आरओ प्लांट के ऊपर वाले कमरे में फंदे से लटके हुए हैं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद इकोटेक-3 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और स्कूल में भी किसी विवाद या झगड़े की बात सामने नहीं आई है।

प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। बताया जा रहा है कि राकेश कुछ समय से अवसाद में चल रहे थे, जिसकी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। परिजन को सूचना दे दी गई है और उनसे बातचीत की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की असली वजह पता चल सके। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## जीडीए कर्मचारियों ने संघ पदाधिकारियों पर लगाया कर्मचारियों के हित में काम न करने का आरोप

- **अध्यक्ष ने कहा आरोप बेबुनियाद**

**गाजियाबाद,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के कर्मचारियों ने गाजियाबाद कर्मचारी संघ के पदाधिकारी पर कर्मचारी हित में कामना करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने इस संबंध में एक पत्र जीडीए के कर्मचारी संघ के महासचिव को भी सौंपा है। जिसमें सीधे-सीधे आरोप लगाया गया है कि संघ के पदाधिकारी कर्मचारियों के हित में काम नहीं कर रहे हैं।

वहीं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रीचंद सारस्वत ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी आरोप लगा रहे हैं वह डा का माहौल खराब करने के प्रयास कर रहे हैं। जबकि वर्तमान पदाधिकारी अधिकारियों के साथ मिलकर कर्मचारियों के हित में लगातार काम कर रहे हैं।

कर्मचारियों ने अपने पत्र में कहा है कि वर्ष 2011 या इससे पहले में जो कर्मचारी विनयमित हुए थे उनके वेतन की वृद्धि नहीं हुई है। साथ ही बिना आरोप पत्र दिए अधिकारियों के निलंबन और फिर दर्ज अधिकारियों द्वारा की जा रही है लेकिन इसका कोई विरोध संघ के स्तर पर नहीं हुआ पत्र में यह भी लिखा गया है कि जीडीए में कार्यरत चपरासी स्वीपर व अन्य तीर्थया श्रेणी के कर्मचारियों को वर्दी तक नहीं मिली है।

साथ ही कई कर्मचारी ऐसे भी हैं जिनके निलंबन को हुए 6 साल से ज्यादा हो गए हैं लेकिन अभी तक उनका निलंबन वापस नहीं हुआ है। जिससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा है कि इसको लेकर एक 16 सदस्य कर्मचारी की समिति बनाई गई है तो लगातार काम करेगी और अपने अधिकार कर्मचारियों को उनके अधिकार दिल कर रहेगी।

## प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों पर लगाया प्रभावी अंकुश

**गाजियाबाद,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जीडीए ने गुरुवार को प्रवर्तन जोन-8 में कई अवैध निर्माणों के खिलाफ करवाई की।

प्रवर्तन जोन-8 द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ योजना के अन्तर्गत 20 से अधिक भूखंडों पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अतिरिक्त ईकाईयां, अतिरिक्त मंजिल व व्यवसायिक निर्माण किए जाने पर निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु सम्बन्धित थाना को तहरीर सहित पत्र प्रेषित किए गए, साथ ही निर्मित अतिरिक्त ईकाईयों व दुकानों को विद्युत संयोजन न देने हेतु मुख्य अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड तथा रजिस्ट्री पर रोक लगाने हेतु उप-निबन्धक, लोनी को पत्र प्रेषित किए गए। जनसामान्य से अनुरोध है कि फ्लैट/दुकान क्रय करने से पूर्व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से उसकी वैधता सम्बन्धी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## गुरु नानक देव जी के 556वां प्रकाश पर्व पर प्रार्थना सभा आयोजित

**गाजियाबाद,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विजय नगर स्थित रोजबेल पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरुआत अध्यापिका स गुरविंदर कौर द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं - 'कीरत करो, नाम जपो, वंड छको' - पर बहुत सुंदर और प्रेरणादायक व्याख्या से हुई।

प्रधानाचार्या धर्मजीत कौर ने विद्यार्थियों को गुरु




नानक देव जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सीखों से अवगत कराया। उन्होंने सत श्री अकाल, इक ओंकार और वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के अर्थ को बहुत ही सरल और प्रेरक ढंग से समझाया।

इसके बाद भाई अमरजीत सिंह, हजूरी रागी, गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा द्वारा भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से भर गया। विद्यार्थियों ने मिलकर 'मूल मंत्र' का जाप किया और प्रसाद का वितरण कक्षाओं में किया गया। यह दिवस सभी के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लेकर आया।

## भंगेल एलिवेटेड पर ट्रैफिक फ्लो के लिए चौड़ी होगी पुलिया

- **सीएम से उद्घाटन के लिए लेंगे समय**
- **एक्सप्रेस वे से ट्रैफिक भार होगा कम**

**नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर एलिवेटेड बनकर तैयार है। ये एलिवेटेड सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-2 गंदे नाले तक है। नाले पर सड़क कम चौड़ी है। जाहिर है शुभारंभ के साथ नाले के पास बॉटलनेक बन सकता है। इसलिए इस नाले पर बनी पुलिया को चौड़ा किया जाएगा। एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि पुलिस को चौड़ा करने के लिए सिंचाई विभाग को पत्र लिखा जा रहा है। चौड़ाई वो बढ़ा देंगे और खर्च प्राधिकरण करेगा। उन्होंने बताया कि इससे और ट्रैफिक बेहतर हो जाएगा।

एलिवेटेड का निर्माण करीब 608 करोड़ में किया गया। इसकी कुल लंबाई 4.5 किमी है। दो महीने से ये रोड बनकर तैयार है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम इस प्रयास में है कि योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करें। इसको लेकर शासन स्तर पर बातचीत की जाएगी। अगर समय मिलता है तो इसका लोगों की सहूलियत को देखते हुए इसे पहले खोला जा सकता है। इस एलिवेटेड का काम जून 2020 में शुरू किया गया था।

एलिवेटड के प्रत्येक कर्व पर कवरिंग शीट भी लगाई जाएगी। रोड पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### एक नजर में एलिवेटेड

- डीएससी रास्ते पर अगाहपुर पेट्रोल पंप से एलईजेड तक करीब 4.5 किमी लंबी एलिवेटेड है।
- इसके निर्माण में करीब 608.81 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।
- इसका निर्माण पूरा किया जा चुका है।
- अप्रैल 2025 की इसकी डेडलाइन है। हालांकि अभी इसमें समय लगेगा।
- इसके निर्माण के बाद एलिवेटड पर लूप बनाए जाएंगे इसके लिए अलग से टेंडर जारी होगा।

### चढ़ने-उतरने के लिए बनाए जाएंगे दो लूप

इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा।

इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे।

## दिल्ली-महाराष्ट्र में जितेन्द्र बच्चन को सरदार वल्लभभाई पटेल एकता पुरस्कार



**खोड़ा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पत्रकार व समाजिक चिंतक जितेन्द्र बच्चन को महाराष्ट्र और दिल्ली में भारत रत्न लौह पुरुष 'सरदार वल्लभभाई पटेल एकता पुरस्कार' 2025 और 'सरदार वल्लभभाई पटेल हिंदू रत्न अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। दिल्ली में कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के स्पीकर हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में जितेन्द्र बच्चन को श्री ज्ञान गंगोत्री विकास संस्था दिल्ली एवं राइट विजन हैंडीकैप वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने 'सरदार वल्लभभाई पटेल एकता पुरस्कार' 2025 प्रदान किया।

जबकि पुणे में जितेन्द्र बच्चन को सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मणिभाई देसाई मानव सेवा संस्थान द्वारा 'सरदार वल्लभभाई पटेल हिंदू रत्न अवार्ड' प्रदान किया गया।

दोनों अवार्ड उन्हें उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं समाजसेवा के लिए दिया गया है। पुणे महाराष्ट्र में जितेन्द्र बच्चन के स्थान पर साहित्यरत्न लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे सांस्कृतिक हॉल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में दिल्ली के सत्य नारायण प्रधान ने यह अवार्ड प्राप्त किया। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्यसभा सदस्य मेधाताई विश्राम कुलकर्णी, संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर रवींद्र भोले एवं मैग्सेसे पुरस्कार विजेता पद्मश्री निर्मलाताई मिश्रा ने संयुक्त रूप से अवार्ड प्रदान करते हुए जितेन्द्र बच्चन के कार्यों की सराहना की।

पुणे के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल थे। दिल्ली में आयोजित समारोह के विशिष्ट अतिथि दक्षिणी दिल्ली लोकसभा के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी रहे। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार चौधरी, मानद महासचिव डॉ रानी सिंह, अरविंद पटेल, जुगल किशोर द्विवेदी, सुधाकर भारती, डॉ. संजीव कुमार, एलके गुप्ता, एडवोकेट ललन तिवारी, अमरेश कुमार, कवि मिथिलेश कुमार, रेवती रमण, राखी गुप्ता, जनार्दन पटेल समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## पैदल मुसाफिरों के लिए गोलचक्कर पर बनेगा स्काईवॉक



- **दिल्ली से नोएडा आने वाला ट्रैफिक होगा कम**
- **लिफ्ट के साथ होंगी स्वचालित सीढ़ियां**

**नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली से हैवी ट्रैफिक नोएडा गोलचक्कर (सेक्टर-1,2,14,15) होकर जाता है। ज्यादा संख्या पैदल मुसाफिरों की होती है। पीक आवर में पैदल मुसाफिरों को दिक्कत होती है। इससे जाम लगता है। सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए यहां स्काईवॉक बनाया जाएगा। ये स्काईवॉक सेक्टर-1,2,14,15 इंडियन ऑयल क्रासिंग को जोड़ते हुए बनेगा। लोग सड़क पार करने के लिए इस स्काईवॉक का प्रयोग करेंगे।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, प्राधिकरण के जीएम आरपी सिंह व अन्य लोगों ने इस क्रासिंग का निरीक्षण किया। जिसके बाद स्काईवॉक बनाने के लिए कहा गया। इसका डिजाइन तैयार होगा। इस स्काईवॉक में दोनों और स्वचालित सीढ़िया बनाई जाएंगी। इसके अलावा दिव्यांग के लिए, लिफ्ट भी रहेगी। इसके निर्माण में कितना खर्च आएगा डीपीआर बनने के बाद तय किया जाएगा।

इसके बनने से नोएडा गोलचक्कर पर पैडिस्ट्रैन के कारण लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। साथ ही यहां होने वाली दुर्घटनाएं भी कम हो जाएंगी। उम्मीद है कि इस स्काईवॉक का निर्माण बिल्ट आपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) बेस पर किया जाएगा। यानी कंपनी इसका निर्माण करेगी। विज्ञापन के जरिए अपना खर्चा निकालेगी। मेंटेनेंस करेगी जब लागत निकल जाएगी इसके बाद संचालन की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी।

## जीबीयू में एनसीसी पुरुष व महिला इकाई का चयन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में सीनियर विंग-37 यूपी (पुरुष एवं महिला) बटालियन, एन.सी.सी. कवि नगर, गाजियाबाद के अंतर्गत पुरुष एवं महिला इकाई की चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय के हॉकी मैदान में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों का मूल्यांकन लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण एवं यूनिफॉर्म निरीक्षण के आधार पर किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ चयन की विभिन्न चरणों में भाग लिया। इस पूरे आयोजन का संचालन डॉ. नितेश सिंह भाटी, एन.सी.सी. केयरटेकर (पुरुष एवं महिला इकाई) एवं असिस्टेंट प्रोफेसर, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के निर्देशन में संपन्न हुआ। चयन कार्य में सूबेदार मेजर (जी.सी.आई.), उमेद (हवलदार) एवं समरजीत (हवलदार) ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मंडल कार्यशाला आयोजित

**बुलंदशहर,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। बुलंदशहर के समस्त विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले मंडलों पर 'मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान' के तहत मंडल कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने मुडांखेड़ा मंडल अंतर्गत ग्राम नगला मोइनुद्दीन एवं जवां मंडल अंतर्गत ग्राम शाहपुर कला में आयोजित मंडल कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण नींव है। यह अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का एक सुनहरा अवसर है। प्रत्येक कार्यकर्ता को त्रुटि रहित मतदाता सूची का प्रशिक्षण करके घर-घर जाकर नए मतदाताओं को जोड़े, जिनके नाम छूट गए हैं उनका नाम जुड़वाए तथा जिन मतदाताओं का स्थानांतरण या विलोपन आवश्यक है, उसे समय रहते पूर्ण करें।

बैठक में मंडल प्रभारी कदीम आलम, मंडल अध्यक्ष नरेश सोलंकी, मंडल टीम, जावा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र मावइ सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

उवाच "

जिम्स के उन्नयन की आवश्यकता पर जोर दिया, यह बताते हुए कि यह संस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है : **बलेश्वर त्यागी, पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश एवं समाजसेवी।**



# औद्योगिक पार्कों की निष्क्रियता तोड़ने की तैयारी






- यीडा ने 1,000 से अधिक औद्योगिक भूखंडों की समीक्षा शुरू, हर पार्क के लिए नोडल अफसर नियुक्त
- दिसम्बर 2026 तक सभी इकाइयों को क्रियाशील करने का लक्ष्य




**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने लंबे समय से ठप पड़े औद्योगिक विकास को गति देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने अपने पांच प्रमुख औद्योगिक पार्कों, एमएसएमई पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, टॉय पार्क और अपैरल पार्क में किए गए सभी आवंटनों की समीक्षा शुरू कर दी है। अब उन आवंटियों पर कार्रवाई की तैयारी है जिन्होंने कब्जा लेने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। प्राधिकरण इन भूखंडों का आवंटन निरस्त कर उन्हें गंभीर निवेशकों को देने की योजना बना रहा है।

**सिर्फ 25 प्लॉटों पर निर्माण कार्य जारी**

यमुना प्राधिकरण द्वारा पांचों पार्कों में अब तक 1,000 से अधिक औद्योगिक प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं, जिनमें से 336 पर कब्जा भी दे दिया गया है। फिर भी, केवल 25 भूखंडों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह स्थिति औद्योगिक विकास में बड़ी बाधा मानी जा रही है। प्राधिकरण ने अब प्रत्येक औद्योगिक पार्क के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जो आवंटियों से संपर्क कर निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेंगे और 15 दिन में रिपोर्ट सौंपेंगे।

**निष्क्रिय भूखंड होंगे निरस्त, नए निवेशकों को मौका**

प्राधिकरण ने संकेत दिया है कि जिन आवंटियों ने तय समयसीमा में निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, उनके भूखंड निरस्त कर दिए जाएंगे।

इन भूखंडों को अब ऐसे नए उद्यमियों को पुनः आवंटित किया जाएगा, जो वास्तव में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के इच्छुक हैं।

इस कदम से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है।

**हर पार्क के लिए नोडल अधिकारी तय**

औद्योगिक पार्कों में काम की गति बढ़ाने के लिए यीडा ने हर पार्क का जिम्मा एक वरिष्ठ अधिकारी को सौंपा है।

प्राधिकरण ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दिसम्बर 2026 तक अधिकतम औद्योगिक इकाइयों को क्रियाशील कर दिया जाए।

इस दौरान प्राधिकरण निर्माण की गति बढ़ाने, आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने और निवेशकों को हर संभव सुविधा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**उद्योगों के सक्रिय होने से बढ़ेगी आर्थिक रौनक**

यीडा का मानना है कि जब ये सभी पार्क पूरी तरह सक्रिय हो जाएंगे, तो न केवल हजारों रोजगार अवसर सृजित होंगे, बल्कि क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट, होटल और सर्विस सेक्टर को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

> लंबे समय से रुके औद्योगिक विकास को अब नया जीवन देने की तैयारी है। निष्क्रिय भूखंडों को मुक्त कर सक्रिय उद्योगों को बढ़ावा देना ही मुख्य लक्ष्य है : **राकेश कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण।**

| औद्योगिक पार्क | नोडल अधिकारी | पद |
|---|---|---|
| एमएसएमई पार्क | अजय कुमार शर्मा | डिप्टी कलेक्टर |
| मेडिकल डिवाइस पार्क | कृष्ण गोपाल त्रिपाठी | एसडीएम |
| हैंडीक्राफ्ट पार्क | शिव अवतार सिंह | ओएसडी |
| टॉय पार्क | अभिषेक शाही | एसडीएम |
| अपैरल पार्क | शैलेंद्र कुमार सिंह | ओएसडी |

इन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कब्जा प्राप्त करने के बाद निर्माण न करने वाले आवंटियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें, उनकी बाधाओं को समझें और निष्क्रिय इकाइयों की सूची तैयार करें।

**औद्योगिक पार्कों की वर्तमान स्थिति**

| पार्क आवंटन | चेकलिस्ट | रजिस्ट्री | कब्जा | निर्माण | कार्य |
|---|---|---|---|---|---|
| हैंडीक्राफ्ट पार्क | 71 | 92 | 75 | 50 | 03 |
| एमएसएमई पार्क | 503 | 291 | 227 | 123 | 00 |
| अपैरल पार्क | 147 | 109 | 97 | 71 | 13 |
| टॉय पार्क | 140 | 97 | 84 | 58 | 02 |
| मेडिकल डिवाइस पार्क | 88 | 69 | 48 | 34 | 07 |

# ग्रेनो में कैमरे लगाने के लिए कंपनी की तलाश जल्द होगी पूरी




> पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था व आधुनिक यातायात प्रबंधन के लिए सीसीटीवी सर्विलांस कैमरे लगाने की परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इस माह कंपनी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उम्मीद है कि नए साल से पहले कैमरे लगने का काम शुरू हो जाएगा। दिल्ली, हैदराबाद व पुडुचेरी जैसे शहरों में सुरक्षा व्यवस्था का अध्ययन करने के बाद उसकी खासियत को परियोजना में शामिल किया गया है। ग्रेटर नोएडा की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने का प्रयास है। इस संबंध में अधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए गए हैं : **रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

- सेफ सिटी परियोजना में आई तीन कंपनियों का जल्द साक्षात्कार कर किया जाएगा चयन
- 350 स्थानों पर 2739 कैमरे लगाए जाएंगे, ग्रेनो प्राधिकरण के दफ्तर में कंट्रोल रूम होगा
- हैदराबाद, पुडुचेरी, दिल्ली और गुरुग्राम का दौरा कर वहां के मॉडल का किया जा चुका है अध्ययन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए इस माह कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। आगे आई तीन कंपनियों का जल्द साक्षात्कार किया जाएगा। अनुभव एवं दक्षता के आधार पर कंपनी को चयनित कर इस साल के अंत तक काम शुरू करा दिया जाएग। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम हैदराबाद, पुडुचेरी, दिल्ली और गुरुग्राम का दौरा कर वहां के मॉडल का अध्ययन कर चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सेफ सिटी परियोजना और आधुनिक यातायात प्रबंधन के तहत परी चौक, एलजी चौक, अमृतपुरम, जगत फार्म, ग्रेटर नोएडा वेस्ट चारमूर्ति/गौड़ चौक सहित सभी गोलचक्कर, बाजारों, सेक्टरों, एक्सप्रेस वे और सभी प्रवेशद्वारों समेत 350 स्थानों पर 2739 कैमरे लगाए जाएंगे, जो अत्याधुनिक तकनीक से युक्त होंगे। इस परियोजना की लागत 237 करोड़ रुपए के लगभग है। ट्रैफिक पुलिस की मदद से कैमरे लगाने वाले स्थान चिन्हित किए जा चुके हैं। इसका कंट्रोल रूम प्राधिकरण के दफ्तर में होगा। अधिकारी के मुताबिक इसमें परियोजना में तीन बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है,जो तकनीकी परीक्षण में पास हो गई हैं। साक्षात्कार के बाद इनमें से एक कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

कंपनी के चयन की प्रक्रिया इस माह पूरी कर ली जाएगी। बता दें कि सेफ सिटी परियोजना के तहत कैमरे लगाने की तैयारी पिछले दो सालों से चल रही है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना होने की वजह से इसकी गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया जा रह है।

**ड्रोन कैमरा भी होगा**

अधिकारी के मुताबिक एक ड्रोन कैमरा होगा। भविष्य में इसकी संख्या बढ़ाकर 10 की जा सकती है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। एक मोबाइल वैन होगी,जिसमें छोटा कंट्रोल रूम होगा। किसी भी वीवीआईपी कार्यक्रम, किसान आंदोलन, धरना-प्रदर्शन व अन्य अप्रिय घटना के दौरान मौके पर तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाएगी।

# यूपी रेरा ने 22 परियोजनाओं पर लगी रोक को हटाया

- गौतमबुद्ध नगर समेत सात जिलों में स्थित इन परियोजनाओं में फ्लैट, भूखंड व दुकान मिलाकर 8856 इकाइयों का होगा निर्माण
- भूमि अभिलेख, स्वीकृत मानचित्र और यूनिट विवरण रेरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किए जाने पर लगाई गई थी रोक

> रेरा का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और विश्वास स्थापित करना है, जिन परियोजनाओं ने अब सभी दस्तावेज पूरे कर दिए हैं, उन्हें आस्थगन सूची से बाहर निकालना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा आएगी। रेरा का प्रयास है कि हर परियोजना नियमानुसार और पारदर्शी तरीके से पूर्ण हो : **संजय भूसरेड्डी, अध्यक्ष यूपी रेरा।**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी) ने गौतमबुद्धनगर समेत सात जिलों में स्थित 22 परियोजनाओं पर लगी रोक को हटा दिया है। आस्थगन सूची से बाहर होने पर अब दोबारा निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। इन परियोजनाओं में फ्लैट, भूखंड व दुकान मिलाकर कुल 8856 इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

अधिकारी के मुताबिक रेरा लागू होने के बाद ऐसी कई परियोजनाएं सामने आईं, जिनमें पंजीकरण के दौरान बिल्डरों ने आवश्यक दस्तावेज जैसे भूमि अभिलेख, स्वीकृत मानचित्र और यूनिट विवरण रेरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किए थे। प्राधिकरण द्वारा इन परियोजनाओं की जांच के बाद संबंधित बिल्डर को नोटिस जारी किए गए। बिल्डरों ने यह स्पष्ट किया कि प्रारंभिक चरण में तकनीकी कारणों और समय की कमी के चलते पूरा विवरण उपलब्ध नहीं करा सके।

इस पर रेरा ने बिल्डरों की सुविधा के लिए पोर्टल पर जानकारी संशोधित करने की सुविधा प्रदान की थी। इसके बावजूद कई परियोजनाओं में आवश्यक भूमि और मानचित्र से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं कराए गए। इस पर संज्ञान लेते हुए रेरा ने 152वीं बैठक में लगभग 350 परियोजनाओं को आस्थगन श्रेणी (निर्माण पर रोक) में रखने का निर्णय लिया था। अधिकारी के मुताबिक कुल 350 आस्थगित परियोजनाओं में से 22 परियोजनाओं को अब बाहर कर दिया गया है। इनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिए गए हैं।

किस जिले में कितनी परियोजनाओं को आस्थगन सूची से बाहर किया गया-

| | |
|---|---|
| लखनऊ - | 4 |
| गौतमबुद्धनगर- | 6 |
| गाजियाबाद- | 6 |
| आगरा- | 2 |
| मेरठ - | 2 |
| झांसी - | 1 |
| हाथरस- | 1 |

**गौतमबुद्धनगर में इन परियोजनाओं को रोक से किया गया बाहर**

जेपी ग्रीन्स गार्डन आइल्स, विंस्टन पार्क-3, जेपी ग्रीन्स ऑर्चर्डस, ग्रीनबे गोल्फ होम्स, ग्रांप्रीक्स मेगा सूट्स, गैलेक्टिक सिटी आदि।

# धान की तुलाई न होने पर किसानों ने किया हंगामा



- किसानों ने अधिकारियों को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

**दनकौर,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। किसान एकता संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दनकौर कस्बे के रीलखा रोड स्थित राजकीय अनाज क्रय केंद्र पर धान की तुलाई नहीं होने को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय सचिव कृष्णा बैसला ने किया। किसानों का आरोप है कि उनका धान करीब 7 दिन से मंडी में खुले पड़ा हुआ है। लेकिन केंद्र पर तुलाई शुरू नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के हंगामे की सूचना मिलते ही एएमओ महिमा सिंह मौके पर पहुंचीं और किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और तुलाई प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाएगी। वहीं, किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द तुलाई शुरू नहीं हुई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान संगठन ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा।

इन मांगों में धान की तुलाई तुरंत शुरू करने, किसानों को उचित भुगतान दिलाने, मंडी में तोल उपकरणों की व्यवस्था सुधारने, क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता लाने और अधिकारियों की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग शामिल है। इस मौके पर मेहरबान अली, भूपेंद्र नागर, विक्रम नागर, पप्पे नागर, उम्मेद एडवोकेट, संजय प्रधान, जेपी नागर, जीतन नागर, सुरेंद्र चपरगढ, दुर्गेश शर्मा, अकरम अली, अनिल नागर, हेमराज बीडीसी, गोलू प्रधान और अनूप नागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिन का सूरज तो रोज उगता है, लेकिन प्राधिकरण कि नींद नहीं खुलती

- सीवर की समस्या ने लोगों का जीना दूभर किया



**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर कि हालत दिन पर दिन खराब होती जा रही हैं। सीवर कि समास्या कभी खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। बीटा-2 सेक्टर के जी ब्लॉक में स्थित टाटा स्टील सोसायटी के निवासी कई महीनों से गंदे पानी और बदबू से जूझ रहे हैं। हर सुबह लोग सूरज की रोशनी के साथ जागते हैं, पर लगता है कि प्राधिकरण का सूरज अब तक नहीं उगा। शिकायतें करने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सीवर लाइन कूड़े से बंद होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी जमा है। नालियां उफन रही हैं और जगह-जगह बदबू फैली हुई है। बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यही हाल अल्फा-2 और ओमिक्रॉन-1 सेक्टरों में भी है, जहां लोग हर दिन गंदगी के बीच सांस लेने को मजबूर हैं। निवासियों का कहना हैं कि कई घरों में पानी बैक होकर अंदर तक आ रहा है। दिन का सूरज रोज उगता है, लेकिन प्राधिकरण की सुबह कब होगी, यह कोई नहीं जानता।

# पौधों की नर्सरी चलाने के लिए अब जरूरी हुआ लाइसेंस

**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले भर में नर्सरी खुलवाने के लिए अब कराना होगा पंजीकरण जो सभी के लिए अनिवार्य हैं। 1976 एक्ट के तहत इसे लागू किया गया हैं। उद्यान विभाग ने इसके लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है ताकि हर नर्सरी संचालक इस प्रक्रिया को पूरा कर सके। अब तक जिले में कुल 9 लोगो नें पंजीकरण किया है जबकि ये नियम सभी के लिए अनिवार्य हैं। लाइसेंस बनवाने के लिए जमीन के खतौनी, मदर ब्लॉक पौधों की रसीद, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेज जरूरी हैं। ये लाइसेंस केवल एक साल के लिए ही मान्य रहेगा और हर साल जनवरी से पहले इसका नवीनीकरण करवाना होगा। यदि किसी देर हुई तो दुबारा फीस के साथ आवेदन करना पड़ेगा। इसके अलावा अधिकारियों ने बताया कि लाइसेंस इसलिए जरूरी है ताकि यह पता चल सके कि जिले में किसके पास कौन-कौन सी नर्सरी है और वह उसे किस तरह से चला रहा है। इससे पौधों की गुणवत्ता बनी रहेगी और किसानों को बेहतर पौधे मिल सकेंगे।



- जिले में कुल 9 लोगो नें पंजीकरण किया
- 1976 एक्ट के तहत इसे लागू किया गया


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री हरपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह एवं श्रीमती उजददया पत्नी श्री हरपाल, निवासी ग्राम आच्छेपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर द्वारा उपजिलाधिकारी सदर जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 815/एस०टी०-एस० डी०एम०/2025, दिनांक 14.10.2025 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार मृतक प्रार्थी के पिता श्री हरपाल सिंह रघुबीर सिंह एवं श्रीमती उजददया पत्नी श्री हरपाल, निवासी ग्राम आच्छेपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक क्रमशः 01.02.2025 व 16.09.2016 तथा मृतक के पुत्र श्री संजय सिंह की मृत्यु दिनांक 21.05.2023 को हो चुकी है तथा उनके स्थान पर वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | आच्छेपुर | 225अ | श्री हरपाल सिंह रघुवीर सिंह एवं श्रीमती उजददया पत्नी श्री हरपाल, निवासी ग्राम आच्छेपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री करतार | पुत्र | 67 वर्ष | |
| | | | | श्री पवन सिंह | पुत्र | 65 वर्ष | |
| | | | | श्री मेघराज | पुत्र | 29 वर्ष | |
| | | | | श्री सूरज | पुत्र | 55 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती कमलेश | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती अनीता | पुत्री | 65 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती सुनील | पुत्री | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती मिथलेश | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती प्रीती | पुत्र वधु | 33 वर्ष | विधवा |
| | | | | रितिका | पौत्री | 14 वर्ष | |
| | | | | श्रानू | पौत्री | 11 वर्ष | |
| | | | | अरणव | पौत्र | 10 वर्ष | |
| | | | | काजल | पौत्री | 08 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि कित्ती को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम अन्तर धनराशि दिये जाने संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**


# जिम्स को एसजीपीजीआई की तर्ज पर विकसित करने पर बनी सहमति

- रोबोटिक सर्जरी जैसी उन्नत रोगी सेवाओं को शुरू करने की पहल करने का दिया सुझाव



**ग्रेटर नोएडा,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश सरकार का एक स्वायत्त तृतीयक देखभाल संस्थान है, जिसका 10वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक मंगलवार को लोक भवन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव तथा जिम्स सोसाइटी के अध्यक्ष एस. पी. गोयल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिम्स के उपाध्यक्ष अपर्णा यू., आईएएस, सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं डीजीएमई, समीर कुमार, विशेष सचिव, वित्त विभाग, डॉ. ए. के. सिंह, निदेशक, पीजीआईसीएच, नोएडा, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी, पूर्व कुलपति, केजीएमयू, लखनऊ, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) बी. एन. बी. एम. प्रसाद, पल्मोनरी विभाग, बेंगलुरु, बलेश्वर त्यागी, पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश एवं समाजसेवी, गाजियाबाद, डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश के. गुप्ता, निदेशक जिम्स, स्वतंत्र के. गुप्ता, वित्त नियंत्रक, जिम्स एवं जीएनआईडीए, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, सीएमएस एवं डॉ. रंभा पाठक, डीन अकादमिक्स, जिम्स उपस्थित रहे।

**जिम्स प्रशासन ने भावी योजनाओं की दी प्रस्तुति**

डॉ. (ब्रिगेडियर) राकेश गुप्ता, निदेशक, जिम्स ने संस्थान की गतिविधियों, रोगी सेवा, शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यों, उपलब्धियों तथा भावी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिम्स द्वारा अल्पावधि में की गई उल्लेखनीय प्रगति, विशेषकर एनएबीएच और एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त करने को मुख्य सचिव एवं सदस्यों ने अत्यंत सराहा।

बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और उन्हें स्वीकृति दी गई। अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एजीपीजीआई की तर्ज पर एक उन्नत चिकित्सा केंद्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बलेश्वर त्यागी ने भी जिम्स के उन्नयन की आवश्यकता पर जोर दिया, यह बताते हुए कि यह संस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**बिल्डिंग निर्माण में लागत की द्वितीय चरण की निधि को स्वीकृति**

जीएनआईडीए द्वारा जीबीयू परिसर में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और पैरामेडिकल स्कूल निर्माण हेतु जिम्स को 56 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। परियोजना के द्वितीय चरण के लिए निधि आवंटन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। जिम्स ने अपने आगामी 10 वर्षों की विजन प्रस्तुत की। इस दीर्घकालिक दृष्टिकोण के तहत जिम्स को एसजीपीजीआई, लखनऊ की तर्ज पर एक उत्कृष्ट तृतीयक चिकित्सा, सुपर-स्पेशलिटी शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव ने रोबोटिक सर्जरी जैसी उन्नत रोगी सेवाओं को प्रारंभ करने की पहल करने का सुझाव दिया।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम निलौनी शाहपुर परगना दनकौर तहसील सदर गौतमबुद्धनगर में उप जिलाधिकारी द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 454 ६ एस०टी० एस०डी०एम० ६ 2023 दिनांक 18.05.2023 मृतक स्व० श्री अलीजान पुत्र श्री अहमद अली व श्रीमती आसिया पत्नी स्व० श्री अलीजान निवासी निलौनी शाहपुर परगना तहसील सदर गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक क्रमशः 06.04. 2023 व 26.06.2018 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैः-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | निलौनी शाहपुर | 406 | स्व0 श्री अलीजान पुत्र श्री अहमद अली व श्रीमती आसिया पत्नी स्व0 श्री अलीजान निवासी निलौनी शाहपुर परगना तहसील सदर गौतमबुद्धनगर | श्री इमरान खान | पुत्र | 29 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती सबाना | पुत्री | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती इमराना | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती अफसाना | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती रूकसाना | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती रिजवाना | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती रिहाना | पुत्री | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती परवीन | पुत्री | 21 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती मदीना | पुत्री | 20 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती नदीमा | पुत्री | 19 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती रहनुमा | पुत्री | 18 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि कित्ती को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम अन्तर धनराशि दिये जाने संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 5 नवम्बर 2025
संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भाजपा-जदयू ने दिखाई चुनावी रंगदारी

बिहार चुनावों में इस बात का अनुमान पहले से था कि जीत हासिल करने के लिए बदजुबानी के नए स्तर कायम होंगे। भाजपा और खासकर नरेन्द्र मोदी इसमें अपना ही बनाया पहले का रिकार्ड तोड़ेंगे। आम चुनाव 2024 में नरेन्द्र मोदी ने जब कहा था कि कांग्रेस वाले आपका मंगलसूत्र चोरी करके ले जाएंगे, तो सब कुछ पता होते हुए भी आश्चर्यमिश्रित दुख हुआ था कि कोई प्रधानमंत्री इस तरह की भाषा कैसे बोल सकता है, ऐसे ऊटपटांग बयान कैसे दे सकता है। लेकिन उस चुनाव में कई बार ऐसे बयान सुनने पड़े। फिर महाराष्ट्र, हरियाणा में यह सिलसिला बढ़ा और अब बिहार चुनाव में जहां इस बार महागठबंधन एनडीए को कड़ी टक्कर दे रहा है, प्रधानमंत्री मोदी कट्टे वाली भाषा पर उतर आए हैं। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री के सलाहकार कौन हैं, कौन उनके भाषण लिखता है या उसे अंतिम रूप देता है या प्रधानमंत्री जनता का मूड देखकर तात्कालिक भाषण देते हैं, लेकिन एक बात तय है कि वे जनता के स्तर को निचला मानकर ही ऐसे भाषण देते हैं। भाषा की सभ्यता, तहज़ीब का समाज में बड़ी तेजी से क्षरण हुआ है। इसके लिए अब तक बी ग्रेड की फिल्में, उपन्यासों को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा। ओटीटी प्लेटफार्म के प्रचलन के बाद भाषायी संस्कार पूरी तरह से गुम होने लगे। जिन अपशब्दों को सबके सामने बोलने-कहने में लोग झिझकते थे, उन्हें टीवी पर देखकर आम बोलचाल का हिस्सा बना लिया गया। ऐसे में राजनेताओं की और जो लोग सत्ता में बैठे हैं, उनकी जिम्मेदारी कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है कि वे भाषायी शिष्टाचार की न केवल हिफाज़त करें, बल्कि उसे बढ़ाएं भी। खुद ऐसी भाषा बोलें कि जनता तक अच्छा संदेश जाए। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाले अक्सर अपने बचाव में तर्क देते हैं कि जनता जो देखना-सुनना चाहती है, हम वही दिखाते हैं। लेकिन यह तर्क सत्तारूढ़ नेताओं पर लागू नहीं हो सकता। बल्कि अगर वे ऐसा करें तो उन्हें कटघरे में खड़ा करने की जरूरत है, क्योंकि वे लोकशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। बिहार चुनाव में जब नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद लिया है, तो वे अपनी जिम्मेदारी से मुकर ही रहे हैं।

पाठक जानते हैं कि कुछ दिनों पहले ही महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया, जबकि इसके कयास काफी दिनों से लग रहे थे। कौन सा गठबंधन किस तरह आगे बढ़ता है, यह उसका अपना मसला है। विरोधी गठबंधन उस पर सवाल उठा सकता है। लेकिन कट्टे वाली भाषा बोलकर प्रधानमंत्री राजनैतिक शिष्टाचार में एक पायदान और नीचे उतर गए। भाजपा में उनका अनुसरण करने वाले नेता भरे पड़े हैं। इसलिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने कहा कि राहुल गांधी दुर्भाग्य लेकर आते हैं। वो जहां जाते हैं हार मिलती है। सौभाग्य-दुर्भाग्य की बात करना अंधविश्वास है, जो संवैधानिक भावना के खिलाफ है। वहीं अपने विरोधी के लिए ऐसा कहना भी सर्वथा अनुचित ही है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के पोखर में कूदकर और मछली पकड़ने पर कहा कि मलेशिया के बीच (समुद्री किनारे) से उनका मन भर गया जो लंगूर की तरह पानी में कूद रहा है। देश में नेता प्रतिपक्ष को लंगूर बताकर मंत्री महोदय कुछ देर की सुर्खी बटोर सकते हैं, लेकिन आखिर में यह देश की छवि पर दाग लगाती है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के लिए ऐसे अपशब्दों की भरमार भाजपा नेताओं के पास है, जिनका इस्तेमाल वे अक्सर करते हैं। लेकिन वहीं सवाल उठता है कि क्या ये नेता बिहार की जनता के विवेक को इतना कम करके आंकते हैं कि वह निम्नस्तरीय भाषा सुनकर प्रभावित होगी। क्या अपने विरोधियों को मात देने के लिए कोई नैतिक तरीका या बात भाजपा के पास नहीं बची है। और अब शायद जदयू का भी वही हाल हो गया है।

एक वक्त में शरद यादव और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद यू सिद्धांतों की राजनीति करती थी। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने मोकामा में कहा कि, 'कुछ लोग हैं, उन्हें चुनाव के दिन घर से बाहर नहीं निकलने देना है। अगर वे ज्यादा गिड़गिड़ाएं तो उन्हें अपने साथ ले जाइए और वोट देने के बाद घर वापस लाकर छोड़ दीजिए। अभी कमान संभालिए। चुनाव के लिए अब समय नहीं बचा है।' बता दें कि जनसुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के बाद मोकामा चुनावी उथल-पुथल का मैदान बन गया है। इस हत्याकांड में जदयू के प्रत्याशी अनंत सिंह को आरोपी बनाया गया और विपक्ष की मांग पर अनंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद से ललन सिंह ने मोकामा की कमान संभाल ली है। अनंत सिंह की उम्मीदवारी तो रद्द नहीं हुई, बल्कि ललन सिंह अनंत सिंह का बचाव कर रहे हैं कि उन्हें फंसाया गया है। उन्होंने सारे लोगों ने अनंत सिंह बनने की अपील की और अब सीधे-सीधे अपने विरोधी मतदाताओं को घर पर बंद रखने की धमकी दे रहे हैं। विपक्ष जिस वोट चोरी का डर पहले दिन से बिहार में दिखा रहा है, वह सच होता दिख रहा है। ललन सिंह के बयान वाले वीडियो को कांग्रेस, आरजेडी सभी ने पोस्ट किया और चुनाव आयोग से सवाल किए कि क्या वह इसमें कोई कार्रवाई करेगा। तब जाकर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस भेजा है और 24 घंटे में जवाब देने कहा है। लेकिन यहां चुनाव आयोग का ढीला-ढाला रवैया बता रहा है कि इसमें कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया जाएगा। जो बात विपक्षी दलों ने पहले देख ली, वह चुनाव आयोग को नजर क्यों नहीं आई।

भाजपा-जदयू की चुनावी रंगदारी को क्या चुनाव आयोग रोक पाएगा, यह गंभीर सवाल अब उठ रहा है।

# आसान नहीं बिहार का मैदान भाजपा के लिए

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार खत्म हो गया है और गुरुवार, 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। करीब तीन हफ्ते तक चले चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यधारा के मीडिया, खासकर टेलीविजन चैनलों की रिपोर्टिंग और इन चैनलों के लिए कथित ओपिनियन पोल करने वाली एजेंसियों के अनुमानों को मानें तो बिहार में एक बार फिर भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वैसे मामला इतना आसान नहीं है क्योंकि जो पेशेवर पत्रकार बिहार जाकर वहां स्वतंत्र रूप से राजनीतिक हालात का जायजा ले रहे हैं, उनकी रिपोर्ट बताती है कि ज़मीनी हकीकत टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग और सर्वे एजेंसियों के अनुमानों से बिल्कुल अलग है।

पूरे चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी के लिए ढिंढोरची की भूमिका निभाने वाला मीडिया बताता रहा है कि महागठबंधन बिखराव का शिकार है और उसकी पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा ठीक से नहीं हो पा रहा है। चुनाव की घोषणा के बाद जब एक सप्ताह तक राहुल गांधी बिहार नहीं पहुंचे तो बताया गया कि तेजस्वी यादव से मतभेदों के चलते राहुल ने बिहार के चुनाव से अपने को अलग कर लिया है, जिसकी वजह से उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान लोगों में महागठबंधन को लेकर जो उत्साह था, वह अब नदारद है। जब कांग्रेस की ओर से तेजस्वी को महागठबंधन की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री पद का और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया तो सवाल खड़ा किया गया कि किसी मुस्लिम को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित किया गया।

यह सही है कि महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

बहरहाल मीडिया ने महागठबंधन के खिलाफ माहौल बनाने में अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी, बल्कि ऐसा करने में उसने एनडीए की पार्टियों के प्रवक्ताओं और अफवाहें फैलाने के लिए कुख्यात भाजपा के आईटी सेल को भी पीछे छोड़ दिया, लेकिन अभी तक मीडिया में एनडीए की पार्टियों में मचे घमासान को लेकर कोई चर्चा देखने-सुनने को नहीं मिली; और दूसरे दौर का मतदान खत्म होने तक भी नहीं मिलेगी।

हकीकत यह है कि महागठबंधन में मची खींच-तान तो देर से ही सही, मगर खत्म हो गई और उसकी सभी पार्टियां एकजुट होकर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि दूसरी ओर एनडीए के घटक दलों के बीच जैसे-तैसे सीटों का बंटवारा हो जाने के बाद अभी तक परस्पर अविश्वास बना हुआ है। वे पार्टियां और उनके नेता अब चुनाव मैदान में भी एक-दूसरे को निबटाने और पुराना हिसाब चुकता करने में लगे हुए हैं। हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा आज तक अपना मुख्यमंत्री नहीं बना सकी है। इस बार वह हर हाल में अपनी यह हसरत पूरी करना चाहती है, इसलिए उसकी पूरी कोशिश है कि जनता दल (यू) किसी भी सूरत में 50 से ज्यादा सीटें न जीत पाए। पिछली बार 2020 में भी भाजपा 74 सीटों के साथ एनडीए में सबसे बड़ी पार्टी थी, जबकि जनता दल (यू) को महज 43 सीटें ही मिली थी। इसके बावजूद भाजपा को मजबूरी में नीतीश को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। इस बार वह हर हाल में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से दूर रखना चाहती है।



अनिल जैन

> महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

यह बात नीतीश कुमार भी अच्छी तरह समझ रहे हैं। इसीलिए वे चुनाव प्रचार में भाजपा से लगभग दूरी बनाए हुए हैं और सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए ही प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, उनकी पार्टी चिराग पासवान को सबक सिखाने के इंतजाम में भी जुटी है। पिछली बार चिराग ने एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था कई सीटों पर जनता दल (यू) को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि ऐसा उन्होंने भाजपा के कहने पर किया था, सो नीतीश कुमार इस बार चिराग की पार्टी को ज्यादा से ज्यादा सीटों पर हरवा कर पुराना हिसाब चुकता करना चाहते हैं। उधर चिराग पासवान भी यही काम नीतीश कुमार और जीतनराम मांझी के साथ करने में जुटे हैं।

इस सबके अलावा भाजपा और जनता दल (यू) में आंतरिक कलह भी कम नहीं है। भाजपा में कई पुराने नेता सम्राट चौधरी को हारते हुए देखना चाह रहे हैं, तो वहीं जेडीयू में ललन सिंह और संजय झा की चाहत है कि विजय चौधरी और विजेंद्र यादव किसी सूरत में जीत न पाएं। मगर इन सब बातों को भाजपा के प्रचारक की भूमिका निभा रहा मीडिया देखते-समझते हुए भी नजरंदाज कर रहा है। इस पूरे सूरत-ए-हाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अच्छी तरह समझ रहे हैं, इसलिए हर बार की तरह उन्होंने इस बार खुद को दांव पर नहीं लगाया है। उनके चुनावी भाषणों से 'यह मोदी की गारंटी है' जैसे जुमले नदारद हैं। अलबत्ता स्तरहीन कटाक्षों और संवादों के मामले में वे अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर हमेशा की तरह नया रिकॉर्ड बनाते दिख रहे हैं। ऐसा करने में अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित तमाम नेता भी पीछे नहीं हैं। चुनाव आयोग हमेशा की तरह एनडीए के सहयोगी दल की भूमिका में काम करते हुए मूकदर्शक बना हुआ है।

हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे ज्यादा असर नहीं दिखा पाते हैं। सिर्फ 2014 का लोकसभा चुनाव अपवाद था, जिसमें भाजपा ने अकेले दम पर अभूतपूर्व जीत हासिल की थी। हालांकि उसकी भी अहम वजह यह थी कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ी थीं। फिर भी भाजपा को वह जीत सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बदौलत नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश किए गए विकास के गुजरात मॉडल और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मिली थी। उस चुनाव के डेढ़ साल बाद ही बिहार विधानसभा के चुनाव हुए थे, जिसमें लालू प्रसाद और नीतीश कुमार मिल कर लड़े। कांग्रेस भी उनके गठबंधन में शरीक थी। भाजपा के चुनाव अभियान की कमान पार्टी के अध्यक्ष बन चुके अमित शाह ने संभाली थी। उस चुनाव में मोदी और शाह ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खूब प्रयास किए थे। उन्होंने सभाओं में यहां तक कहा था कि, 'अगर भाजपा हार गई तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे।' फिर भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव में भाजपा के साथ लड़ीं रामविलास पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टियों का तो सफाया ही हो गया था। उसके बाद विधानसभा का एक और लोकसभा के दो चुनाव भाजपा नीतीश कुमार के साथ ही लड़ी और किसी भी चुनाव में उसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जरुरत नहीं पड़ी। एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए नीतीश कुमार का नाम ही काफी था।

इस बार भी नीतीश भाजपा के साथ हैं लेकिन अमित शाह 2015 के चुनाव की तर्ज पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास में लगे हैं। जाहिर है कि भाजपा नीतीश कुमार के चेहरे का लाभ तो उठाना चाहती है लेकिन चुनाव अपने एजेंडे पर ही लड़ना चाहती है ताकि चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री पद से नीतीश को दूर रख सके। हालांकि नीतीश के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का एनडीए को नुकसान हो सकता है।

लगता है कि भाजपा को उस नुकसान का अहसास है और उसकी भरपाई के लिए ही वह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा चला रही है। अगर ऐसा नहीं होता है तो 20 साल के बिहार सरकार के काम-काज और 11 साल के केंद्र सरकार के काम-काज पर वोट मांगा जाता और आगे के विकास का रोडमैप बिहार की जनता के सामने रखा जाता। लेकिन अमित शाह तीखे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले भाषण दे रहे हैं, जिसका नुकसान भी हो सकता है। वे मर चुके शहाबुद्दीन का जिक्र जगह-जगह अपने भाषणों में कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि शहाबुद्दीन के जीवनकाल में ही नीतीश कुमार ने ऐसी स्थिति कर दी थी कि लोग उनसे नहीं डरते थे। खगड़िया की सभा में अमित शाह ने कहा कि सैकड़ों बख्तियार खिलजी आ जाएं तब भी नालंदा को नहीं जला पाएंगे। हर सभा में वे घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करते हैं, जबकि इसका आंकड़ा कोई नहीं दे पा रहा है कि बिहार में एसआईआर होने के बाद कितने घुसपैठिए मिले।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# तेजस्वी के खिलाफ धारणा की लड़ाई हार रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

■ कल्याणी शंकर

आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जिसका सभी संबंधित दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ सत्ता-विरोधी भावनाएं भी प्रबल हैं।

भाजपा नेता पहले से ही जीत का दावा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की है कि भाजपा-एनडीए बिहार में व्यापक जीत दर्ज करेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि ये सर्वेक्षण पार्टियों और उनके नेताओं को प्रभावित करते हैं। ये नेतृत्व, जातिगत गतिशीलता और मतदाताओं की धारणाओं पर भी निर्भर करते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस, वाम दलों और छोटे दलों के साथ गठबंधन करने वाला इंडिया ब्लॉक, दो दशकों के एनडीए शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक उतार-चढ़ाव भरा चुनाव होने का संकेत देता है।

स्थानीय विधायकों में असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोज़गार सृजन की कमी के साथ, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमज़ोर कर रहा है। हालांकि एनडीए को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, लेकिन युवाओं और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूहों को जोड़ने में इसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियां पेश करती है।

चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के स्टार प्रचारक नेताओं से काफ़ी प्रभावित होते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मतदाताओं, खासकर महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त है, जो मुफ़्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ रोज़गार सृजित करने की योजना जैसी उनकी पहलों की सराहना करती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता के लिए एक महिला कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक को 10,000 रुपये आवंटित किए हैं।

सी वोटर सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया, परन्तु उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे, जो 16 प्रतिशत वोटों के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे।

एनडीए का बिहार भर में एक मज़बूत नेटवर्क है, जिसमें भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और जनता दल (यूनाइटेड) जद(यू) दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों का भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मज़बूत करने में मदद की है।

भाजपा ने जद(यू) का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेता एनडीए के लिए प्रचार कर रहे हैं, और वित्तपोषण कोई समस्या नहीं है।

हालांकि, एनडीए स्थानीय स्तर पर संघर्ष कर रहा है, जहां उसे अपने विरोधियों जितनी विश्वसनीयता और ज़मीनी समर्थन का अभाव है।

राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनके पास लगभग 30प्रतिशत मुस्लिम-यादव मतदाता हैं। नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

तेजस्वी राजद का नेतृत्व करते हैं, लेकिन उनके पिता लालू प्रसाद यादव और परिवार के अन्य सदस्यों का अभी भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। पारिवारिक विवाद अक्सर तेजस्वी को पार्टी की रणनीति के बजाय आंतरिक कलह को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर करते हैं। परिवार के कुछ सदस्य कानूनी मुद्दों का सामना कर रहे हैं, जिनमें ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले की ईडी जांच भी शामिल है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद के साथ गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। अब वह कांग्रेस के वफादारों का समर्थन जुटाने के लिए रैलियां और रोड शो करने की योजना बना रहे हैं।

उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। हालांकि, पार्टी को मजबूत स्थानीय नेताओं की कमी के कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस के लगातार खराब प्रदर्शन को गठबंधन में एक कमज़ोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। 1995 के बिहार विधानसभा चुनावों के बाद से, कांग्रेस किसी भी चुनाव में 30 से ज़्यादा सीटें जीतने में कामयाब नहीं हुई है। इस बार, कांग्रेस ने 61 उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से 56 सीटों पर भाजपा और जद(यू) से उसका बीच सीधा मुकाबला है-ये सीटें मुख्यत: एनडीए के नियंत्रण में हैं।

> नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

भाजपा मुख्यत: शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सक्रिय है, जहां जनसंख्या लगभग 30प्रतिशत है। ऐतिहासिक और सामाजिक कारकों के कारण, उच्च जातियों का प्रभुत्व पिछड़े और हाशिए पर पड़े समुदायों तक उसकी पहुंच को सीमित करता है, जो बिहार जैसे राज्य में एक बड़ी ओबीसी और दलित आबादी के लिए एक चुनौती हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के कई नेता बिहार में प्रचार कर रहे हैं।

एनडीए नीतीश कुमार के कल्याणकारी अनुभवों पर ज़ोर देता है, जबकि इंडिया ब्लॉक युवा नेतृत्व और मतदाता भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देता है। युवा वोट और कुल मतदान प्रतिशत बिहार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वोटवाइब के नवीनतम सर्वेक्षण में कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है, जिसमें महागठबंधन को 34.7प्रतिशत और एनडीए को 34.4प्रतिशत समर्थन प्राप्त है। जन सुराज को 12.3प्रतिशत समर्थन प्राप्त है, जबकि 8.4प्रतिशत लोगों को त्रिशंकु विधानसभा की आशंका है।

यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके परिणाम का स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई नेताओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। अगर एनडीए 2025 के बिहार चुनावों में फिर से जीतता है, तो इससे भाजपा को 2026 के कई विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त बल मिलेगा।

इस समय नीतीश कुमार की हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है।

राहुल और प्रियंका गांधी को भी इस बार इंडिया ब्लॉक की जीत की अत्यंत आवश्यकता है। ये नतीजे चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटी पार्टियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### स्वच्छ प्रशासन की चिंता

*'यूं देश में ऐसे अफसरों की कमी नहीं है, जिन्होंने अपने सरकारी कार्यकाल के अनुभव लिखे हैं। इनमें सबसे पहला नाम तो आर.एस. वी.पी. नरोन्हा का है जो मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव थे। सत्तर के दशक में प्रकाशित उनकी आत्मकथा का शीर्षक है- 'अ टेल टोल्ड बाइ एन इडियट।' इसमें उन्होंने बेहद रोचक शैली में निर्वाचित सरकार तथा अफसरशाही के आपसी व्यवहार को चित्रित किया है। श्री नरोन्हा की ख्याति एक बेहद सुलझे हुए ईमानदार, कर्मठ व कुशल अफसर की थी। वे चीफ सेक्रेटरी थे तब लूना या ऐसी किसी मोपेड से अपने घर से वल्लभ भवन आया करते थे। कहना होगा कि अपने समय में ऐसे गुणों वाले वे अकेले अधिकारी नहीं थे। यह बात और है कि वे अपने अनुभवों को लिपिबध्द कर गए।'*

*'मध्यप्रदेश में ही उनके बाद एक और मुख्य सचिव हुए श्री सुशीलचंद्र वर्मा। वे 1960 की शुरुआत में रायपुर में कलेक्टर थे। श्री वर्मा ने 1984-85 के आसपास 'एक कलेक्टर की डायरी' शीर्षक से अपने अनुभव लिखे जो उन दिनों देशबन्धु में धारावाहिक रूप से प्रकाशित भी हुए। श्री वर्मा की शैली भी बहुत रोचक और किस्सागोई थी। नरोन्हाजी की ही तरह वर्माजी ने भी रेखांकित किया कि अगर अधिकारी ठान ले तो वह भय अथवा राग से मुक्त होकर कैसे काम कर सकता है, और साथ ही साथ अपने अधीनस्थों को भी स्वच्छ वातावरण में काम करने के लिए प्रेरणा दे सकता है।'*

**(देशबन्धु में 7 नवम्बर 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/11/blog-post.html

## प्रकाश पर्व

### कुल तारण गुरु नानक आया

गीता में कहा गया है जब-जब धरा पर धर्म का नाश होने लगता है और पाप कर्म बढ़ जाता है तब-तब प्रभु अवतार धारण कर पापियों का नाश करने धरा पर आते हैं। ऐसी ही हालात इस देश की हो गई थी जब गुरु नानक देव जी का इस धरा पर आगमन हुआ था। भाई गुरुदास जी के अनुसार, राजे सिंह मुकदम के चमचे अधिकारीगण प्रजा को कष्ट पहुंचा रहे थे उसी समय नानक जी का धरा पर आना हुआ-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जगमाहि पठाइया।

गुरु नानक देव जी के आगमन पर संसार में पाप की चादर फैली हुई थी वह हट गई और हर तरफ ज्ञान रूपी प्रकाश फैलने लगा-

सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग चाणन होया।
जिओ कर सूरज निकलिया तारे छपे अंधेर पलोया।
गुरमुख कलविच प्रगट होआ।।

गुरु नानक देव का जन्म माता तृप्ता एवं पिता मेहता कालू कल्याणचंद के घर ननकाना साहिब (जो अब पाकिस्तान में है) में राए भोऐ की तलवंडी में कार्तिक पूर्णिमा को सन् 1469 में हुआ था। आपने अरबी, फारसी गुरमुखी ऊर्दू की पढ़ाई बचपन में कर ली थी। आप सभी काम कर लेते थे। गाय-भैंस चराना, खेती बाड़ी करना। आपके जीजा जयराम ने सुलतानपुर लोदी के नवाब दौलत खां के यहां नौकरी में लगा दिया पर वहां आपका मन निरंकार से ही जुड़ा रहा। एक बार आप के पिताजी ने 20 रुपए देकर कोई सच्चा सौदा करने भेजा। गुरुदेव को रास्ते में कुछ साधु मिले जो भूखे थे उनको भोजन हेतु 20 रुपए की खाने की सामग्री लाकर दान कर दिया यह सोचकर कि इससे सच्चा सौदा और क्या हो सकता है? इस कारण उन्हें पिता की डांट खानी पड़ी। आपने मोदी खाने की नौकरी छोड़ दी और जगह-जगह यात्राएं कर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन कराया। धर्म प्रचार हेतु कई जगह की यात्रा भी की।

आपका धर्म प्रचार करने का अंदाज भी निराला था। हरिद्वार में गंगा जी में पश्चिम दिशा में जल चढ़ाया और लोगों के पूछने पर आपने कहा कि मैं पंजाब में अपने खेतों में पानी डाल रहा हूं। लोगों ने हँसते हुए पूछा कि वहां पानी कैसे पहुंचेगा?

तब गुरुदेव ने कहा- जिस तरह पूर्व दिशा में सूर्य को हजारों मील दूर जल चढ़ाने से पहुंच सकता है उसी तरह मेरे पश्चिम में स्थित खेतों में जल चढ़ाने से पहुंचेगा उसी तरह। एक बार मक्का मदीना में काबे की तरफ पैर रखकर सो गए। काजी ने जब यह देखा तो पूछा कौन काफिर इस तरह सो रहा है। तब गुरुदेव ने कहा थका हुआ था सो उधर पैर रखकर सो गया। अब आप जिस तरफ खुदा न हो उधर मेरे पैर घुमा दीजिए। काजी ने गुस्से में गुरुदेव के पैर पकड़ कर चारों ओर घुमाना शुरु किया वे यह देखकर हैरान रह गए जिस तरफ आपके पैर रखता उधर ही काबा दिखाई देता। आपकी शिक्षा थी कि नाम जपो ते वंड छको।

घालि खाये किछ हथों देए नानक राह पछाजै से।

इस तरह आपने यह भी शिक्षा दी कि प्रभु परमात्मा की भक्ति करने हेतु वन कंदराओं में जाने की जरूरत नहीं है वरन गृहस्थ में रहकर अपने परिवार का उदर पोषण करना है और मन निरंकार के साथ जोड़े रखना है। इस बात को नामदेव ने इस प्रकार कहा है-

नामा कहै त्रिलोचना मुख ते नाम सम्भाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

गुरु नानक शाह फकीर हिन्दुओं के गुरु और मुसलमानों के पीर थे। आपने जीवन के आखिरी 18 साल करतारपुर में रहकर खेती बाड़ी भी की। यहीं पर भाई लहणा आकर मिले थे और उनकी सेवा करते उनकी हर आज्ञा का पालन करते थे इसी से प्रसन्न होकर उनको अपने अंग से लगा कर अंगद देव बना दिया। उन्हें शिक्षाएं देकर गुरता गद्दी देकर दूसरा नानक बना कर इस संसार से विदाई ली। आज उनका प्रकाश पर्व है।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### आंध्रप्रदेश के व्यंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ से श्रद्धालुओं की मौत

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। कासीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हादसा उस समय हुआ जब एकादशी की मौके पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। हिन्दू पर्व पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ घटना होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौतें होती हैं। यह पहली और आखिरी घटना नहीं है हिन्दुओं के त्योहार पर मंदिर में भगदड़ मचने की घटना एक इत्तेफाक समझकर विस्मृत की जाती है। लेकिन ऐसी घटनाओं का जख्म दशकों तक नहीं भुलाया जा सकता । आंध्रप्रदेश के राज्य सरकार के मंत्री जिम्मेदारी से बचते नजर आए उन्होंने कहा कि यह मंदिर निजी स्वामित्व वाला है और सरकार के एंडोमेंट्स विभाग के अधीन नहीं आता। उन्होंने बताया कि मंदिर की क्षमता बहुत सीमित थी, लेकिन करीब 25 हजार श्रद्धालु एक साथ पहुंच गए। मंदिर प्रशासन ने न तो कोई विशेष व्यवस्था की और न ही सरकार को सूचना दी। गृह मंत्री ने कहा कि इस बार एकादशी और कार्तिक मास का शनिवार होने से भीड़ सामान्य से कहीं ज्यादा थी। इस तरह के जवाब तथा सरकार अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ती नजर आ रही है। दरअसल, ऐसी घटनाओं पर राज्य और जिला प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। 2024 में हाथरस में हुई भगदड़ सबसे घातक थी, इसमें 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। तिरुपति मंदिर उत्सव के दौरान छह लोगों की मौत हो गई। मुम्बई में बांद्रा टर्मिनल रेलवे स्टेशन में भगदड़ से करीब नौ लोगों की मौत हो गई।

हरिद्वार मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को भयंकर भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मची, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैलाई थी, जिसके चलते ये हादसा हुआ। गोवा के शिरगांव गांव में श्री लाईराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान अचानक भगदड़ मच गई, इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान देर रात धक्का-मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई। इस दौरान नीचे जमीन पर सोए लोगों को भीड़ ने कुचल दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक हवन का आयोजन किया गया था, इस दौरान भारी भीड़ जुटी थी और एक प्राचीन बावड़ी (कुएं) के ऊपर बना स्लैब नीचे गिर गया। इस हादसे में करीब 36 लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के राजामंडी शहर में गोदावरी नदी के किनारे 'पुष्करम' उत्सव के दौरान भारी भीड़ जुट गई और भगदड़ में 27 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ऐसे अवसरों पर सावधानी आवश्यक है, शासन प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए तथा जनता को भी संयम बरतना चाहिए ताकि जानमाल को नुकसान न हो।

**कांतिकुमार मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## ब्रिटेन में शरण के लिए 2024 में रिकॉर्ड संख्या में मिले आवेदन

**यूनाइटेड किंगडम,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में वर्ष 2024 में शरण लेने के लिए 1,08,000 आवेदन प्राप्त हुए, जो 1979 में रिकॉर्ड संख्या शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के हवाले से द टाइम्स अखबार ने यह जानकारी दी है। रिपोर्टों के अनुसार 2024 में शरण प्राप्त करने वाले आवेदनों की संख्या 2023 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। ओईसीडी के आंकड़ों के अनुसार प्रवासियों ने 2024 में ब्रिटेन में अवैध रूप से प्रवेश करने के 44,000 प्रयास किए, जिनमें से अधिकांश इंग्लिश चैनल पार करके आए थे। वर्ष 2023 में यह संख्या 37,000 थी। पाकिस्तानी नागरिकों से 10,000 से अधिक शरण आवेदन आए।

### भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह की 22वीं बैठक आयोजित

# दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

■ **सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग व रणनीतिक व परिचालन रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना उद्देश्य**

**होनोलूलू,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 22वीं बैठक आयोजित की गई है। 3-4 नवंबर को हवाई में सैन्य सहयोग समूह की बैठक के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) के मुख्यालय ने मंगलवार को बताया कि बैठक की सह-अध्यक्षता भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के डिप्टी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जोशुआ एम रुड ने की।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ हेडक्वार्टर ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने, संचालन क्षमता को बढ़ाने और एक स्वतंत्र, खुले और



सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर चर्चा हुई।'

भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह एक ऐतिहासिक मंच है जिसका उद्देश्य दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग तथा रणनीतिक और परिचालन रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। इससे पहले, भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 21वीं बैठक नवंबर 2024 में दिल्ली में आयोजित की गई थी। उस समय बैठक में क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, रक्षा औद्योगिक सहयोग और पारंपरिक व अन्य खतरों से निपटने के लिए तैयारियों को मजबूत करने वाले संयुक्त अभ्यासों की प्रगति समेत कई विषयों पर चर्चा हुई। पिछली बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। दोनों देशों ने सक्रिय जुड़ाव और रणनीतिक रिश्ते को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समक्ष आने वाली गतिशील चुनौतियों के विरुद्ध भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग के दायरे का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की थी। भारत और अमेरिका ने सितंबर में प्रमुख वार्षिक सैन्य अभ्यास भी किया था।

## अमेरिका में शटडाउन से हवाई अड्डे बुरी तरह प्रभावित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन की स्थिति एक महीने से भी ज़्यादा समय से चल रही है। इसका असर अब हवाई अड्डों पर साफ दिखने लगा है। कर्मचारियों की कमी के कारण उड़ानों में देरी और सुरक्षा जांच की लंबी लाइनें बढ़ती जा रही हैं। पिछले सप्ताहांत स्थिति और खराब हो गई। सिर्फ़ रविवार को ही पूरे अमेरिका में पांच हज़ार से ज़्यादा उड़ानें देर से चलीं। सोमवार को व्हाइट हाउस ने इसके लिए डेमोक्रेट नेताओं को जिम्मेदार बताया और कहा कि उनकी राजनीति की वजह से आम लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट दल का कहना है कि सरकार और राष्ट्रपति गलत आरोप लगा रहे हैं।




शटडाउन कब खत्म होगा, यह तय नहीं है। ऐसे में यातायात विभाग ने चेतावनी दी है कि आगे और उड़ानें देर से चलेंगी या रद्द भी हो सकती हैं। हवाई यातायात नियंत्रक को भी बिना वेतन के काम करना पड़ रहा है। परिवहन सचिव शॉन डफी ने कहा कि इन कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है और यदि यही स्थिति जारी रही तो कई लोग नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि देश में पहले से ही लगभग 2,000 से 3,000 नियंत्रकों की कमी है। फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार दोपहर तक 2,530 से ज्यादा उड़ानें देरी से चल रही थीं और 60 से ज़्यादा रद्द कर दी गई थीं।

## भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सीनेटर से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने रिपब्लिकन सीनेटर माइक राउंड्स से मुलाकात कर भारत और अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार में सहयोग पर चर्चा की।



■ **टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर हुई चर्चा**

सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में, राजदूत क्वात्रा ने इस बैठक को बेहद सकारात्मक बताया। क्वात्रा ने आगे कहा, 'भारत और अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग बढ़ाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उत्पादक आदान-प्रदान के लिए एक रोडमैप विकसित करने पर उपयोगी बातचीत हुई। साथ ही, व्यापार और भारत द्वारा अमेरिका से हाइड्रोकार्बन की बढ़ती खरीद पर हमारे वर्तमान द्विपक्षीय सहयोग से भी उन्हें अवगत कराया। ऊर्जा सहयोग भारत-अमेरिका साझेदारी का एक प्रमुख घटक बन गया है और भारत अब अमेरिकी कच्चे तेल और लिक्विड प्राकृतिक गैस की खरीद में तेजी ला रहा है। दक्षिण डकोटा का प्रतिनिधित्व करने वाले रिपब्लिकन सीनेटर राउंड्स, साइबर सुरक्षा पर सीनेट सशस्त्र सेवा उपसमिति के अध्यक्ष और सीनेट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉकस के सह-अध्यक्ष हैं। वे नवाचार को बढ़ावा देने और उभरती प्रौद्योगिकियों में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करने के उद्देश्य से विधायी पहलों में शामिल रहे हैं।

## सुडोकू 7083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

**ग्रह स्थिति : बुधवार 5 नवम्बर, 2025 कार्तिक शुक्ल पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी।

वृषभ - आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा।

सिंह - आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

तुला - आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे।

वृश्चिक - आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

धनु - आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी। क्रोध पर संयम रखें।

मकर - आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी। समाज में अपमानित होने का डर लगा रहेगा।

कुंभ - आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

मीन - नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें। खान-पान पर संयम बरतने की जरुरत है। शारीरिक स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1556 – पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 – स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1639 – मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
1678 – जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर क़ब्ज़ा किया।
1725 – स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1811 – स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 – क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
1870 – महान् स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म।
1872 – उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
1914 – इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
1920 – 'इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी' की स्थापना।
1930 – अमेरिका के महान् साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
1951 – नावेदा परमाणु परीक्षण केंद्र में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
1961 – भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने न्यूयार्क की यात्रा की।
1976 – सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1985 – 24 वर्ष तक शासन करने के बाद तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरेरे द्वारा पद त्याग।
1995 – इजरायल के प्रधानमंत्री यित्ज़ाक रॉबिन की गोली मारकर नृशंस हत्या।

# 22 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक उपायों से वंचित : संरा



■ **1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया : यूएनएफपीए**

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया है। लेकिन करीब 22.4 करोड़ महिलाएं खासकर, विकासशील देशों में अब भी सुरक्षित और प्रभावी परिवार नियोजन साधनों का उपयोग नहीं कर पा रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आधुनिक गर्भनिरोधक उपायों का बढ़ता उपयोग एक बड़ी स्वास्थ्य सफलता है। इससे लाखों युवाओं को अनचाही गर्भावस्था से बचने और अपने भविष्य के बारे में फैसला करने की आजादी मिली है। हालांकि यूएनएफपीए ने चेतावनी दी है कि बहुत से लोगों के लिए अब भी यह मूल मानव अधिकार 'बच्चों को जन्म देने या न देने का फैसला' सीमित बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संस्था ने बताया कि गर्भनिरोधक की अनुपलब्धता से अनचाही गर्भावस्थाओं में बढ़ोतरी होती है और असुरक्षित गर्भपात के कारण मातृ मृत्यु दर भी बढ़ती है। इसके साथ ही किशोरियों में प्रारंभिक गर्भधारण, स्कूल छोड़ने की दर और लैंगिक हिंसा के मामलों में भी वृद्धि देखी जाती है। यूएनएफपीए की कार्यकारी निदेशक दीने केइता ने कहा कि गर्भनिरोधक जीवन बचाते हैं और आर्थिक रूप से भी लाभदायक हैं। उनके अनुसार गर्भनिरोधक की जरूरत पूरी करने पर खर्च किया गया हर एक डॉलर लगभग 27 डॉलर का आर्थिक लाभ देता है। रिपोर्ट में गर्भनिरोधक से जुड़ी आम भ्रांतियों पर भी प्रकाश डाला गया है। यूएनएफपीए ने स्पष्ट किया है कि आधुनिक गर्भनिरोधक सुरक्षित हैं और अनचाही गर्भावस्था से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम किसी भी गर्भनिरोधक विधि से अधिक समस्या वाले होते हैं।

## सूडान में हत्या व यौन हिंसा की घटनाएं जारी : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** सूडान के अल-फशर शहर पर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के कब्जे को एक सप्ताह से ज़्यादा समय हो चुका है। इस दौरान वहां आम लोगों को पकड़कर मार देने और महिलाओं के साथ अत्याचार किए जाने की घटनाएं अब भी जारी हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने यह जानकारी दी।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी में महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों के खिलाफ अपराधों की रिपोर्ट मिली है। ओसीएचए के अनुसार, कथित तौर पर सैकड़ों नागरिक मारे गए हैं, जिनमें मानवीय कार्यकर्ता भी शामिल हैं। बड़ी संख्या में लोग शहर के अंदर फंसे हुए हैं और बाहरी दुनिया से उनका कोई संपर्क नहीं है। जीवन रक्षक सहायता की डिलीवरी अभी भी आरएसएफ द्वारा रोकी जा रही है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत उनका दायित्व है कि वे ऐसी राहत को तेजी से और बिना रुकावट के आगे बढ़ने दें। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया है कि 26 अक्टूबर को शहर के पतन के बाद से लगभग 71,000 लोग एल फशर और आसपास के इलाकों से पलायन कर चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर 40 किलोमीटर दूर तवीला शहर के भीड़भाड़ वाले शिविरों में चले गए हैं।

### अमेरिका के परमाणु परीक्षण पर आया स्पष्टीकरण, कहा

# सिस्टम टेस्ट होगा न कि परमाणु विस्फोट


**वाशिंगटन,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियार परीक्षणों की जो बात कही है उसमें वास्तविक रूप से परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि 'सिस्टम टेस्ट' होगा।



श्री राइट ने फ़ॉक्स न्यूज़ के कार्यक्रम में बताया कि ये परीक्षण अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। उनके अनुसार, 'हम जिन परीक्षणों की बात कर रहे हैं, वे सिस्टम टेस्ट हैं, न कि परमाणु विस्फोट। इन्हें 'नॉन-क्रिटिकल एक्सप्लोजन'कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के जरिए हथियारों के विभिन्न हिस्सों को जांचा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 'आवश्यक संरचना और विस्फोट की तैयारी' की जरूरतों को सही ढंग से पूरा करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेवादा रेगिस्तान के पास रहने वाले लोग विस्फोट के बाद बनने वाले मशरूम आकार के बादल की चपेट में आ सकते हैं तो उन्होंने कहा 'इस बारे में कोई चिंता नहीं है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीबीएस न्यूज को दिए साक्षात्कार में इस बात का खुलासा किया था कि पाकिस्तान, रूस और चीन परमाणु परीक्षण कर रहे हैं तो ऐसे में अमेरिका को रूस और चीन की तरह 'बराबरी के आधार पर' अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करना चाहिए। गौरतलब है कि अमेरिका ने 1992 में कांग्रेस द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद किसी भी प्रकार का वास्तविक परमाणु परीक्षण बंद कर दिया था। अमेरिका का आख़िरी वास्तविक परमाणु विस्फोट तीन दशक पहले नेवादा टेस्ट साइट पर हुआ था। जहां अब परीक्षण केवल कंप्यूटर सिमुलेशन और प्रयोगशाला विश्लेषण के जरिए किए जाते हैं।

## फिलीपींस में तूफान कलमेगी से चार की मौत, कई घर तबाह

**मनीला,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस में तूफान कलमेगी ने चार लोगों की जान ले ली है। आपदा प्रबंधन टीम के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सेंट्रल फिलीपींस में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई, जिससे कई घर डूब गए। वहीं हजारों लोगों को सुरक्षित स्थलों पर शिफ्ट करना पड़ा।



रॉयटर्स के मुताबिक प्रांतीय सूचना अधिकारी एंजेलिज ओरोंग ने बताया कि सेबू के सेंट्रल प्रांत में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। दो और मौतों की अभी भी पुष्टि की जा रही है। ओरोंग ने फोन पर कहा, 'हमें इतनी ज्यादा बाढ़ की उम्मीद नहीं थी। द मनीला टाइम्स ने 'ऑफिस ऑफ सिविल डिफेंस' के डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर राफेलिटो एलेजांद्रो के हवाले से बताया कि 387,000 लोगों को लैंडफॉल से पहले दूसरी जगह भेज दिया गया।

**चिंताजनक** *अब बांग्लादेश बना नया नार्को हब*

# आईएसआई व दाऊद ने दुनिया से बचने के लिए बुना जाल

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। नशीले पदार्थ लंबे समय से आईएसआई के लिए अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को फंड करने का एक बड़ा जरिया रहे हैं। इस बीच भारतीय एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं और आईएसआई के समर्थन से फल फूल रहे दाऊद इब्राहिम के नारकोटिक्स बिजनेस पर शिकंजा कस रही हैं। नतीजतन, डी कंपनी को अपना नेटवर्क बढ़ाना पड़ रहा है ताकि नुकसान की भरपाई कर सके। डी-सिंडिकेट ने अब बांग्लादेश में अपना अड्डा बना लिया है और नशीले पदार्थों के व्यापार को और बढ़ाने के लिए सऊदी अरब में भी विस्तार की योजना बना रहा है। भारत में सिंडिकेट अपने पैर नहीं पसार पा रहा है इसलिए बांग्लादेश को अच्छे विकल्प के तौर पर सेट कर रहा है।

■ **डी-सिंडिकेट ने अब बांग्लादेश में बना लिया अपना अड्डा**
■ **अब ड्रग्स गैंग ने की बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती**

आईएसआई ने डी-सिंडिकेट को निर्देश दिया है कि वह भारत में ड्रग्स बांग्लादेश के रास्ते पहुंचाए। वहां की वर्तमान अंतरिम सरकार का पाकिस्तान के प्रति रवैया दोस्ताना है, और आईएसआई इसी स्थिति का पूरा फायदा उठा रहा है।

आईएसआई ने दाऊद गैंग से यह भी कहा है कि वह बांग्लादेश का इस्तेमाल सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पश्चिमी और मध्य पूर्वी देशों में भी ड्रग्स तस्करी के लिए करे। गैंग ने ड्रग्स के व्यापार को अंजाम देने के




लिए बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती भी की है। म्यांमार से ऑपरेट होने वाले ड्रग माफिया के साथ भी संबंध बढ़ाए हैं।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी का कहना है कि आशंका है कि बांग्लादेश में ऑपरेशन को बड़े स्तर पर अंजाम दिया जाएगा। इनपुट है कि आईएसआई नशीले पदार्थों की तस्करी में बांग्लादेश को अपना मुख्य ऑपरेटिंग सेंटर बनाने के लिए सभी संभावित संसाधनों का इस्तेमाल करेगा। इसका मतलब यह होगा कि फोकस पाकिस्तान से हट जाएगा, जो ड्रग्स ट्रेड का मुख्य केंद्र रहा है। या इसे यूं समझा जा सकता है कि जब फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जैसे संगठन टेरर फंडिंग की जांच करेंगे, तो उंगली पाकिस्तान की ओर नहीं बल्कि बांग्लादेश की ओर मुड़ जाएगी।

पाकिस्तान अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण एफएटीएफ के रेडार पर नहीं आना चाहता। आईएसआई की ग्रे लिस्ट में वापस आने का मतलब सीधा होगा कि पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इस्लामाबाद यह बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि उस पर चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट 2.0 (सीपीईसी) को फंड करने के लिए चीन का दबाव है। पाकिस्तान सऊदी अरब के बाजार पर भी नजर रख रहा है।

## वर्ग पहेली 7083



**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, अलग तरह का
६. किसी वस्तु के मिलने पर फिर से खाने, करने, भोगने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी वस्तु-व्यक्ति, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना १६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह(उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-7082



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# विश्व की पहली सन्निहित बुद्धिमान प्रौद्योगिकी का उपयोग शुरू

**बीजिंग,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। 'एम्बोडीड इंटेलिजेंस' का शाब्दिक अर्थ है 'एम्बोडीड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी सन्निहित कृत्रिम बुद्धिमत्ता', जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को रोबोट व नए ऊर्जा वाहनों आदि भौतिक निकायों में एकीकृत करती है। इससे 'मस्तिष्क' को एक 'शरीर' मिलता है और उनमें मनुष्यों की तरह समझने, सीखने और अपने पर्यावरण के साथ गतिशील रूप से अंत:क्रिया करने की क्षमता मिलती है। 3 नवंबर को, दुनिया की पहली वास्तविक मशीन सुदृढ़ीकरण अधिगम तकनीक को पहली बार एक दैनिक औद्योगिक उत्पादन लाइनों में आधिकारिक तौर पर लागू किया गया।



चीन के शांगहाई शहर में इन नए रोबोट कर्मचारियों को दुनिया की पहली वास्तविक मशीन सुदृढ़ीकरण अधिगम तकनीक से लैस किया गया है। इस तकनीक ने रोबोटों के प्रशिक्षण चक्र को काफी कम कर दिया है। पहले रोबोटों के लिए किसी नए कौशल को सीखने के लिए प्रशिक्षण केंद्र में हफ्तों या महीनों तक का समय लगता था। अब, वे कार्यस्थल पर केवल दस मिनट में इसे आसानी से सीख सकते हैं।

# प्रादेशिकी

## विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें अधिकारी : कुमारी सैलजा

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा पंचायत भवन में मंगलवार को जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने की। बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों से संबंधित 27 एजेंडे रखे गए, जिन पर अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित प्रगति रिपोर्ट सांसद के समक्ष प्रस्तुत की। सांसद ने एक-एक एजेंडे पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने व योजनाओं को सही क्रियान्वयन करने बारे दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें, ताकि योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन हो और लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित एजेंडे की सुनवाई करने के दौरान सांसद ने निर्देश दिए कि सभी बीडीपीओ अपने कार्य क्षेत्र में पड़ने वाले आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगे और वहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं व मौजूदा स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# राज्यों में राजभवन लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतीकः द्रौपदी मुर्मु

## नैनीताल राजभवन के 125 साल पूरे, राष्ट्रपति ने किया वर्चुअल टूर का लोकार्पण

■ वर्चुअल टूर को राजभवन की वेबसाइट पर जाकर देखा जा सकेगा

■ हिमकिरण मांटा

**नैनीताल,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के नैनीताल स्थित राजभवन ने अपनी स्थापना के 125 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राष्ट्रपति ने राजभवन नैनीताल के वर्चुअल टूर का लोकार्पण किया। वर्चुअल टूर से लोगों को ऐतिहासिक राजभवन के डिजिटल भ्रमण का अनुभव हासिल होगा। यह वर्चुअल टूर दर्शकों को राजभवन की स्थापत्य कला, प्राकृतिक सौंदर्य तथा ऐतिहासिक महत्व से रूबरू कराएगा। वर्चुअल टूर को राजभवन की वेबसाइट पर जाकर देखा जा सकेगा। इस अवसर पर राजभवन नैनीताल पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। यह




फिल्म राजभवन नैनीताल की गौरवशाली विरासत, स्थापत्य सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करती है। फिल्म के माध्यम से दर्शक राजभवन के इतिहास, उसकी स्थापत्य विशेषताओं और राज्य की समृद्ध विरासत से अवगत हो सकेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे स्वतंत्र भारत में राष्ट्रपति भवन गणराज्य का प्रतीक है। उसी प्रकार राज्यों में राजभवन लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतीक हैं। उत्तराखण्ड राज्य के गठन के उपरांत यह ऐतिहासिक भवन राज्य की प्रगति का अभिन्न हिस्सा बन गया है। संसदीय प्रणाली में राज्यपाल राज्य की शासन व्यवस्था के संवैधानिक प्रमुख होते हैं। संविधान निर्माताओं ने राज्यपाल के अधिकारों और कर्तव्यों को गहन विचार-विमर्श के उपरांत निर्धारित किया था। राज्य की जनता राजभवन को एक सम्मानित स्थान के रूप में देखती है। इसलिए राज्यपाल के कार्यालय से जुड़े सभी सदस्यों को सरलता, विनम्रता, नैतिकता और संवेदनशीलता जैसे गुणों का पालन करना चाहिए। राष्ट्रपति ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखण्ड राज्य अपने गठन से लेकर अब तक निरंतर प्रगति और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल और उनकी टीम राज्य के नागरिकों को अमूल्य प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे तथा उत्तराखण्ड निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नैना देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इन दिनों उत्तराखंड की यात्रा पर हैं। अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन मंगलवार को राष्ट्रपति ने नैनीताल में मां नैना देवी मंदिर के दर्शन किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की सुख-शांति की कामना की। मां नैना देवी के दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति कैंची धाम पहुंचीं। वहां उन्होंने बाबा नीम करोली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। अपने दो दिवसीय नैनीताल प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शक्तिपीठ श्री मां नयना देवी मंदिर पहुंचकर मां नयना देवी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता से राष्ट्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति मुर्मु का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे।

# हिमाचल विधान सभा का शीतकालीन सत्र 26 नवम्बर से

■ शीतकालीन सत्र 5 दिसम्बर तक चलेगा

**शिमला,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल विधान सभा का शीतकालीन सत्र 26 नवंबर से होगा। धर्मशाला के तपोवन स्थित विधान भवन में होने वाला शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर तक चलेगा।

सत्र के दौरान 8 बैठकें होंगी। 4 दिसंबर को प्राइवेट मे बर डे होगा। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने यह जानकारी दी। पठानिया ने कहा कि राज्यपाल की संस्तुति के बाद विधानसभा सचिवालय की ओर से मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही सदस्य अब अपने.अपने निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सूचनाएं ऑनलाइन तथा ऑफलाइन विधानसभा सचिवालय को भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की शुरूआत शोकोद्गार के साथ 26 नवंबर को सुबह 11 बजे होगी। उन्होंने कहा कि 29 व 30 नवंबर को बैठकें नहीं होंगी। पठानिया ने कहा कि धर्मशाला तपोवन में आयोजित किया जाने वाला यह अब तक का सबसे बड़ा सत्र है , जिसमें आठ बैठकें आयोजित की जाएंगी।




### सत्र के हंगामेदार होने के आसार

शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने का अंदेशा है। खासतौर पर नगर निगम चुनाव में संशोधन के साथ साथ आपदा पीड़ितों को राहत के साथ साथ विश्व विद्यालय के कार्मिकों व रिटायर कर्मियों को समय पर वेतन व पेंशन का भुगतान न होने, सरकारी अदारों में खाली पदों को भरने, केंद्रीय अथवा बाह्य ऋण प्रायोजित योजनाओं के मुद्दे को लेकर विपक्षी भाजपा सरकार पर हमलावर हो सकती है।

### विधान सभा अध्यक्ष ने दी गुरु नानक देव जयंती की बधाई

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जयंती की प्रदेश तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में पठानिया ने कहा कि गुरु नानक देव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई तथा जातिवाद, धर्म आधारित भेदभाव, मूर्ति पूजा और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया। उनका मानना था कि भगवान एक है और सभी लोग समान हैं।

## सार संक्षेप

### टेलिग्राम एप से 12 लाख से अधिक की साइबर ठगी, तीन गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा की साइबर क्राइम थाना की विशेष टीम ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को राजस्थान के फलौदीसे गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि शेयर मार्किट में ट्रेडिंग कर पैसा इंवेस्टमेंट करने के नाम पर मोटा मुनाफे का लालच देकर रानियां थाना क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति से करीब 12 लाख 22 हजार 165 रुपए का साइबर फ्रॉड किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अक्तूबर 2025 को किसी अज्ञात नंबरों से उसके मोबाइन पर कॉल और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप से जुड़कर शेयर ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा कमा सकते हो। पीड़ित व्यक्ति पूरी तरह से साइबर अपराधियों के झांसे में आ गया और साइबर अपराधियों द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक कर कम समय में बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में आ गया और धीरे-धीरे टेलिग्राम एप पर पैसे इंवेस्टमेंट करने लगा।

### पूरे अम्बाला छावनी में बनेगा स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अंबाला में सदर क्षेत्र में स्ट्रॉम वॉटर पाइपलाइन का कार्य पहले ही सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। इसके परिणामस्वरूप बरसात के दौरान पानी का निकास सुचारू रूप से हुआ और किसी भी बाजार में जलभराव नहीं हुआ। अब शेष अम्बाला छावनी क्षेत्र में भी इसी तर्ज पर स्ट्रॉम वॉटर ड्रेनेज सिस्टम लगाया जायेगा। इसके लिए 57.42 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। यह पाइपलाइन डिफेंस कॉलोनी तक बिछायी जाएगी। यह जानकारी हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने दी। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी और इसके बाद कार्य आरंभ होगा।

### काशीपुर में हथियार तस्कर गिरफ्तार, दो पिस्तौल बरामद

**काशीपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड के काशीपुर में पुलिस ने मंगलवार को एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे में दो अवैध हथियार बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीपुर की आईटीआई पुलिस को अवैध हथियारों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली। इसी दौरान पुलिस टीम ने शिवलालपुर गांव जाने वाली सड़क पर जाल बिछा लिया।

### सुडोकू 7083 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

# नगरों में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को मिला नया आयामः धामी

■ मुख्यमंत्री ने 46 करोड़ 24 लाख की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**काशीपुर,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हमारे नगर स्वच्छता, सड़क व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की रजत जयंती वर्ष समारोह की श्रृंखला में काशीपुर में राज्य स्तरीय शहरी विकास सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने 46 करोड़ 24 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा दिव्यांग सशक्तिकरण कौशल विकास वाहन व नगर निगम काशीपुर के 14 कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के प्रारंभिक वर्षों में, जब हमारे शहर अपने स्वरूप में ढल रहे थे, तब हमारे निकायों के सामने बुनियादी सुविधाओं के साथकृसाथ आवश्यक संसाधनों का भी अभाव हुआ करता था। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं ने भी विकास कार्यों की गति को अत्यधिक प्रभावित किया। परंतु इन 25 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा में हमारे राज्य ने अनेकों चुनौतियों का सामना करते हुए विकास, समृद्धि और सुशासन के नएकृनए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी राज्य की आत्मा उसके गाँवों में बसती है तो




शहरों में हमारे नागरिकों के सपने और आकांक्षाएँ आकार लेते हैं। इसी सोच के साथ हमने शहरी विकास को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है। आज हमारे नगर स्वच्छता, सड़क व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और जनकल्याण जैसे क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में उत्तराखण्ड का नगरीय स्वरूप तेजी से बदला है। वर्ष 2001 में जहाँ राज्य की शहरी जनसंख्या लगभग 16 प्रतिशत थी, वहीं आज यह बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। यही नहीं, राज्य गठन के समय राज्य में केवल 63 स्थानीय निकाय थे और देहरादून एकमात्र नगर निगम हुआ करता था, लेकिन आज राज्य में 107 नगरीय निकाय और 11 नगर निगम शहरों के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### पारंपरिक मेले हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं: मुख्यमंत्री

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह मेला आस्था एवं समृद्ध सांस्कृतिक लोक परंपराओं का प्रतीक है। आज यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीनगर गढ़वाल में स्थित माँ धारी देवी और भगवान कमलेश्वर महादेव के पौराणिक मंदिर सम्पूर्ण उत्तराखंड की अनमोल धरोहर है। प्रत्येक वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मेला आस्था एवं समृद्ध सांस्कृतिक लोक परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा इस प्रकार के पारंपरिक मेले हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास को आगे बढ़ा रही है। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और कनेक्टिविटी सहित अनेकों क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश के विकास के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को भी संरक्षित किया जा रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत पुनर्निमाण कार्य चल रहे हैं। ऋषिकेशकृकर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन के पूर्ण होने पर श्रीनगर के साथ पूरे गढ़वाल क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा श्रीनगर क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य भी करवाए जा रहे हैं। 4 करोड़ 88 लाख की लागत से रोडवेज बस स्टेशन एवं पार्किंग का निर्माण किया गया है। अलकनन्दा नदी के किनारे गंगा संस्कृति केंद्र का निर्माण कार्य, श्रीनगर नगर पालिका को नगर निगम बनाया गया है।

# गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य : सुक्खू

**शिमला,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाजार की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को कुशल बनाया जा रहा है इससे उनके रोजगार की क्षमता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने आज यहां तकनीकी शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली की समीक्षा करते हुए खाली भवनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष, 2018 से 2023 के बीच 126.45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात भवन खाली पड़े हैं। उन्होंने विभाग को जनहित में इन भवनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण के नाम पर सरकारी धन की बर्बादी अस्वीकार्य है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तकनीकी शिक्षा विभाग को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को छात्रों के



■ खाली भवनों के सर्वोत्तम उपयोग के दिए निर्देश

नामांकन, समग्र प्रदर्शन और इन संस्थानों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के आधार पर ग्रेड प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त पड़े पदों को भरेगी और इन संस्थानों को हर संभव सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा संस्थानों में नए पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी बल दिया ताकि युवाओं को उभरते रोज़गार क्षेत्रों के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

# डीएलएसए की टीम करेगी किसानों को जागरूक : सीजेएम पवन कुमार

**भिवानी,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सद्भाव की कटाई - प्रदूषण मुक्त खेतों की थीम पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान ग्रामीणों को विशेषकर पर्यावरण संरक्षण के बारे जागरूक किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि किसानों को पर्यावरण कानूनों, कृषि संबंधी विवादों पर किसानों को कानूनी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना, पराली न जलाने और प्रदूषण को कम करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही मानसून के दौरान हुई भारी बारिश के कारण हुए नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा, बीमा और राहत योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बारे जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि किसानों को पराली जलाने पर पर्यावरण संबंधित कानून व उसके दंड और पराली प्रबंधन प्रोत्साहन, फसल बीमा, काश्तकारी और मुआवजा योजनाओं के तहत किसानों के अधिकार, मशीनीकृत कटाई पद्धति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, नकली बीजों, उर्वरकों और कीटनाशकों से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों पर किसानों को जानकारी दी जाएगी।

# सदन में विपक्ष ने भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया

**देहरादून,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा में विपक्ष के उप नेता भुवन कापड़ी को रजत जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष सत्र में बोलने का मौका क्या मिला उन्होंने तो राज्य के सर्वव्यापी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर शासन में बैठे नेताओं और अधिकारियों दोनों को ही धो डाला। उनका कहना है कि विधायक बनने के बाद जब यह जाना कि यहां तो विधायक निधि से काम करने में कमीशन देना पड़ता है तो उन्हें बहुत ही तकलीफ हुई। उनका कहना है कि बहुत दबाव के बाद भी वह धार्मिक कामों के लिए 5 प्रतिशत तथा अन्य कामों पर 10 फीसदी कमीशन देते हैं। साथ ही उनका कहना है कि इस बात को सभी विधायक और मंत्री जानते हैं। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत जिन्होंने राज्य में लोकायुक्त गठन का वायदा पूरा करने का प्रयास किया था



धार्मिक कामों के लिए 5 प्रतिशत व अन्य कामों पर 10 फीसदी कमीशन देना पड़ता हैं : भुवन कापड़ी

और दबाव के कारण इस प्रयास में असफल रहने पर जिन्हें यह कहना पड़ा था कि जब राज्य में भ्रष्टाचार ही नहीं रहा तो लोकायुक्त की भी क्या जरूरत है? कापड़ी के बयान के बाद इसके पीछे का सच समझा जा सकता है कि उन्होंने क्यों ऐसा कहा था तथा राज्य में भ्रष्टाचार की क्या स्थिति है। भुवन कापड़ी यही नहीं रुकते वह जॉर्ज एवरेस्ट की बात भी कहते हैं कि सरकार ने इसे विकसित करने में कितने करोड़ खर्च किए और फिर एक रुपए की दर पर (कौड़ियों के भाव) इसे महाराज जी को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह सरकार से पूछा था कि इससे उसे क्या फायदा हुआ। उधर इस विशेष सत्र में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की वह टोपी भी चर्चाओं के केंद्र में रही जिसे पहनकर वह सत्र में पहुंचे थे। इस टोपी पर लिखा था ट्टगंगा बचाओ हिमालय बचाओ, अपनी ही सरकार से यह मांग करने वाले किशोर से चुटकी लेते हुए कई लोगों ने पूछा भाई साहब क्या फिर कांग्रेस ज्वाइन कर ली है क्या? किशोर उपाध्याय का कहना था कि वैसे टोपी पहनाना अच्छा नहीं माना जाता। मैंने किसी को टोपी नहीं पहनानी।

# अम्बाला छावनी, शहर के बीच लोकल बस सेवा होगी सुदृढ़

**चंडीगढ़,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि अम्बाला छावनी और अम्बाला शहर के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय/शहरी बस सेवा को मजबूत किया जा रहा है, ताकि शहरवासियों का सफर अधिक आरामदायक हो सके। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी में पांच नयी इलेक्ट्रिक एसी बसें लोकल सेवा में जोड़ी गयी हैं। कई वर्षों से स्थानीय बस सेवा बंद थी, जिसे उन्होंने परिवहन मंत्री बनते ही दोबारा शुरू कराया। वर्तमान में लगभग 25 बसें दिनभर अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी और आसपास के गांवों में परिवहन सेवाएं दे रही हैं। इनमें ज्यादातर इलेक्ट्रिक वातानुकूलित बसें हैं, जबकि कुछ छोटी बसें छोटे क्षेत्रों में आवागमन के लिए चलायी जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि जनता को सस्ती, स्वच्छ और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएं।

# ग्रामीण विकास की रीढ़, वित्तीय दृष्टि से सशक्त बनाना जरूरी: रविशंकर

**रुद्रप्रयाग,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला सभागार में छठे राज्य वित्त आयोग की टीम की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायतों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करना और स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव एन रविशंकर ने की तथा अन्य सदस्य सेवानिवृत्त सचिव पीएस जंगपांगी, पूर्व सचिव डॉ एमसी जोशी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की। आयोग के सदस्यों ने पंचायतों को प्राप्त होने वाले सहायता



अनुदान, राजस्व वितरण, कर संग्रहण, एवं वित्तीय पारदर्शिता से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। इसलिए उन्हें वित्तीय दृष्टि से सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। पंचायत प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के संचालन को लेकर समयबद्ध वित्तीय आवंटन, तकनीकी मार्गदर्शन और मानव संसाधन की

■ जिला सभागार में छठे राज्य वित्त आयोग की बैठक

■ पंचायतों की वित्तीय सुदृढ़ता पर मंथन

उपलब्धता आवश्यक है। प्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया कि योजनाओं के स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया को और सरल तथा ऑनलाइन किया जाए, ताकि विकास कार्यों में गति लाई जा सके। आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर ने कहा कि राज्य वित्त आयोग का उद्देश्य पंचायतों को वित्तीय स्वायत्तता प्रदान करना और स्थानीय निकायों की जरूरतों के अनुरूप नीतियां बनाना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों को आयोग की अनुशंसा रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा, जिससे राज्य स्तर पर बेहतर नीतिगत निर्णय लिए जा सकें।

बैठक के अंत में आयोग के सदस्यों ने जिला प्रशासन की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि रुद्रप्रयाग जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आयोग के सुझावों के अनुरूप पंचायतें भविष्य में और अधिक प्रभावी ढंग से ग्रामीण विकास में योगदान देंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, उपाध्यक्ष रितु नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस की कार्यकारिणी गठित



**गुरुग्राम,** 4 नवम्बर(देशबन्धु)। मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन गुरुग्राम के सिटी प्लाजा में किया गया। यह बैठक मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस के प्रदेश कोषाध्यक्ष उमेश गर्ग की मौजूदगी में की गई। बैठक में पिछले दिनों नियुक्त किए गए जिला प्रधान धर्मेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष राम खटाना, महासचिव प्रवेश चौहान ने सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया।

नई कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर अभिषेक अग्रवाल को नियुक्त किया गया। उप प्रधान के पद पर संजय मेहरा, सचिव राजेश यादव, प्रवक्ता पवन कुमार सेठी को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी में विजय भारद्वाज, प्रवीण कुमार, बलराज दायमा, शेखर यादव, योगेश कुमार, महेश शर्मा, ईश्वर शर्मा, निखिल को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। बैठक में तय किया गया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके लिए प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी के साथ वार्ता की जा रही है।

# प्रादेशिकी

## सत्ता नहीं, व्यवस्था परिवर्तन की जंग लड़ रहे हमः अनुप्रिया

**बरेली।** केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण व रासायन उर्वरक राज्यमंत्री और अपना दल (सोनेलाल) राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने अपनी पार्टी के 30 वर्ष के सफर को व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि हमेशा व्यवस्था परिवर्तन की बात कही। अपना दल (एस) स्थापना दिवस पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि अपना दल सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा गरीब, शोषित, पिछले और दलित वर्ग जो अब तक पीछे हैं, उन्हें आगे लाना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने बरेली में जुटी भीड़ हमारी पार्टी के लिए नई ऑक्सीजन है। कार्यकर्ताओं ने बता दिया कि अपना दल अब सिर्फ पूरब की पार्टी नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की ताकत है। पश्चिम में भी हम अपनी जमीन मजबूत कर रहे हैं।

## सिक्सलेन फ्लाई फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति अपेक्षित न होने पर योगी ने लगाई फटकार

### अफसरों को दिए निर्देश, टेक्निकल मैनपॉवर और संसाधन बढ़ाकर तेजी से पूरा करें सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण

■ योगी ने किया गोरखपुर के पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण



**लखनऊ/ गोरखपुर,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम टीपीनगर चौक से पैडलेगंज मार्ग पर निर्माणाधीन गोरखपुर के पहले सिक्सलेन फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। फ्लाईओवर के पिलर संख्या 62-63 और 18-19 के पास जायजा लेने के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षित न होने पर नाराजगी जताई। इसके लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मानसून थमने से लेकर अबतक का समय काम में तेजी लाने के लिए बेहद अनुकूल था। उन्होंने सवाल किया कि आखिर इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया। अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं होने पर मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में नसीहत दी कि सामान्य और टेक्निकल मैनपॉवर तथा मशीन, उपकरण जैसे संसाधन बढ़ाकर काम को तय समय सीमा में तेजी से पूरा किया जाए।

बिहार के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के बाद मंगलवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री सबसे पहले नहर रोड स्थित आजाद चौक आए। यहां उन्होंने सिक्सलेन फ्लाईओवर के पिलर संख्या 62-63 के पास रुककर निर्माण की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। 429 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत वाले गोरखपुर के इस पहले सिक्सलेन फ्लाई ओवर का निर्माण फरवरी 2023 में शुरू हुआ था और कार्य जनवरी 2026 तक पूरा किया जाना लक्षित है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 2.6 किमी लंबे और कुल 77 पिलर वाले इस फ्लाईओवर के निर्माण की भौतिक प्रगति 72 प्रतिशत से अधिक है। लक्षित समय तक कार्य पूरा करने की कड़ी चेतावनी देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि पिलर पर स्लैब डालते वक्त सिक्योरिटी और सेफ्टी के सभी इंतजाम हर हाल में सुनिश्चित किए जाएं। सिक्सलेन फ्लाईओवर के पिलर संख्या 18-19 के पास निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि फ्लाईओवर पर और इसके नीचे सर्विस रोड पर भी प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था होनी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पिलर के नीचे खाली जगह का अयोध्या की तर्ज पर सुंदरीकरण कराने और सड़क का स्लोप नाले की तरफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाले पर जगह-जगह सड़क से कनेक्ट जाली लगाई जाए ताकि पानी के साथ कूड़ा नालियों में न जाने पाए। सीएम योगी ने फ्लाईओवर के नीचे सड़क के दोनों तरफ ड्रेन और नालों के ऊपर स्लैब डालने का कार्य अधिकतम एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्विस रोड और नालों के अलाइनमेंट पर विशेष ध्यान देने की नसीहत भी दी और कहा कि किसी भी दशा में जलजमाव नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के ड्राइंग मैप का अवलोकन करते हुए सभी पिलर पर स्लैब पड़ने की स्थिति के बारे में पूछा तो सेतु निगम के अधिकारियों ने बताया कि 77 में से 55 पिलर पर स्लैब पड़ चुके हैं। जनवरी 2026 तक बाकी पिलर पर भी स्लैब डाल दिए जाएंगे। सिक्सलेन फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने सड़क के दोनों तरफ नालों की स्थिति का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, प्रशासन, पुलिस, सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और जीडीए के अधिकारी मौजूद रहे।

## वेंकटेश्वरा में चैट जीपीटी व एआई टूल्स पर कार्यशाला



एआई उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता संज्ञानात्मक क्षमताओं में कमी ला सकती है और दक्षता के लिए हमें अंतिम प्रस्तुतिकरण से पहले उनके परिणामों की दोबारा जाँच करनी चाहिए : डॉ. मोनिका मखीजा

**मेरठ,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली रुड़की बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने चैटजीपीटी और उससे आगे एआई टूल्स, जिनमें हर संकाय और छात्र को महारत हासिल करनी चाहिए, विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य हमारे संकाय और छात्रों को एआई के लिए तैयार करना था, और यह प्रदर्शित करना था कि चैटजीपीटी जैसे उपकरण शिक्षण, सीखने और अनुसंधान को कैसे बदल सकते हैं। जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ग्रेटर नोएडा की डीन एचआर डॉ. मोनिका मखीजा, जिनकी सहायता आउटरीच मैनेजर सुश्री सुमन धामी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉक्टर राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, अकादमिक डीन डॉ. राहुल शर्मा और शिक्षा निदेशक डॉ. बीसी दुबे ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षा विभाग के प्राचार्य डॉ. नितिन राज वर्मा और फार्मेसी विभाग की प्राचार्य डॉ. रितु वर्मा ने एआई टूल्स कार्यशाला का अनावरण किया। डॉ. मोनिका मखीजा ने जोर देकर कहा कि एआई उपकरण दक्षता, सटीकता और उत्पादकता में सुधार के लिए मौजूद हैं। उन्होंने विभिन्न एआई उपकरणों और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी प्रयोज्यता के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता संज्ञानात्मक क्षमताओं में कमी ला सकती है और दक्षता के लिए हमें अंतिम प्रस्तुतिकरण से पहले उनके परिणामों की दोबारा जाँच करनी चाहिए। परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने दोहराया कि एआई उपकरण समय की माँग हैं और आज के तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में, हमें एआई उपकरणों के उपयोग के लिए खुद को उन्नत करना चाहिए। अंत में, डीन डॉ. राहुल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार रहने हेतु एआई उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. फरहीन जावेद ने कार्यक्रम का बहुत ही शानदार संचालन किया।

## सार संक्षेप

### महिला जनसुनवाई राज्य महिला आयोग की सदस्या

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या श्रीमती मनीषा अहलावत द्वारा दिनांक 06 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी। पीड़ित महिलाएँ अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई मे लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

### महिला से रास्ता पूछने के बहाने चेन लूटी

**मेरठ।** गंगानगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार 2 युवकों ने सीएनजी पंप का रास्ता पूछने के बहाने एक महिला से दिनदहाड़े चेन लूट ली। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। 1 मिनट 25 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि दोनों युवक करीब एक मिनट तक रेकी करते हैं। एक युवक बाइक स्टार्ट करके खड़ा रहता है। जबकि दूसरा महिला के इर्द-गिर्द घूमता है। दोनों युवक करीब एक मिनट तक महिला के आस-पास ही रहे। फिर रास्ता पूछने के बहाने पास आए और चेन लूटकर भाग गए। पीड़ित महिला शिक्षा विभाग से रिटायर हैं और घर पर अकेली रहती हैं। पति की मौत हो चुकी है। दोनों बेटे बाहर रहकर पढ़ाई करते हैं। महिला रोजाना दोपहर 12 बजे जानवरों को रोटी खिलाने जाती हैं। सोमवार को जब वह घर से निकलीं तो युवकों ने घटना को अंजाम दिया।

### दुल्हा बोला 20 लाख दो, तभी बारात लाऊंगा, मामला दर्ज

**मेरठ।** दौराला में 2 नवंबर को दुल्हन और मेहमान बारात का इंतजार करते रहे, लेकिन सिपाही दूल्हा बारात नहीं लाया। इसके बाद दुल्हन के घरवालों ने दूल्हे अभिषेक और उसके पिता गोपाल शर्मा पर दहेज का मुकदमा कराया। परिवार ने लोगों को अपना दर्द बयां किया। परिवार ने बताया कि रिश्ता जोड़ते वक्त उन लोगों ने सबके सामने कहा था कि हमें कुछ नहीं चाहिए। हम तो केवल 1 रुपए में रिश्ता करेंगे। लेकिन वो सिर्फ दिखावटी बातें थी। शादी के दिन वो लोग 20 लाख मांगने लगे और बारात लेकर नहीं आए, हमारी बच्ची दुल्हन बनी बैठी रही। जो दूल्हा एक रुपए में रिश्ता करने की बात कहे वो इतना बड़ा लालची होगा सोच नहीं सकते।

### चोरी के आरोप में अधेड़ व्यक्ति को पीटकर किया अधमरा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत की पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में रामलीला मेले में मानवीय संवेदना का शर्मसार करने वाला मामला देखने को मिला। यहां एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को कथित चोरी के आरोप में बल्ली से बांधकर मारा पीटा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई।

## मानवता और करुणा के संदेश के साथ मनाई गई गुरु नानक जयंती




पब्लिक स्कूल समूह की सभी शाखाओं में आयोजित हुए कार्यक्रम

**मेरठ,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल समूह में 4 प्रथम सिख गुरु, महान आध्यात्मिक गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रार्थना से हुआ, जिसके पश्चात विचार एवं गुरु नानक जयंती का महत्व बताते हुए गुरु नानक देव जी के उपदेशों शांति, समानता एवं नि:स्वार्थ सेवा- पर प्रकाश डाला गया एवं सभी को सत्य, करुणा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए बताया गया कि गुरु नानक देव जी का संदेश सबको एक समान मानकर सबको सबको प्रेम से एक साथ मिलकर रहना सिखाता है- सब में एक प्रभु बसता है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए शबद कीर्तन ने वातावरण को भक्ति और शांति से भर दिया। गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित एक संक्षिप्त प्रस्तुति ने सभी को आत्म चिंतन के लिए प्रेरित किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक गणों को गुरु नानक जयंती एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। यह आयोजन सभी को यह संदेश दे गया कि हमें अपने जीवन में विनम्रता, करुणा, सेवा और भाईचारे का अनुसरण करना चाहिए - यही सच्ची श्रद्धा और संस्कारों से युक्त दिव्यता का प्रतीक है।

## इटावा में डीबीए चुनाव को लेकर दो पक्ष आमने सामने

**इटावा,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। इटावा में जिला बार एसोसिएशन (डीबीए) के चुनाव को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसे लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता शांति स्वरूप पाठक ने मंगलवार को कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सात नवंबर को डीबीए चुनाव के लिए मतदान कराया जाएगा।

शांति स्वरूप पाठक ने कहा कि वह अभी भी एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हैं, हालांकि इस संबंध में डीबीए के अध्यक्ष और महामंत्री का कहना है कि डीबीए ने शांति स्वरूप पाठक के स्थान पर प्रेम शंकर शर्मा को एल्डर्स कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। प्रेम शंकर शर्मा ने कहा है कि वे एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हैं और डीबीए चुनाव हर हाल में 15 नवम्बर से पहले कराए जाएंगे। मंगलवार की दोपहर में पत्रकारों से बातचीत में शांति स्वरूप पाठक ने बताया कि बार काउंसिल के पत्र उन्हें मिले हैं जिनमें पहले की पत्रों को निरस्त करके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव कराए जाने के लिए कहा गया है।

## विद्युत सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा कर एमडी ने दिए निर्देश



■ क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकथाम एवं राजस्व वसूली को और प्रभावी बनाए, निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाए

**मेरठ,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता आईएएस द्वारा जनपद बागपत स्थित 33/11 केवी यपीएसआईडीसी उपकेन्द्र बागपत का निरीक्षण के दौरान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, स्वीच यार्ड स्थित ट्रांसफार्मर क्षमता एवं लोड प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई।

प्रबन्ध निदेशक द्वारा उपकेन्द्र पर वोल्टेज लेवल, ट्रांसफार्मर ऑयल, कैपेसिटर बैंक, वीसीबी एवं प्रोटेक्शन रिले, अर्थिंग सिस्टम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जाये। क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकथाम एवं राजस्व वसूली को और प्रभावी बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए। अधीक्षण अभियन्ता श्री जगदीश चन्द्र यादव ने बताया कि राजस्व वृद्धि में गत वर्ष के सापेक्ष वृद्धि हुई है एवं लाईन लॉस कम हुआ हैं जिस पर प्रबन्ध निदेशक के द्वारा अधीक्षण अभियन्ता की सराहना की गयी। इस अवसर पर जगदीश चन्द्र यादव, अधीक्षण अभियन्ता बागपत, सोनम सिंह स्टॉफ ऑफिसर, अमित कुमार अधिशासी अभियन्ता बागपत, प्रदीप कुमार सोनकर अधिशासी अभियन्ता बड़ौत द्वितीय, बृजेश कुमार यादव अधिशासी अभियन्ता प्रथम बड़ौत विनोद कुमार अधिशासी अभियन्ता मीटर्स आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम व एसएसपी ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण



■ मेले में आए श्रद्धालुओं ने अधिकारियों से की वार्ता

■ सूर्यास्त के बाद हुआ दीपदान तो जगमगा उठे सूने घाट

**मेरठ,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा ने संबंधित अधिकारियों के साथ मखदूमपुर गंगा घाट मेले का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, ट्रैफिक व्यवस्था, घाटों पर साइनेज, एम्बुलेन्स, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, एसपी देहात अभिजीत कुमार, एसडीएम मवाना संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एएमयू के प्रोफेसर ने पांडुलिपि विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत की



**अलीगढ़,** 4 नवम्बर (देशबंधु)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अरबी विभाग के अध्यक्ष, प्रो. मोहम्मद सनाउल्लाह नदवी ने 25 से 31 अक्टूबर तक बांग्ला अकादमी, ढाका द्वारा, संस्कृति मंत्रालय, बांग्लादेश सरकार के तहत आयोजित पांडुलिपि विज्ञान पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय सलाहकार और प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम के उद्देश्यों में पुथी (पारंपरिक पांडुलिपि प्रारूप) के माध्यम से बांग्ला में पुस्तक प्रकाशन पर एक पायलट परियोजना विकसित करना, पांडुलिपियों का लिप्यंतरण, पाठ संपादन और संरक्षण, साथ ही उनका डिजिटल संग्रह करना शामिल था। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रो. नदवी ने बांग्ला अकादमी में भारतीय उपमहाद्वीप में पांडुलिपियों की अवधारणा, लिप्यंतरण और संकलन पर व्याख्यान दिए। उन्होंने पांडुलिपि संपादन में संपादकीय तकनीकों के महत्व और पाठ्य आलोचना के सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला।

अपने विचार व्यक्त करते हुए, प्रो. नदवी ने विश्वास व्यक्त किया कि पांडुलिपि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और संरक्षण में, बांग्ला अकादमी अपनी शैक्षणिक और साहित्यिक गतिविधियों का और विस्तार करेगी, साथ ही यह कार्यशाला शोधकर्ताओं और संपादकों के कौशल को बढ़ाने में मदद करेगी। कार्यक्रम समन्वयक और बांग्ला अकादमी के निदेशक, डॉ. मोहम्मद हारुन राशिद ने प्रो. नदवी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## फतेहपुर में पिटाई से मरे श्रमिक के परिजनों ने लगाया जाम

**फतेहपुर,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में दबंगों की पिटाई से मजदूर की मृत्यु होने से गुस्साये परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुये शव सड़क पर रख कर जाम लगा दिया। इस मामले में पांच नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हथगांम थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी दलित राजकुमार दो नवंबर को अपनी 5000 रुपये की मजदूरी मांगने गया था जहां दबंगों ने उसे पैसा ना देकर बुरी तरह पीट दिया। गंभीर रुप से घायल राजकुमार को परिजन घर लेकर आए और उसका इलाज वही कर रहे थे। चार नवंबर को दोपहर में अचानक उसकी तबीयत और खराब हुई तो परिजन उसे लेकर सादर अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आक्रोशितों को समझा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### त्रिदिवसीय विविधांजलि-6.0 प्रतियोगिता का भव्य समापन

## चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल ने लहराया जीत का परचम

■ निपुण मेला और बेबी शो बने आकर्षण का केंद्र

■ खेल, कला और संस्कृति का रहा अद्भुत समागम



**मेरठ,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित त्रिदिवसीय विविधांजलि-6.0 प्रतियोगिता का भव्य समापन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ हुआ, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर संपूर्ण चैंपियनशिप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में 30-35 स्कूलों के लगभग 350 से अधिक प्रतिभागियों ने फुटबॉल, ताइक्वांडो एवं स्केटिंग खेलों में प्रदर्शन कर भाग्य आजमाया। साथ ही किंडर गार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अभिभावकों के साथ निपुण मेले एवं बेबी शो में अपनी मासूम अदाओं, आत्मविश्वास और प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विगत वर्षों की भांति विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय एम.पी. सिंह के जन्मदिवस पर स्मरण करते हुए उनके द्वारा दिए गए मूल्यों, प्रेरणा एवं आदर्शों को पुन: जीवंत करना है। समारोह का शुभारंभ ऊर्जावान उद्घोषणा के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी विद्यालय की डायरेक्टर अनुमेहा सिंह एवं डॉ श्वेता सिंह उपस्थित रही। प्रधानाचार्य मनीष सेकसरिया व उप प्रधानाचार्या डॉ वर्षा भारद्वाज ने मुख्य अतिथियों का औपचारिक रूप से स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधों से सजे गमले भेंट किये। प्रोवाइस चेयरपर्सन शशि सिंह व प्रबंधक अतुल कुमार सिंह ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय में कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें संगीत, स्कूल बैंड और नृत्य कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अंत में खेल परिषद के प्रशिक्षकों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान किए।

प्रतिभागियों का हौसला बढ़ते हुए डायरेक्टर अनुमेहा सिंह जी ने कहा कि विविधांजलि केवल प्रतियोगिताओं का मंच नहीं बल्कि, विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व का उत्सव है। सफलता केवल पदक से नहीं बल्कि स्वयं पर विश्वास से मिलती है। इसके बाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए और विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों व प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए गए। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल मेरठ ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर ओवर ऑल चैंपियन ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। डायरेक्टर श्वेता सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें गिरकर फिर से उठना सिखाते हैं, यही असली जीवन की सीख है।

## सुभारती में महिला सशक्तिकरण पर पैनल चर्चा

**मेरठ,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में सुभारती समूह से बीस वर्ष से अधिक समय से जुड़े शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय



के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि इन शिक्षकों ने सुभारती की नींव को मजबूत करने में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दो दशकों से विश्वविद्यालय से जुड़े रहना स्वयं में एक बड़ी उपलब्धि है।

कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णामूर्ति ने कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षकों के कारण ही सुभारती निरंतर प्रगति कर रहा है। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सत्यम खरे ने विश्वविद्यालय के प्रारंभिक वर्षों की स्मृतियाँ साझा कीं, जबकि डॉ. प्रदीप राघव और डॉ. मयूर कौशिक ने अपने विचार रखे। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि सुभारती परिवार सदैव अपने शिक्षकों का ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में महानिदेशक मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, डॉ. अभय शंकर गौड़ा, विभिन्न संकायों के अध्यक्ष और छात्र परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

# [अर्थ जगत]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.28 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.89 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.93 प्रतिशत |
| भारतीय स्टेट बैंक | 0.72 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावर ग्रिड | 3.13 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.79 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.86 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 1.76 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,20,770 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,49,125 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7872.97 |
| मसूर काली | 8149.89 |
| उड़द दाल | 10364.31 |
| मूंग दाल | 10100.44 |
| अरहर दाल | 10543.32 |

## मांग के अभाव में फंडिंग के लिए जूझ रही देश की 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं



हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है : जयंत सिन्हा

- 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत
- इन 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में इस समय 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं जो खरीद समझौतों के अभाव में वित्त पोषण के लिए संघर्ष कर रही है। स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय संगठन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सलरेटर (आईटीए), बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

'अनलॉकिंग इंडियाज क्लीन इंडस्ट्रियलाइजेशन ऑपर्च्युनिटी' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। इन परियोजनाओं से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है।

इनमें से 51 परियोजनाएं रसायन उद्योग में, पांच एल्युमीनियम उद्योग में, चार इस्पात उद्योग में, तीन विमानन उद्योग में और दो सीमेंट उद्योग में हैं। कुल 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका है, दो अंतिम निवेश निर्णय के चरण में है। अन्य 59 की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है। इसके अलावा कार्यक्रम में आईटीए भारत परियोजना समर्थन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई जिसके तहत आईटीए रिपोर्ट में पहचान की गई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक, उद्योग और सरकार के साथ समन्वय करेगा। घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर फंड जुटाने के लिए उचित परिस्थितियां बनाने की कोशिश की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और एवरसोर्स कैपिटल के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत और हरित भारत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और विकसित भारत के लिए हरित भारत अनिवार्य है। हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है।

श्री सिन्हा ने कहा कि यह सच्चाई है कि हरित विकास को उद्योग जगत के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, इसके लिए नीतिगत हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस साल सबने देखा कि मानसून असामान्य रहा और शायद पहली बार दिवाली के बाद भी लोगों को एसी चलाकर सोना पड़ रहा है। यदि इसी तरह ग्लोबल वार्मिंग बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का तापमान गर्मी के दिनों में 50 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने लगेगा।

आईटीए के प्रबंध निदेशक जेम्स स्कफील्ड ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए बैंकों से ऋण नहीं मिल पाने का सबसे बड़ा कारण मांग में कमी है। बैंकों को लंबे समय के लिए राजस्व की सिक्योरिटी ज्यादा भाती है, आम तौर पर वे चाहते हैं कि 10-15 साल का खरीद समझौता हो। यह एक बड़ी चुनौती है कि हम किस तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से मांग का सृजन कर सकते हैं। हरित सार्वजनिक खरीद जैसी कुछ सरकारी पहलें हो सकती हैं। इसके अलावा खरीदारों के अलायंस, बाजार तंत्र या वित्त पोषण तंत्र हो सकते हैं जो मांग और आपूर्ति में संतुलन बनाने में मददगार हो सकते हैं।

## एक नए युग में प्रवेश कर रही भारत की ऊर्जा-यात्रा : पुरी



हम अपनी ही जमीन व समुद्र के नीचे छिपी दौलत की ओर ध्यान दे रहे हैं : हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत की ऊर्जा यात्रा एक नए युग में प्रवेश कर रही है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व में मिशन अन्वेषण भारत के इतिहास में एक सबसे बड़ा सिस्मिक मैपिंग प्रोग्राम बन गया है, जिसे बीते वर्ष अक्टूबर में 792 करोड़ रुपए के निवेश से लॉन्च किया गया था।'

उन्होंने एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी कि कई दशकों से हम अपनी अधिकतर जरूरतों के लिए ऑयल और गैस पर निर्भर रहे हैं। यहां तक कि आज भी इनसे हमारी ऊर्जा की 80 प्रतिशत जरूरत पूरी हो रही है। उन्होंने बताया कि दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हमारी मांग समय के साथ लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसी के साथ अनुमान है कि अगले दो दशकों में ग्लोबल एनर्जी डिमांड ग्रोथ में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ओर से दर्ज की जाएगी और इस फ्यूचर के निर्माण के लिए ही भारत अपने आंतरिक बदलावों पर ध्यान दे रहा है।

हम अपनी ही जमीन और समुद्र के नीचे छिपी दौलत की ओर ध्यान दे रहे हैं और यही मिशन अन्वेषण की भावना है। इस मिशन को लेकर आगे जानकारी देते हुए वीडियो में बताया गया है कि मिशन का उद्देश्य देश भर में 20 हजार ग्राउंड लाइन किलोमीटर्स से अधिक की मैपिंग करना है। उन्होंने मिशन की प्रगति को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक कुल 8000 ग्राउंड-लाइन किलोमीटर्स का सर्वेक्षण किया जा चुका है।

## जीजेईपीसी ने महत्वपूर्ण पॉलिसी सुझाव किए पेश



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल ट्रेड में भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) ने केंद्र सरकार से कस्टम्स एक्ट में बदलाव करने, रियायती एक्सपोर्ट क्रेडिट देने, एईजेड एक्ट में संशोधन को जल्द से जल्द पास कराने और एक नेशनल जेम एंड ज्वैलरी पार्क पॉलिसी बनाने जैसे कई अपीलें की हैं।

काउंसिल के एक बयान में बताया गया है कि जीजेईपीसी के चेयरमैन किरित भंसाली ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट सेक्टर के कुछ खास इंडस्ट्री रिप्रेजेंटेटिव्स के साथ एक मीटिंग की। इस मीटिंग में उन्होंने एक्सपोर्ट बढ़ाने और भारत के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण पॉलिसी सुझाव पेश किए। भंसाली ने इस मीटिंग में भारत की एक ट्रेड फ्रेंडली एनवायरमेंट को बनाए जाने की जरूरत पर प्रकाश डाला ताकि भारत लीडिंग ट्रेड हब जैसे बेल्जियम, लंदन, यूएसए और यूएई के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके।

## पीएलआई योजना का तीसरा चरण लांच



- पीएलआई योजना में अब तक 43,874 करोड़ रुपए का किया गया निवेश
- 30,760 रोजगार व 14.3 मिलियन टन के स्पेशियलिटी स्टील का किया उत्पादन

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। इस्पात मंत्रालय की ओर से मंगलवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने स्पेशियलिटी स्टील के लिए पीएलआई योजना के तीसरे चरण को लांच किया।

मंत्रालय के अनुसार, पीएलआई योजना ने अब तक 43,874 करोड़ रुपए का निवेश, 30,760 प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 14.3 मिलियन टन के स्पेशियलिटी स्टील का उत्पादन किया है। इस वर्ष सितंबर तक पहले दो राउंड में पार्टिसिपेट करने वाली कंपनियों ने 22,973 करोड़ रुपए का निवेश किया है और 13,284 रोजगार के अवसरों का सृजन किया। इस्पात मंत्रालय की ओर से पीएलआई योजना के तीसरे चरण की 6 मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, पीएलआई 1.2 के लिए लॉन्च डेट से 30 दिनों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए एप्लीकेशन को इनवाइट किया जाएगा। नोटिफाइड प्रोडक्ट्स के एंड-टू-एंड मैन्युफैक्चरिंग का काम देख रही भारत में रजिस्टर्ड कंपनियां आवेदन के लिए पात्र होंगी। योजना का तीसरा राउंड स्ट्रेटेजिक स्टील ग्रेड्स, कमर्शियल ग्रेड्स (कैटेगरी 1 और 2), कोटेड/वायर प्रोडक्ट्स सहित पांच ब्रॉड टारगेट सेगमेंट में 22 प्रोडक्ट सब-कैटेगरी को कवर करता है।

इंसेन्टिव इंक्रीमेंटल सेल्स का 4 से 15 प्रतिशत तक की रेंज में होगा, जो कि प्रोडक्ट सब-कैटेगरी और उत्पादन के वर्ष पर निर्भर करेगा। फायदे वित्त वर्ष 2026 से अधिकतम पांच वर्ष के लिए उपलब्ध होंगे, जिसमें इंसेटिव वित्त वर्ष 27 से वितरित होंगे। वर्तमान ट्रेंड्स को दिखाने के लिए प्राइस का बेस ईयर 2019-20 से रिवाइज कर 2024-25 कर दिया गया है। मंत्रालय के अनुसार, स्पेशियलिटी स्टील के लिए पीएलआई स्कीम कैबिनेट द्वारा जुलाई 2021 में अप्रूव की गई थी।

### सार संक्षेप

### संजय कुमार स्पाइसजेट के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को इंडिगो के शीर्ष प्रबंधन में शामिल पूर्व अधिकारी संजय कुमार को कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। स्पाइसजेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री कुमार की नियुक्ति 03 नवंबर से प्रभावी हो गई है। वह कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह को रिपोर्ट करेंगे। अपनी नयी भूमिका में वह एयरलाइंस के विस्तार, परिचालन और कारोबारी बदलावों की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह नियुक्ति ऐसे समय में की गई है जब स्पाइसजेट आर्थिक तंगी से उबरने की कोशिश कर रही है। श्री कुमार 12 साल तक इंडिगो के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी के पद पर और तीन साल से अधिक समय के लिए मुख्य रणनीतिकार एवं राजस्व अधिकारी रहे। वह इंटरग्लोबल टेक्नोलॉजी क्वोशंट और एयर एशिया इंडिया में भी शीर्ष पदों पर रह चुके हैं।


### जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने दूसरे क्वार्टर में मजबूत वृद्धि हासिल की

**नई दिल्ली** : जीएचवी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीएसई-505504) कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरे तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने इस अवधि के दौरान आय में 128% और मुनाफे में 138% की बढ़ोतरी दर्ज की है। उल्लेखनीय है कि जीएचवी इंफ्रा सड़क, रेल, पानी, एयरपोर्ट रनवे, बंदरगाह और ऊर्जा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ-साथ स्टील, रिफाइनरी, तेल और गैस पाइपलाइन्स, बड़े कारखाने आदि के औद्योगिक विकास तथा औद्योगिक, वेयरहाउसिंग, कॉमर्शियल, आवासीय, होटल, संस्थान, अस्पताल, प्लांट और नॉन-प्लांट इमारतों के ईपीसी/टर्नकी प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन से जुड़ी हुई कंपनी है। कंपनी के वित्तीय परिणामों के संबंध में मैनेजिंग डायरेक्टर अजय हंस ने कहा कि 'जीएचवी इंफ्रा ने इस तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जिसे समय पर प्रोजेक्ट क्रियान्वयन और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन से समर्थन मिला है। सफल बोनस इश्यू और मध्य पूर्व में विस्तार, शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि करने और नई संभावनाएं हासिल करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुभवी नेतृत्व के साथ हम विकास की इस गति को बनाए रखने को लेकर आशावादी हैं।

### मोबिक्विक ने तिमाही-दर-तिमाही एबिटा में 80% की वृद्धि दर्ज की

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े डिजिटल वॉलेट[2] वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड (मोबिक्विक) (एनएसईः मोबिक्विक/बीएसईः 544305) ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने आय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) की घोषणा की। कंपनी ने अपने पेमेंट और फाइनेन्शियल सर्विस बिजनेस में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोबिक्विक ने अपनी मजबूत विकास की रफ्तार को जारी रखा और मुनाफे की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। **तिमाही प्रदर्शन** : कंपनी ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में कॉस्ट कंट्रोल और बेहतर मार्जिन वृद्धि के ज़रिए एक मज़बूत परिचालन तिमाही दर्ज की। ऑपरेशनल अनुशासन के कारण 24.8 करोड़ रुपये का EBIT-DA लाभ हुआ और तिमाही-दर-तिमाही 80% की वृद्धि हुई, जिससे घटकर EBITDA 6.4 करोड़ रह गया।

## चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजारों में गिरावट




- सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत गिरकर 83,459.15 स्तर पर रहा
- निफ्टी 0.64 प्रतिशत लुढ़ककर 25,597.65 अंक पर बंद

**मुंबई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 519.34 अंक (0.62 प्रतिशत) टूटकर 15 अक्टूबर के बाद के निचले स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत लुढ़ककर 25,597.65 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 16 अक्टूबर के बाद का निचला स्तर है।

बाजार में आज चौतरफा बिकवाली रही और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। धातु, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलिटी, बैंकिंग और स्वास्थ्य समूहों में ज्यादा गिरावट देखी गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा पिछले सप्ताह नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में आज रही तेजी से भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं। एनएसई में कुल 3,181 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,062 के शेयर लाल निशान में और 1,034 के हरे निशान में बंद हुए जबकि 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियां भी दबाव में रहीं। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 फीसदी टूट गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 25 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 3.13 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 2.79 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 2.53, टाटा स्टील का 1.86, मारुति सुजुकी का 1.76 और बीईएल का 1.69 प्रतिशत टूट गया। एलएंडटी में 1.48 प्रतिशत, एनटीपीसी में 1.34, आईटीसी में 1.29, इंफोसिस में 1.17, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.15,ट्रेंट में 1.12, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.05 और एशियन पेंट्स में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन में सबसे अधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर 1.89 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 1.16, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.93 और भारतीय स्टेट बैंक का 0.72 प्रतिशत चढ़ा।

वैश्विक स्तर पर भी गिरावट देखी गई। एशिया में जापान का निक्केई 1.74 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 फीसदी टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.78 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.28 प्रतिशत नीचे था।

## 'पे फेयरनेस सेंटीमेंट' में सबसे आगे भारत



- कंपनियों में काम कर रहे कर्मचारी अपनी सैलरी को लेकर अधिक संतुष्ट
- केवल 11 प्रतिशत कर्मचारी अपनी सैलरी को लेकर असंतुष्ट

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। कंपनियों में काम करने वाले ऐसे कर्मचारियों की संख्या बीते एक वर्ष में 31 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत रह गई है, जिन्हें लगता है कि उन मिल रही सैलरी उचित नहीं है। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया भर में कर्मचारियों की फेयर सैलरी को लेकर सोच में सुधार देखने को मिल रहा है।

ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट कंपनी एडीपी की रिपोर्ट बताती है कि सर्वे में शामिल 34 मार्केट में भारत उचित सैलरी मिलने की भावना (पे फेयरनेस सेंटीमेंट) में सबसे आगे बना हुआ है। भारत में केवल 11 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी सैलरी को लेकर असंतुष्टी व्यक्त की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अलग-अलग बाजारों में अंतर देखने को मिला है। जहां, दक्षिण कोरिया और स्वीडन में 'पे फेयरनेस सेंटीमेंट' क्रमशः 45 प्रतिशत और 39 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक बना हुआ है। अलग-अलग देशों में जेंडर पे गैप की भी जानकारी मिलती है। 34 में से 15 मार्केट में 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के लिए अनफेयर पे दर्ज किया गया है, जबकि पुरुषों के लिए अनफेयर पे केवल पांच मार्केट में दर्ज किया गया है। हालांकि, भारत उन कुछ बाजारों में से एक बना हुआ है, जहां महिलाओं की तुलना में ऐसे पुरुषों की संख्या अधिक है, जिन्हें लगता है कि उनकी सैलरी उचित नहीं है। भारत में उचित सैलरी को लेकर अंसतोष (पे फेयरनेस डिससैटिस्फैक्शन) उम्र के साथ कम होने की जानकारी मिलती है।

## चावल, चीनी, खाद्य तेल मजबूत गेहूं नरम, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट रही। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए। वहीं, दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 29 रिंगिट चढ़कर 4,144 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा भी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.47 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत आठ रुपए बढ़कर 3,846.14 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपए टूटकर 2,857.42 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत पांच रुपए फिसलकर 3,308.39 रुपए प्रति क्विंटल हो गई।

खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 32 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 32 रुपए और सूरजमुखी तेल 26 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 46 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ा गया। सोया तेल में 13 रुपए की मजबूती देखी गई जबकि पाम ऑयल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं, चीनी चार रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7872.97 रुपए, मसूर काली 8149.89 रुपए, मूंग दाल 10100.44 रुपए, उड़द दाल 10364.31 रुपए, तुअर दाल 10543.32 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## 'बैंक क्रेडिट ग्रोथ' डिपॉजिट ग्रोथ से निकली आगे



फेस्टिव डिमांड व जीएसटी रेट कट का दिखा असर

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। सीजनल फेस्टिव डिमांड, जीएसटी रेट कट और मजबूत रिटेल और एमएसएमई एक्टिविटी जैसे कारकों के चलते इस वर्ष मिड अक्टूबर तक बैंक क्रेडिट ग्रोथ डिपॉजिट ग्रोथ को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गई। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। केयर एज रेटिंग्स के अनुसार, 17 अक्टूबर तक कुल क्रेडिट ऑफ टेक सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 192.1 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसके अलावा, फेस्टिव सीजन के दौरान मजबूत व्हीकल फाइनेंसिंग के साथ समग्र क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा मिलने की उम्मीद की जा रही है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि यह वृद्धि बढ़ते बॉन्ड यील्ड की वजह से कॉरपोरेट के दिलचस्पी की वजह से देखी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, एग्रीगेट डिपॉजिट सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 238.8 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई। यह 1 प्रतिशत की क्रमिक गिरावट को भी दर्शाती है। केयर एज रेटिंग्स के अनुसार, क्रेडिट-टू-डिपॉजिट रेश्यो वर्तमान 15 दिनों में 80 प्रतिशत मार्क को पार करते हुए 80.4 प्रतिशत हो गया। वर्तमान 15 दिनों में डिपॉजिट में गिरावट फेस्टिव सीजन में कैश निकासी और सर्कुलेशन में करेंसी के बढ़ने के कारण दर्ज की गई, जो कि सालाना आधार पर बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपए हो गई। इसके अलावा, डिपॉजिट के घटने का एक और कारण बैंकों के रेट कटिंग साइकल में होना और निवेशकों का दूसरे विकल्पों की ओर रुख करना हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शॉर्ट-टर्म वेटेड एवरेज कॉल रेट भी बीते 15 दिनों में 5.47 प्रतिशत से बढ़कर 5.53 प्रतिशत हो गया है और 5.50 प्रतिशत की रेपो रेट से तीन बेसिस प्वाइंट ऊपर बना हुआ है।

### एसबीआई का कारोबार दूसरी तिमाही में 100 लाख करोड़ के पार

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया और उसका एकल शुद्ध मुनाफा 9.97 प्रतिशत बढ़कर 20,160 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

बैंक ने मंगलवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि दूसरी तिमाही में ब्याज से प्राप्त आय 5.08 प्रतिशत बढ़कर 1,19,654 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, वहीं, ब्याज के मद में खर्च की गई राशि 6.12 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 76,670 करोड़ रुपए रही।

# खेल जगत

## सपने देखना बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत कहां ले जाएगी: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अपनी कप्तानी में पहली बार विश्व चैंपियन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर ने देश के युवाओं के नाम संदेश दिया है। भारतीय कप्तान ने कहा कि युवा सपने देखना कभी बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत आपको कहां ले जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा साझा एक वीडियो में हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'जब से मुझे बचपन में पसंद और नापसंद का अंदाजा हुआ, मेरे हाथ में हमेशा बल्ला रहा। मैं अपने पिता के बल्ले से खेला करती थी। बल्ला बड़ा था, एक दिन मेरे पिता ने अपने एक बल्ला काटकर छोटा कर दिया। हम उससे खेला करते थे। जब हम टीवी पर कोई मैच देखते थे, या भारत को खेलते हुए देखते थे, या विश्व कप देखते थे, तो मैं सोचती थी कि मुझे भी ऐसे ही किसी मौके की जरूरत है। उस समय, मुझे महिला क्रिकेट की जानकारी नहीं थी।



# स्मृति, दीप्ति व जेमिमा टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल

## दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया की भी तीन तीन खिलाड़ी टीम में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। नए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप क्रिकेट चैंपियन भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना, टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक जड़ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं जेमिमा रॉड्रिग्ज की त्रिमूर्ति दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुल्फर्ट की कप्तानी में चुनी गई आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह बनाने में कामयाब रही। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट को कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोंस और ईशा गुहा, गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर-इवेंट एंड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और एस्टली वासुदेवन (जर्नलिस्ट रिप्रेजेंटेटिव) की चयन समिति ने चुना।







आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025

आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट :लारा वुल्फर्ट (कप्तान), मारीजान कैप व नडाइन क्लार्क (तीनों द.अफ्रीका), जेमिमा रॉड्रिग्ज, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज (तीनों भारत), एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, एलाना किंग (तीनों ऑस्ट्रेलिया), ब्रिटेन की सोफी एक्लेस्टोन व पाकिस्तान की सिदारा नवाज (विकेटकीपर)। 12वीं खिलाड़ी नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड)।

नए चैंपियन भारत की स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्ज, उपविजेता दक्षिण अफ्रीका की लारा वुल्फर्ट,मारिजेन कैप व नडाइन डी क्लार्क तथा सेमीफाइनल में भारत से हार कर बाहर होने वाली ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड, एलाना किंग व एशले गार्डनर के रूप में तीन तीन खिलाड़ियों और पाकिस्तान की एक एक खिलाड़ी को महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में एकादश में जगह मिली जबकि नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड) को 12 वीं खिलाड़ी के महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह मिली।भारत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वल्फर्ट रविवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल और लीग मैच में भी आमने सामने थी।

भारत ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा के हरफनमौला खेल की बदौलत नवी मुंबई में महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप चैंपियन बनने का गौरव पाया। दक्षिण अफ्रीका की वुल्फर्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड और फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़ने केसाथ तीन अर्द्धशतकों सहित 71.37की औसत से कुल सबसे ज्यादा 571 रन बनाए।

### वाल्वर्ट बनीं नम्बर एक वनडे बल्लेबाज

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वाल्वर्ट ने विश्व कप के सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफ़ार्ट ने सेमीफ़ाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफ़ाइनल में भारत के ख़िलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफ़ी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।



# द्रविड़ के बेटे अन्वय अंडर-19 वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी टीम में हुए शामिल

■ द्रविड के बेटे हैदराबाद के आरोन जॉर्ज की कप्तानी वाली टीम 'सी' का हिस्सा हैं



**मुंबई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीआई) की जूनियर सिलेक्शन कमिटी ने मंगलवार को आने वाली पुरुष अंडर-19 वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 5 से 11 नवंबर तक हैदराबाद में होगा। टीमों में एक खास नाम अन्वय द्रविड़ का है, जो भारत के पूर्व हेड कोच और इस खेल के दिग्गजों में से एक द्रविड़ के छोटे बेटे हैं। वह हैदराबाद के आरोन जॉर्ज की कप्तानी वाली टीम 'सी' का हिस्सा हैं। खास बात यह है कि अन्वय हाल ही में सुर्खियों में थे, जब उन्होंने पिछले महीने विनोद मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक की अंडर-19 टीम को जीत दिलाई थी।

**टीम 'ए':** विहान मल्होत्रा (कप्तान) (पीसीए), अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एमसीए), वंश आचार्य (एससीए), बालाजी राव (विकेटकीपर) (सीएससीएस), लक्ष्य रायचंदानी (सीएयू), विनीत विकेटकीपर (टीएनसीए), मार्कंडेय पंचाल (यूटीसीए), सात्विक देसवाल (सीएपी), वी. यशवीर (एचवाईसीए), हेमचुदेशन जे (टीएनसीए), आर.एस. अंबरीश (टीएनसीए), हनी प्रताप सिंह (आरसीए), वासु देवानी (जीसीए), युद्धाजित गुहा (सीएबी), ईशान सूद (पीसीए)।

**टीम 'बी':** वेदांत त्रिवेदी (कप्तान) (जीसीए), हरवंश सिंह (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एससीए), वफी कच्छी (एचवाईसीए), सागर विर्क (पीसीए), सायन पॉल (सीएबी), वेदांत सिंह चौहान (पीसीए), प्रणव पंत (डीडीसीए), एहित सलारिया (विकेटकीपर) (यूटीसीए), बी.के किशोर (टड्डीएनसीए), अनमोलजीत सिंह (पीसीए), नमन पुष्पक (एमसीए), डी दीपेश (टीएनसीए), मोहम्मद मलिक (एचवीसीए), मोहम्मद यासीन सौदागर (एमसीए), वैभव शर्मा (केएससीए)।

**टीम 'सी':** एरॉन जॉर्ज (कप्तान) (एचवाईसीए), आर्यन यादव (उपकप्तान) (पीसीए), अंकित चटर्जी (सीएबी), मणिकांत शिवानंद (केएससीए), राहुल कुमार (पीसीए), यश कासवंकर (गोवा सीए), अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर) (केएससीए), युवराज गोहिल (विकेटकीपर) (एससीए), खिलन ए पटेल (जीसीए), कनिष्क चौहान (एचसीए), आयुष शुक्ला (एमपीसीए), हेनिल पटेल (जीसीए), लक्ष्मण पृथी (डीडीसीए), रोहित कुमार दास (सीएबी), मोहित उलवा (एससीए)।

**टीम 'डी':** चंद्रहास डैश (कप्तान) (सीएबी), मौल्यराजसिंह चावड़ा (उपकप्तान) (जीसीए), शांतनु सिंह (यूपीसीए), अर्नव बुग्गा (डीडीसीए), अभिनव कन्नन (टीएनसीए), कुशाग्र ओझा (आरसीए), आर्यन सकपाल (वीकेटकीपर) (एमसीए), ए. रापोल (विकेटकीपर) (एचवाईसीए), विकल्प तिवारी (सीएससीएस), मोहम्मद एनां (केसीए), अयान अकरम (यूपीसीए), उद्धव मोहन (डीडीसीए), आशुतोष महिदा (बीसीए), एम तोषित यादव (आंध्र सीए), सोलिब तारिक (जेकेसीए)।

# जीतेश भारत 'ए' के कप्तान होंगे, धीर उपकप्तान

## 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी व प्रियांश आर्य भी टीम में शामिल



राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप

■ टीम का चयन अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने किया

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर(देशबन्धु)। विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के दोहा में 14 से 23 नवंबर तक खेले जाने वाले राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप (पहले यह टूर्नामेंट इर्मजिंग टूर्नामेंट के नाम से जाना जाता था) टूर्नामेंट में भारत ए के कप्तान होंगे जबकि नमन धीर उपकप्तान होंगे। चयनकर्ताओं ने बिहार के 14 बरस के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और दिल्ली के प्रियांश आर्य को भी भारत ए टीम में शामिल किया गया है। वैभव सूर्यवंशी को राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप के लिए भारत ए टीम में चुने जाने के कारण ही चार टीमों की अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चुनी गई चार टीमों में शामिल नहीं किया गया। अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी को जूनियर राष्ट्रीय चयन समिति अगले साल होने वाले अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की अंडर 19 टीम को चुनने के लिए बेहद अहम मानती हैं। वैभव सूर्यवंशी का अगले साल होने वाले आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना फिलहाल पक्का ही नजर आता है। राइजिंग स्टार्स टी -20 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने किया। आईपीएल में दिल्ली के प्रियांश आर्य ने पंजब किंग्स के लिए और वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के तूफानी शतक जड़ सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति में सभी का ध्यान खींचा। प्रियांश आर्य ने साथ ही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया। अपनी पहली ही आईपीएल में 2025 में प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए शतक जड़ने के साथ करीब 180 की स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए थे। बीसीसीआई तेज गेंदबाजों के लिए बड़ा पूल तैयार करने के लिए गुरजपनीत सिंह, व्यस्क विजय कुमार युद्धवीर सिंह और यश ठाकुर पर खास निगाह रही और इन सभी को भारत ए टीम में चुना गया है। साथ ही तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में रमणदीप सिंह और सूर्यांय)श शेगड़े को भी भारत ए टीम में चुना गया है। एसीसी राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप में शिरकत करने वाली आठ टीमों को चार चार टीमों के को दो ग्रुप ए : अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग व श्रीलंका तथा ग्रुप बी भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई में बांटा गया है। यूएई में सितंबर में हुए टी 20 एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को हरा खिताब जीता था। एसीसी और पीसीबी के अध्यक्ष पाकिस्तान के मोहसिन नकवी से भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। तब नकवी यह ट्रॉफी लेकर ही भाग गए थे। इसके बाद अब राइजिंग एशिया कप टी 20 टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें पहली बार आमने सामने होगी।

**चुनी गई भारतीय टीम है :** जीतेश शर्मा (कप्तान - विकेटकीपर),नमन धीर (उप कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी,नेहाल वढेरा, सूर्यांश शेडगे, रमणदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर। गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार व्यस्क, युद्धवीर सिंह,अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा।

**स्टैंडबाय :** गुरनुर सिंह कुमार कुशाग्र,तनुष कोटियान, समीर रिजवी, शेक रशीद।

### कार्यक्रम

- 14 नवम्बर: ओमान वि पाक, भारत वि यूएई।
- 15 नवम्बर : बांग्लादेश वि हांगकांग, अफगानिस्तान वि.श्रीलंका।
- 16 नवम्बर :ओमान वि यूएई, भारत वि पाकिस्तान।
- 18 नवम्बर :पाकिस्तान वि यूएई, भारत वि ओमान।
- 19 नवम्बर : अफगानिस्तान वि हांगकांग, बांग्लादेश वि श्रीलंका।
- 21 नवम्बर : सेमीफाइनल : ए 1 वि बी 2 , बी 1 वि ए 2
- **23 नवम्बर : फाइनल।**

# घुटने की चोट के कारण बीबीएल से बाहर हुए अश्विन

**नई दिल्ली**, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग में आगामी सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया था। वह इस लीग में खेलने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बनने वाले थे। लेकिन इंजरी की वजह से आर अश्विन पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। सिडनी थंडर और अश्विन ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। आर अश्विन की हाल ही में घुटने की सर्जरी इंजरी हुई है। वह रिकवरी की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और बीबीएल शुरू होने तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाएंगे। इस वजह से वह आगामी सीजन से बाहर हो गए हैं। सिडनी थंडर ने मंगलवार को जारी एक बयान में आर अश्विन की इंजरी की वजह से सीजन से बाहर होने की पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि टीम उनकी रिकवरी प्रक्रिया पर नजर रखेगी और देखेगी कि सीजन के दूसरे या आखिरी चरण में वह खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। आर अश्विन ने एक बयान में कहा, 'चेन्नई में तैयारी के दौरान घुटने में चोट लग गई। मेरा ऑपरेशन हुआ है। आगामी सीजन में नहीं खेल पाउंगा। मै इस टीम के लिए खेलने को लेकर काफी उत्साहित था।' उन्होंने कहा, 'रिहैब, रिकवरी और मजबूत वापसी के लिए कड़ी मेहनत करना जरूरी है। सिडनी थंडर से जुड़कर बहुत अच्छा महसूस हुआ। टीम के लिए पहली गेंद फेंकने से पहले ही मुझे घर जैसा महसूस कराने के लिए शुक्रिया। मैं हमारी महिला और पुरुष दोनों टीमों के हर मैच देखूंगा। अगर मेरी रिकवरी की प्रक्रिया ठीक रही, तो सीजन के अंत में सभी से व्यक्तिगत रूप से मिलना पसंद करूंगा।



चेन्नई में तैयारी के दौरान घुटने में चोट लग गई। मेरा ऑपरेशन हुआ है। आगामी सीजन में नहीं खेल पाउंगा। मै इस टीम के लिए खेलने को लेकर काफी उत्साहित था : आर अश्विन

## सार संक्षेप

### अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**ढाका।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं। 2014 में बीपीएल में मैच फिक्सिंग के कारण प्रतिबंधित होने के बाद अशरफुल पहली बार राष्ट्रीय ड्रेसिंग रूम में वापसी करेंगे। अशरफुल ने घरेलू सर्किट के साथ-साथ ग्लोबल सुपर लीग में भी विभिन्न पदों पर बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने दो मौकों पर रंगपुर राइडर्स की बल्लेबाजी इकाई का मार्गदर्शन किया था। इस बीच, पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर और वर्तमान बोर्ड निदेशक अब्दुर रज्जाक आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के टीम निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आयरलैंड को नवंबर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। एसबीएनएस में बोर्ड बैठक के बाद मीरपुर शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रज्जाक ने संवाददाताओं से कहा, 'अशरफुल के पास अनुभव है - यह तो तय है।

### राणा और सांगवान के शतक पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली।** अर्पित राणा (नाबाद 170) और सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोये 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया।हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। दिल्ली ने आज बिना कोई विकेट खोये 76 रन से आगे खेलना शुरू किया। नाबाद बल्लेबाजों अर्पित और सांगवान ने अपने-अपने शतक पूरे किये और टीम के स्कोर को 321 रन तक ले गए जिसके बाद मैच ड्रा घोषित किया गया। अर्पित ने 275 गेंदों पर नाबाद 170 रन में 17 चौके और दो छक्के लगाए जबकि सांगवान ने 213 गेंदों पर नाबाद 122 रन में नौ चौके लगाए। दोनों ने पहले विकेट की अविजित साझेदारी में 321 रन जोड़े और मैच ड्रा करवा दिया।

### टिम सीफर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से पहले करारा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट इस हफ्ते की शुरुआत में घरेलू क्रिकेट के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर के बाद बाहर हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए बल्लेबाजी करते समय गेंद लगने से सीफर्ट चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली के एक्स-रे से चोट का पता चला है। सीफर्ट की अनुपस्थिति में, मिच हे को टीम में शामिल किया गया है, हालांकि डेवोन कॉनवे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

# सीन विलियम्स को राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी: जिम्बाब्वे क्रिकेट

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि सीनियर खिलाड़ी सीन विलियम्स को अब राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं दी जाएगी। बोर्ड के इस फैसले के बाद विलियम्स का अंतराष्ट्रीय करियर समाप्त माना जा रहा है। सीन विलियम्स ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालीफायर 2025 से अपना नाम वापस ले लिया था। बोर्ड को आंतरिक जांच में पता चला है कि सीन विलियम्स नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे हैं। इसी वजह से विलियम्स ने संभावित डोपिंग रोधी परीक्षण के दौरान खुद को अनुपलब्ध बताया था। अब वह स्वेच्छा से रिहैब कर रहे हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'सभी अनुबंधित खिलाड़ियों से व्यावसायिकता, अनुशासन और टीम प्रोटोकॉल व डोपिंग रोधी नियमों के अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।



■ बोर्ड के इस फैसले से विलियम्स का अंतराष्ट्रीय करियर समाप्त माना जा रहा है

# पंजाब राज्य जूनियर खो-खो में पटियाला ने जीते लड़के और लड़कियों के खिताब

**होशियारपुर,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पटियाला ने 2 और 3 नवंबर, 2025 को रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित पंजाब राज्य जूनियर खो-खो चैंपियनशिप 2025 में लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन होशियारपुर खो-खो एसोसिएशन द्वारा पंजाब खो-खो एसोसिएशन और भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें 15 जिलों की अंडर-18 टीमों ने हिस्सा लिया था।लड़कियों के वर्ग में, पटियाला ने फाइनल में संगरूर को 18-4 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। तीसरे स्थान के मैच में, होशियारपुर ने मुक्तसर को 22-18 से हराकर घरेलू दर्शकों के सामने चैंपियनशिप का शानदार समापन किया। व्यक्तिगत प्रदर्शन में, पटियाला की स्नेहप्रीत कौर को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर और संगरूर की जशनप्रीत कौर को सर्वश्रेष्ठ अटैकर का पुरस्कार मिला।लड़कों के वर्ग में पटियाला ने अपना दबदबा कायम रखते हुए फाइनल में जालंधर को 22-7 से हराकर चैंपियनशिप में अपना डबल पूरा किया, जबकि तीसरे स्थान के प्लेऑफ में, होशियारपुर ने लुधियाना को एक कड़े मुकाबले में 14-12 से हराया।

# सीफर्ट वेस्टइंडीज टी-20 इंटरनेशनल टूर से बाहर




टी-20 इंटरनेशनल सीरीज

■ न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला मैच आज ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगा

**क्राइस्टचर्च,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को बताया कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट उंगली में फ्रैक्चर के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आने वाली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज बुधवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी। एनजेडसी ने एक बयान में कहा, 'सोमवार को वेलिंगटन फायरबर्ड्स के खिलाफ नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए बल्लेबाजी करते समय उंगली में चोट लगने के बाद सीफर्ट रिटायर्ड हर्ट हो गए और बाद में एक्स-रे में उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर का पता चला।' हेड कोच रॉब वाल्टर ने एक और महत्वपूर्ण सीरीज से ठीक पहले सीफर्ट के बाहर होने पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, 'हम सब टिम के लिए बुरा महसूस कर रहे हैं। वह इस टी-20 टीम का एक अहम सदस्य है, क्योंकि वह टॉप ऑर्डर में पावरफुल बैटिंग करता है और विकेटकीपर की भूमिका भी निभाता है, इसलिए अगले पांच मैचों में उसकी कमी खलेगी। उसने हाल की टी-20 सीरीज में दिखाया है कि वह टॉप फॉर्म में आ रहा है, इसलिए यह निराशाजनक है कि एक बड़े इवेंट की तैयारी के बीच यह रुक गया है।

# आज पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी होंगे आमने-सामने



एआईएफएफ सुपर कप

हमने अब तक ग्रुप चरण में शानदार जज़्बा और निरंतरता दिखाई है, और मुझे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है : पानायियोटिस डिल्मपेरिस

■ यह अंतिम ग्रुप मैच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित होगा

**फातोर्दा,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी के बीच एआईएफएफ सुपर कप के ग्रुप सी में आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, फातोर्दा में 'निर्णायक' मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के छह-छह अंक और समान गोल अंतर होने के कारण यह अंतिम ग्रुप मैच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित होगा। अगर मुकाबला निर्धारित समय में ड्रॉ रहता है तो ग्रुप विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से होगा। पंजाब एफसी ने अपने ग्रुप चरण की शुरुआत गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ 3-0 की आसान जीत से की थी, जिसमें निखिल प्रभु, प्रिंसटन रेबेलो और गुरसिमरत सिंह के आत्मघाती गोल की बदौलत जीत मिली। इसके बाद उन्होंने मोहम्मडन एससी को 3-0 से हराया, जिसमें निंथोइंगानबा मीतई, समीर ज़ेल्ज़कोविक और मंगलेनथांग किपगेन ने गोल किए। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी ने मोहम्मडन एससी को 2-0 से हराकर अभियान की शुरुआत की और फिर गोकुलम केरल एफसी को 4-0 से पराजित किया।मुकाबले से पहले पंजाब एफसी के मुख्य कोच पानायियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, 'हमने अब तक ग्रुप चरण में शानदार जज़्बा और निरंतरता दिखाई है, और मुझे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है। बेंगलुरु एफसी एक मजबूत टीम है, जिनके पास अनुभव और गुणवत्ता दोनों हैं, लेकिन हमारा ध्यान अपने खेल पर है। जिस तीव्रता के साथ हम यहां तक पहुंचे हैं, उसी को बरकरार रखना होगा। हर खिलाड़ी जानता है कि इस मैच की अहमियत क्या है और हम सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सब कुछ झोंक देंगे।

# संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण पदक

यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। हैटसन बैडमिंटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया।विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिंटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।हैटसन बैडमिंटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया: 'ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' ऋत्विक को बधाई देते हुए, हैटसन एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष,आर.जी. चंद्रमोगन ने कहा, 'ऋत्विक की जीत हैटसन बैडमिंटन सेंटर की स्थापना के पीछे के दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। हम भारत में होनहार खिलाड़ियों का समर्थन और खेल प्रतिभाओं को विकसित करना जारी रखेंगे।






### भूतिया पुलिस स्टेशन में शुरू हुआ खेल

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री इस साल के अंत में दर्शकों के लिए एक नई रोमांचक हॉरर और कॉमेडी का अनोखा मिश्रण लेकर आ रही है। अभिनेता दिलीप ने वेब सीरीज 'इंस्पेक्शन बंगलो' का ट्रेलर मंगलवार को जारी किया। ट्रेलर ने दर्शकों की उत्सुकता को दोगुना कर दिया है। इस सीरीज का निर्देशन मलयालम सिनेमा के जाने-माने निर्देशक सैजू एस एस ने किया है, और इसमें अभिनेता शबरीश वर्मा मुख्य भूमिका में हैं। निर्माता और क्रिएटिव टीम का दावा है कि यह केरल की पहली पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज है, जो डर और रहस्य के साथ-साथ हंसी का तड़का भी लगाएगी। कहानी एक पुलिस स्टेशन से शुरू होती है, जहां अजीब और डरावनी घटनाएं होती हैं।

### वैज्ञानिकों ने किया नए शोध में खुलासा

# कमर व लंबाई का अनुपात बताएगा दिल की बीमारी का सही खतरा

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल की बीमारी आज दुनिया भर में सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। कई लोग इसे सिर्फ मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल या हाई ब्लड प्रेशर से जोड़ते हैं, लेकिन एक नई रिसर्च में सामने आया है कि ये तरीके हमेशा सही नहीं होते।

बहुत से लोग जिनका वजन सामान्य या सिर्फ हल्का ज्यादा है, उन्हें यह खतरा नजर नहीं आता। ऐसे लोगों में दिल की बीमारी का खतरा तब भी मौजूद हो सकता है, जब उनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) सामान्य सीमा के अंतर्गत होता है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ-अमेरिकाज में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि कमर का नाप और ऊंचाई का अनुपात (वेस्ट-टू-हाइट), दिल की बीमारी का खतरा पहचानने का सबसे भरोसेमंद तरीका हो सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस खोज के बाद डॉक्टर और आम लोग दिल की बीमारी का खतरा समझने के नए तरीके अपना सकते हैं। यह खासकर उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो बीएमआई के हिसाब से मोटापे की श्रेणी में नहीं आते, लेकिन फिर भी जोखिम में हो सकते हैं।

अमेरिका के पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय के प्रमुख लेखक थियागो बोस्को मेंडेस ने कहा, 'शुरुआती विश्लेषण में बीएमआई, कमर का नाप और ऊंचाई का अनुपात सभी दिल की बीमारी के भविष्य के खतरे से जुड़े दिखे। लेकिन जब



- दिल की बीमारी का खतरा पहचानने का सबसे भरोसेमंद तरीका
- धूम्रपान, व्यायाम, मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल जैसे अन्य आम जोखिम

उम्र, लिंग, धूम्रपान, एक्सरसाइज, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल जैसे अन्य आम जोखिम वाले कारकों को ध्यान से देखा, तो केवल वेस्ट-टू-हाइट का अनुपात ही भविष्यवाणी करने वाला महत्वपूर्ण उपाय बनकर सामने आया। शोध में 2,721 वयस्कों का डाटा शामिल किया गया, जिन्हें कोई हृदय रोग नहीं था। इन लोगों को पांच साल से अधिक समय तक ट्रैक किया गया ताकि देखा जा सके कि कौन सी माप दिल की बीमारी के खतरे की सही पहचान करती है। परिणामों से पता चला कि यह तरीका खासकर उन लोगों में काम करता है जिनका बीएमआई 30 से कम है। ऐसे लोग अक्सर खुद को मोटापे या दिल की बीमारी के जोखिम में नहीं समझते, लेकिन वेस्ट-टू-हाइट का अनुपात उन्हें सही चेतावनी दे सकता है।

बीएमआई सिर्फ वजन और ऊंचाई के आधार पर गणना करता है और यह नहीं बताता कि शरीर में फैट कहां जमा हुआ है। पेट के चारों ओर जमा फैट, जिसे सेंट्रल ओबेसिटी कहा जाता है, दिल की बीमारी से सीधे जुड़ा होता है। वेस्ट-टू-हाइट का अनुपात इस सेंट्रल फैट को दर्शाता है और इसलिए यह दिल की बीमारी का बेहतर संकेतक माना जा सकता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि जिन लोगों का बीएमआई 30 से कम था, लेकिन उनका वेस्ट-टू-हाइट का अनुपात 0.5 से ज्यादा था, उन्हें भविष्य में कोरोनरी आर्टरी कैल्सिफिकेशन यानी दिल की धमनियों में कैल्शियम जमा होने का खतरा अधिक था। यह दिल की बीमारी का एक प्रमुख संकेतक है। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में मेडिसिन के एसोसिएट प्रोफेसर और वरिष्ठ लेखक मार्सियो बिट्टनकोर्ट ने कहा कि वेस्ट-टू-हाइट के अनुपात का इस्तेमाल एक सरल और प्रभावशाली स्क्रीनिंग टूल के रूप में किया जा सकता है।

# डेंगू से बचाव बेहद जरूरी

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बरसात के मौसम के बाद से ही डेंगू की शुरुआत हो जाती है, और अक्टूबर-नवम्बर तक डेंगू बच्चों से लेकर बड़ों तक को संक्रमित करता है। डेंगू मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है और शरीर में तेज बुखार, जोड़ों में तेज दर्द, उल्टी और त्वचा पर चकत्ते निकलना और आंखों के पीछे दर्द जैसे कई लक्षण दिखते हैं, लेकिन कुछ तरीकों से डेंगू के बुखार से बचाव किया जा सकता है।

खुद को मच्छरों से बचाने के लिए कपूर और नारियल के तेल को आंच पर हल्का गर्म कर लें और एक मिश्रण तैयार कर लें। इसे ठंडा होने पर अपने हाथ-पैरों पर लगाएं, जहां मच्छर काटने की संभावना ज्यादा होती है। इस मिश्रण से शरीर पर एक परत तैयार हो जाएगी, जिसकी महक से मच्छर पास नहीं आते। कपूर की महक मच्छरों को पसंद नहीं है। इसका इस्तेमाल बड़ों से लेकर बच्चों तक पर किया जा सकता है। अगर किसी को डेंगू हो गया है, तो मुंह में छोटी इलायची रखना अच्छा होता है। हरी इलायची में एंटीऑक्सिडेंट और सूजन-रोधी गुण होते हैं, जो रक्त को शुद्ध करने का काम करते हैं। इसके




- देसी नुस्खों से पाया जा सकता है आराम
- डेंगू होने पर मुंह में छोटी इलायची रखना अच्छा

लिए मुंह के अंदर दोनों तरफ इलायची को रखें लेकिन उसे निगलें नहीं, बस चूसते रहें। इससे बुखार में आराम मिलेगा और प्लेटलेट्स भी बराबर रहेंगे। इसके साथ ही पपीते के पत्तों का रस भी शामिल कर सकते हैं। डेंगू होने पर सबसे ज्यादा कमी प्लेटलेट्स में आती है और सही संख्या में प्लेटलेट्स को बनाए रखने के लिए पपीते के पत्तों को उबाल कर काढ़ा बनाकर लेना चाहिए। इससे प्लेटलेट्स की संख्या सामान्य रहेगी। इसके साथ ही गिलोय का रस और धनिए का पानी भी लिया जा सकता है।

**डेंगू में राहत पाने के करें आहार परिवर्तन**

डेंगू हो जाने पर आहार में भी परिवर्तन लाना चाहिए। इसके लिए सूप, मूंग दाल का दलिया, नारियल पानी, नींबू पानी और शहद जैसी चीजों का सेवन करना चाहिए। डेंगू हो जाने के बाद शरीर में बहुत कमजोरी हो जाती है।

# चिंपांजी केवल औजार बनाना ही नहीं, इस्तेमाल में भी माहिर



**नई दिल्ली,** 3 नवम्बर (एजेंसियां)। घने जंगलों में रहने वाला चिंपांजी केवल औजार बनाना ही नहीं जानता बल्कि उसके बखूबी इस्तेमाल में भी माहिर है और दुनिया इस सच से 4 नवम्बर 1960 को रूबरू हुई। एक युवा ब्रिटिश महिला ने ऐसा दृश्य देखा जिसने विज्ञान की सोच और इंसानियत की परिभाषा बदल दी। वह थीं जेन गुडॉल, और उस दिन उन्होंने देखा कि एक चिंपांजी पेड़ की डाल तोड़कर उससे पत्ते हटाकर उसे दीमक के बिल में डाल रहा था। कुछ ही क्षण बाद जब उसने टहनी बाहर निकाली, तो उस पर चिपके दीमक उसने चाट लिए।

### चिंपांजी ने 'टूल' बनाया

### जेन गुडॉल ने अनोखे संसार से रूबरू कराया

यह एक साधारण घटना लग सकती थी, लेकिन असल में यह एक ऐतिहासिक खोज थी। जेन ने महसूस किया कि वह चिंपांजी 'टूल' बना रहा था, यानी एक ऐसी चीज जो तब तक केवल मनुष्यों की पहचान मानी जाती थी।

ब्रिटिश पुराजीव विज्ञानी लुई लीकी को जब जेन ने यह बताया, तो उनका जवाब इतिहास में दर्ज हो गया- 'अब या तो हमें इंसान को पुनर्परिभाषित करना होगा, या स्वीकार करना होगा कि चिंपांजी भी इंसान हैं।' उस पल से मानव-विज्ञान और पशु-व्यवहार विज्ञान में एक नया अध्याय शुरू हुआ। दुनिया ने समझा कि बुद्धि, संवेदना और संस्कृति जैसी भावनाएं केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति के अन्य जीवों में भी मौजूद हैं। अपनी किताब 'रीजन फॉर होप: ए स्पिरिचुअल जर्नी' (2000) में जेन ने चिंपांजियों के व्यवहार को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि हमने पाया कि उनमें भी क्रूरता हो सकती है। वे हमारी तरह, प्रकृति का एक बेहद अंधकारमय पहलू हैं।

जेन गुडॉल ने अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा अफ्रीका के गॉम्बे नेशनल पार्क में चिंपांजियों के बीच बिताया। बिना किसी औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के, उन्होंने वर्षों तक उनकी भाषा, भावनाओं और रिश्तों को देखा, समझा और दर्ज किया। वह जंगल में रहने वाले जीवों को 'शोध विषय' नहीं, बल्कि 'परिवार' की तरह देखती थीं। उनके कैमरे और नोटबुक ने विज्ञान को एक नई संवेदना दी।

# बढ़ती उम्र में सेहत का सबसे आसान असरदार मंत्र कपालभाति

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बढ़ती उम्र के साथ सेहत का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है और प्राणायाम को जीवन ऊर्जा का मुख्य स्रोत माना गया है। इनमें से ही एक शक्तिशाली और लोकप्रिय अभ्यास है कपालभाति। संस्कृत में, 'कपाल' का अर्थ है मस्तिष्क/ललाट और 'भाति' का अर्थ है चमक या तेज। विशेषज्ञों का मानना है कि यह शरीर और मन को स्वस्थ रखने का प्रभावी तरीका है। यह न सिर्फ कई बीमारियों से बचाता है, बल्कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से बचाने का भी एक प्रभावी तरीका है। अगर आप अपनी दिनचर्या में योग शामिल करना चाहते हैं, तो कपालभाति से बेहतर कुछ नहीं है।




इसे करने का तरीका बहुत सिंपल है। इसे करने के लिए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं और अपने दोनों हाथ को घुटनों पर रख दें और गहरी सांस लें, जिसे हल्के फोर्स से सांस बाहर छोड़ें और पेट पर फोकस शुरू करें। शुरू में धीमी गति से करें, फिर अभ्यास के साथ स्पीड बढ़ाएं। रोजाना कुछ मिनट करें, फर्क खुद महसूस होगा!

भारत सरकार का आयुष मंत्रालय भी इसकी पुष्टि करता है कि कपालभाति को यदि सही तरीके से किया जाए, तो यह आपके दिमाग को शांत रखने के साथ ही कई बीमारियों को भी दूर करता है। यह 20 प्रकार के कफ विकारों को समाप्त करता है और पाचन में सुधार करता है। साथ ही श्वसन मार्ग को साफ करता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है, रक्त संचार में सुधार करता है और मानसिक रूप से शांत करने में मदद करता है। कपालभाति पेट के अंगों को सक्रिय करता है, पाचन तंत्र मजबूत होता है और फैट तेजी से जलता है।

# कब्ज से लेकर मधुमेह तक की दवा है हरीतकी

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। आयुर्वेद में कुछ जड़ी-बूटियां ऐसी हैं, जिन्हें अमृत समान माना गया है और हरीतकी उन्हीं में से एक है। संस्कृत में इसे अभया कहा गया है, यानी जो भय को दूर करे। यह त्रिफला का एक अहम हिस्सा है और शरीर को जवान, स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने वाली औषधियों में गिनी जाती है। हरीतकी दरअसल एक पेड़ का फल है जो भारत, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण एशिया के कई हिस्सों में पाया जाता है। आयुर्वेद में इसे त्रिदोषहर माना गया है जो वात, पित्त और कफ तीनों को संतुलित करती है।

हरीतकी स्वाद में थोड़ी कसैली होती है, लेकिन इसके फायदे इतने हैं कि इसका स्वाद जल्दी ही आदत बन जाता है। इसे पाचन सुधारने, शरीर से विषैले तत्व निकालने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जाना जाता है। अगर आपको कब्ज की समस्या रहती है, तो रात को एक चम्मच हरीतकी चूर्ण गुनगुने पानी



- वात, पित्त और कफ तीनों को करती है संतुलित
- रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में फायदेमंद

या दूध के साथ लेने से पेट साफ रहता है और शरीर हल्का महसूस होता है। मुंह के छाले या बदबू में यह बेहद असरदार है। हरीतकी चूर्ण से कुल्ला करने पर मुंह की सफाई होती है और छालों में आराम मिलता है। बाल झड़ने या डैंड्रफ की परेशानी में भी हरीतकी फायदेमंद है। इसे आंवला और रीठा के साथ उबालकर उस पानी से बाल धोने से बाल मजबूत होते हैं और डैंड्रफ कम होता है। वहीं, त्वचा रोग जैसे खुजली, फोड़े-फुंसी या एक्जिमा में हरीतकी, हल्दी और नीम की पत्तियों का लेप लगाना बहुत कारगर है। डायबिटीज के मरीज सुबह खाली पेट इसका सेवन करें तो ब्लड शुगर नियंत्रण में रहता है। हरीतकी का एक और फायदा है, पाचन और मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखना। सेंधा नमक और अदरक के साथ इसका सेवन गैस, अपच और भारीपन से राहत देता है। वजन घटाने में भी यह मदद करती है। शहद और गुनगुने पानी के साथ लेने पर यह मेटाबॉलिज्म तेज करती है और फैट बर्न करने में मदद करती है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए हरीतकी को पानी में भिगोकर उस पानी से आंखें धोना भी उपयोगी है।

# देव दीपावली पर्व आाज

### गंगा स्नान, व्रत, दान और चंद्रमा को अर्घ्य देने की परंपरा

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 5 नवम्बर शाम 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगी। इसके बाद अगहन महीने की प्रतिपदा तिथि शुरू हो जाएगी। इस दिन देव दीपावली, गुरु नानक जयंती, पुष्कर स्नान और कार्तिक पूर्णिमा व्रत हैं।

द्रिक पंचांग के अनुसार, बुधवार को अभिजीत मुहूर्त कोई नहीं है और राहुकाल का समय दोपहर 12 बजकर 4 मिनट से शुरू होकर 1 बजकर 27 मिनट तक रहेगा।

देव दीपावली का उल्लेख शिव पुराण और पद्म पुराण में मिलता है। शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था, जिसके बाद देवताओं ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन काशी में दीप जलाकर देव दीपावली मनाई थी।

इस दिन भोलेनाथ की स्तुति और राम भक्त हनुमान की पूजा करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करने से हनुमान भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं। ज्योतिष के अनुसार, देव दीपावली पर राहु-केतु, मंगल, गुरु, बुध और शनि ग्रहों से दोषों को दूर करने के लिए विशेष उपाय भी किए जाते हैं। इसके अलावा, घर में वास्तु दोष दूर करने और सुख समृद्धि पाने के लिए घर के हर कोने में गंगाजल का छिड़काव करना लाभकारी होता है।

कार्तिक माह को दामोदर मास भी कहते हैं। इस दिन गंगा स्नान, व्रत, दान और चंद्रमा को अर्घ्य देने की परंपरा है। मान्यता है कि भगवान विष्णु मत्स्य रूप में जल में विराजमान रहते हैं, इसलिए दीपदान किया जाता है। इसके अलावा वैकुंठ चतुर्दशी के पूजन का भी



विशेष महत्व है, जब भगवान विष्णु ने भगवान शिव का पूजन किया था।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का जन्म भी 1469 में कार्तिक पूर्णिमा को हुआ था। इसे गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। सिख समुदाय सुबह अमृत वेला में गुरुद्वारों में एकत्रित होकर कीर्तन, लंगर और नगर कीर्तन निकालते हैं। साथ ही स्वर्ण मंदिर, अमृतसर में विशेष आतिशबाजी और प्रकाश व्यवस्था होती है।

# डेब्यू से पहले ही बॉलीवुड की सुर्खियों में छाई रहीं खुशी कपूर

**मुंबई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड में अक्सर कहा जाता है कि स्टारकिड्स को शुरुआत से ही पहचान मिल जाती है, लेकिन कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जिन्होंने कैमरे के सामने आने में वक्त तो लिया, मगर लोगों की नजरों से कभी ओझल नहीं हुए। इनमें दो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहे: पहला अथिया शेट्टी और दूसरा नाम है खुशी कपूर। दोनों ही अपने-अपने दौर की नई पीढ़ी की एक्ट्रेस हैं, जिनकी फिल्मों से पहले ही उनके लुक्स, स्टाइल और पारिवारिक पृष्ठभूमि ने उन्हें चर्चा में ला दिया था। भले ही इन्होंने फिल्मों में देर से कदम रखा हो, लेकिन दोनों लाइमलाइट में हमेशा बनी रहीं।

अथिया शेट्टी का जन्म 5 नवम्बर 1992 को मुंबई में हुआ था। वह बॉलीवुड के एक्शन हीरो सुनील शेट्टी और फैशन डिजाइनर माना शेट्टी की बेटी हैं। फिल्मी माहौल में पली-बढ़ी होने के चलते अथिया का झुकाव हमेशा से एक्टिंग की ओर रहा। उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई मुंबई के अमेरिकन स्कूल ऑफ बॉम्बे से की, जहां उनके साथ श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ जैसे स्टार्स भी पढ़ते थे। एक्टिंग में करियर बनाने के लिए अथिया न्यूयॉर्क गईं और न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी से अभिनय की पढ़ाई पूरी की।

वहीं, खुशी कपूर का जन्म 5 नवम्बर 2000 को हुआ था। वह मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी और निर्माता बोनी कपूर की बेटी हैं। फिल्मी दुनिया में जन्म लेने के बावजूद खुशी ने भी अपने करियर की शुरुआत के लिए समय लिया। उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई मुंबई से की और बाद में न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी में एक साल का एक्टिंग कोर्स किया। अपनी मां की तरह खुशी भी हमेशा कैमरे के सामने आत्मविश्वास से भरी दिखीं।



इन दोनों के बीच सबसे बड़ी समानता यह रही कि दोनों ने बॉलीवुड में अपने डेब्यू से पहले ही खूब सुर्खियां बटोरीं। अथिया ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान प्रोडक्शन की फिल्म 'हीरो' से की, जो 2015 में रिलीज हुई और जिसे निखिल आडवाणी ने निर्देशित किया। उस समय वह सोशल मीडिया पर अपने स्टाइल और लुक्स को लेकर चर्चा में रहती थीं। वहीं, खुशी कपूर ने भी अपने डेब्यू से बहुत पहले ही 'स्टार किड्स ऑफ बॉलीवुड' की चर्चित लिस्ट में जगह बना ली थी। उनके फैशन सेंस, पब्लिक अपीयरेंस और सोशल मीडिया पोस्ट्स ने उन्हें फिल्मी पहचान से पहले ही लोकप्रिय बना दिया था।

अथिया की पहली फिल्म 'हीरो' में उनके अपोजिट सूरज पंचोली थे। फिल्म एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा थी, जिसमें अथिया ने राधा माथुर का किरदार निभाया। यह फिल्म सुभाष घई की 1983 की क्लासिक फिल्म का रीमेक थी। हालांकि यह बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी हिट नहीं रही, लेकिन इससे अथिया को पहचान मिली। अपने डेब्यू के लिए उन्हें स्टारडस्ट अवार्ड में 'सुपरस्टार ऑफ टुमारो- फीमेल' के लिए नामांकन मिला और साल की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का अवॉर्ड भी सूरज पंचोली के साथ साझा किया।

# फिर से शुरू हुई कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लगभग सात महीने बाद, जिसके कारण पूरे कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग बड़े पैमाने पर रद्द कर दी गई थी, घाटी ने एक बार फिर दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग से एक फिल्म क्रू का स्वागत किया है, जो इस क्षेत्र में सिनेमाई पर्यटन के लिए एक उल्लेखनीय पुनरुद्धार का प्रतीक है।

इस फिल्म का शीर्षक अभी गुप्त रखा गया है, और इसकी शूटिंग श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर के विभिन्न खूबसूरत स्थानों पर की जा रही है। यह परियोजना उन फिल्म निर्माताओं के बीच नए आत्मविश्वास का संकेत देती है, जिन्होंने स्थानीय फिल्म और पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र को हिला देने वाले हमले के बाद पहले अपने शेड्यूल को पीछे खींच लिया था।

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद, कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग बड़े पैमाने पर रद्द कर दी गई थी**

पत्रकारों से बात करते हुए, इस परियोजना से जुड़े एक कास्टिंग निर्देशक ने कहा कि यह शूटिंग क्षेत्र में फिल्म गतिविधि के लिए एक सकारात्मक पुनः आरंभ का प्रतीक है। पहलगाम हमले के बाद, कई प्रोडक्शन हाउस ने सुरक्षा चिंताओं के कारण कश्मीर में अपनी शूटिंग रोक दी थी। घाटी से बाहर से होने के कारण, हालांकि



शुरुआत में हमें कुछ आशंकाएं थीं, लेकिन यहां आने के बाद, अनुभव पूरी तरह से सकारात्मक रहा। लोग सहयोगी हैं, माहौल सुरक्षित लगता है, और स्थानीय लोगों का समर्थन अविश्वसनीय रहा है, उन्होंने आशा व्यक्त की कि जल्द ही और क्रू भी यहां आएंगे। फिल्म के निर्देशक और मुख्य कलाकार, जो वर्तमान में शूटिंग में व्यस्त हैं, ने कहा कि शुरुआत में उन्हें घाटी के हालात को लेकर चिंताएं थीं, लेकिन पहुंचने पर उन्हें सुखद आश्चर्य हुआ।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इस साल की शुरुआत में जो कुछ हुआ था, उसे देखते हुए, यहां आने से पहले हमें कुछ आशंकाएं थीं। लेकिन यहां पहुंचने के बाद, हमें यह जगह सुरक्षित और स्वागत योग्य लगी। लोग बहुत सहयोगी हैं, सुरक्षा व्यवस्था अच्छी है, और हम एक सकारात्मक माहौल में खुलकर काम कर पा रहे हैं।

गौरतलब है कि फिल्म क्रू की वापसी स्थानीय सूत्रधारों, पर्यटन संचालकों और कश्मीर फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों के लिए मनोबल बढ़ाने वाली है। अपने मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों और अनोखे सांस्कृतिक आकर्षण के कारण, यह घाटी लंबे समय से फिल्म निर्माताओं के लिए एक पसंदीदा जगह रही है, चाहे वह क्लासिक बालीवुड हिट फिल्में हों या समकालीन वेब प्रोडक्शन।

जम्मू कश्मीर पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने इस विकास का स्वागत करते हुए इसे पुनः प्राप्त विश्वास का एक सकारात्मक संकेत बताया। सूत्रों ने बताया कि नवम्बर के अंत और दिसम्बर के महीनों में बालीवुड और क्षेत्रीय उद्योगों सहित कई फिल्म परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं।